Pearls of Ramayana

रामायण के मोती

प्रधान सम्पादक: ओमप्रकाश गुप्ता

Chief Editor: Omprakash Gupta

श्री राम चरित भवन

Shri Ram Charit Bhavan

रामायण के मोती

Pearls of Ramayana

जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि।
बंदउँ सब के पद कमल सदा जोरि जुग पानि।।

सहायक सम्पादक Associate Editors

प्रभुदयाल मिश्र Prabhudayal Mishra
मधु चतुर्वेदी Madhu Chaturvedi
रजत अग्रवाल Rajat Agrawal
राम मल्लिक Ram Mallik
सी. कामेश्वरी C. Kameswari
सुभाष शर्मा Subhash Sharma

प्रबंध सम्पादक Managing Editor

शिवप्रकाश अग्रवाल Shivprakash Agrawal

प्रधान सम्पादक Chief Editor

ओमप्रकाश गुप्ता Omprakash Gupta

प्रकाशक
श्री राम चरित भवन
ह्यूस्टन, यू.एस.ए.
Publisher
Shri Ram Charit Bhavan
Houston, USA

प्रथम संस्करण 2021
First Edition 2021

ISBN: 978-1-7362088-1-6

पुस्तक में निहित विषयवस्तु, तथ्य, विचार अथवा विश्लेषण के लिए उसके लेखक पूर्ण रूप से उत्तरदायी हैं। इसके समस्त अधिकार भी लेखकों के पास सुरक्षित हैं। प्रकाशक अथवा संपादक मंडल की विषयवस्तु के प्रति सहमति और उत्तरदायित्व नहीं है। पुस्तक या उसके किसी भी अंश का पुनर्प्रस्तुतिकरण किसी भी माध्यम से स्वीकार्य नहीं होगा। चाहे यांत्रिक माध्यम हो या इलैक्ट्रॉनिक; जानकारी का संचयन लिखित आज्ञा लिए बिना नहीं किया जाना चाहिए। केवल एक समीक्षक को समीक्षा में आंशिक उदधृत करने की छूट रहेगी।

The contents, facts, views, and analysis in this work are entirely the responsibility of the authors and they reserve all rights. Neither the editorial board nor the publisher is responsible of contents by the authors. No part of this book may be reproduced in any form on by an electronic or mechanical means, including information storage and retrieval systems, without permission in writing, except by a reviewer who may quote brief passages in a review.

प्रकाशन सहयोगी Publishing Sponsors
राम-सरस्वती मल्लिक Ram and Saraswati Mallik
कपिल जोशी Kapil Joshi
संजीव शंकर दुबे Sanjiva Shankar Dubey
विनीता मिश्रा Vinita Mishra

॥ जय सिया राम ॥

हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता।। (मानस 1.140. C5)

गोस्वामी तुलसीदास जी ने बालकांड के आरंभ में ही हमें बताया कि परमात्मा अनंत हैं, उनकी कथाएँ भी अनंत हैं; संत जन उन कथाओं को विविध प्रकार से कहते हैं, सुनते हैं। लगभग 500 वर्ष पूर्व कही गई यह बात आज भी उतनी ही सार्थक, उचित और प्रासंगिक है, जितनी वह तब थी। भगवान राम की कथा विविध प्रकार से हजारों वर्षों से कही जा रही है। महर्षि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम राम कथा को काव्य रूप में लिखा जो रामायण के नाम से हजारों सालों बाद भी बड़े आदर से पढ़ी जाती है। चूँकि रामायण विश्व की प्रथम काव्य रचना थी, इसके रचयिता वाल्मीकि ऋषि विश्व के आदिकवि बने और रामायण आदिकाव्य।

रामायण से प्रेरित होकर अनगिनत लेखकों और कवियों ने अपनी-अपनी मति के अनुसार विविध भाषाओं में भगवान राम की कथा का वर्णन किया है। जनभाषा अवधी में लिखी गोस्वामी तुलसीदास कृत 'श्री रामचरितमानस' पहले भारत में, फिर समस्त विश्व में अत्यधिक प्रचलित हुई। आज भी विश्व के कोने-कोने में श्री रामचरितमानस का अध्ययन व पाठ होता है।

महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास व अन्य सैंकड़ों संतों से प्रेरित होकर भगवान राम की कथा को जानने, समझने और उसका प्रचार-प्रसार के लिए 2008 में ह्यूस्टन, अमेरिका में 'श्री राम चरित भवन' संस्था ने जन्म लिया। संस्था की विविध गतिविधियों में एक थी 'श्री राम चरित मंथन', जिसने शनै: शनै: वार्षिक गोष्ठी का रूप लिया। श्री राम चरित भवन ने रामायण में शोध-कार्य को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन आरंभ किया। पहला अधिवेशन बैंगलोर में 2015 में हुआ। इसके बाद दो अधिवेशन जयपुर और अहमदाबाद में हुए। अगला अधिवेशन कोरोना-काल के कारण अनलाइन स्वरूप में अप्रैल 2021 में होने जा रहा है।

इन अधिवेशनों में देश-विदेश के अनेक विद्वगण ने श्री राम के चरित्र तथा राम-कथा पर अपने-अपने विश्लेषणात्मक विचार प्रस्तुत किए। रामकथा की अंतर्कथाओं का शोधात्मक दृष्टिकोण व आध्यात्मिक अवधारणा भी प्रस्तुत की गई। गणमान्य विचारकों के सर्वथा नवीन विचारों को रामप्रेमियों व श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक सराहना मिली। इन अधिवेशनों की अपार सफलता से यह भाव जागृत हुआ कि इन में प्रस्तुत किए गए उत्कृष्ट विचारों का एक पुस्तक रूप में संकलन हो जिससे अन्य सुधीजन भी इससे लाभान्वित हो सकें। फलस्वरूप, इस पुस्तक की रचना हुई, जो आप के करकमलों में है। रामायण के मोती में 28 आलेख हैं, जिनका चयन सम्पादक मण्डल के सदस्य व कई अन्य विद्वान साथियों ने बड़ी सावधानी और विवेक के साथ

किया है। इन में 16 हिन्दी में और 12 अंग्रेजी में हैं। ये लेख 5 देशों (भारत, यूनाइटेड किंगडम, यू.ए.ई., मलेशिया और यू.एस.ए.) में बसे रामायण प्रेमियों द्वारा लिखे गए हैं। इससे यह बात तो सिद्ध होती है कि राम और रामायण मात्र भारत के नहीं अपितु विश्वव्यापी हैं।

अनेक दिव्य आत्माओं के प्रोत्साहन और समर्थन के बिना 'रामायण के मोती' का गठन संभव नहीं था, इस प्रक्रिया में उन सबका मैं बड़ा ऋणी हुआ। उन सब लेखकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस संग्रह के लिए अपनी-अपनी रचनाएँ भेजीं, और उन से क्षमाप्रार्थी हूँ जिनकी रचनाएँ हम सम्मिलित न कर सके। सब से अधिक ऋणी तो अपने संपादक मित्रों का हूँ जिन के कारण यह संकलन संभव हुआ। आदरणीय श्री प्रभु दयाल मिश्र, डॉ मधु चतुर्वेदी, डॉ रजत अग्रवाल, श्री राम मल्लिक, डॉ सी. कामेश्वरी, डॉ सुभाष शर्मा, आप सब के घोर व अथक परिश्रम के परिणाम से ही यह 'रामायण के मोती' संभव हुआ है। आप के योगदान को सराहने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। भगवान श्री रामचंद्र जी आप सब पर सदैव अनुकंपा बनाएँ रखें, यही मेरी हार्दिक प्रार्थना है।

अंत में, अपने साकेतवासी माता-पिता और सभी गुरुओं के चरण कमलों को सादर प्रणाम करता हूँ जिनके आशीर्वाद के बिना मेरे जीवन में कुछ भी संभव नहीं। यद्यपि पूरा प्रयास रहा है कि पुस्तक में त्रुटियाँ न रहें, तथापि जो भी त्रुटियाँ रह गईं हों उनके लिए मैं अकेला दोषी हूँ, अत: क्षमाप्रार्थी हूँ। 'रामायण के मोती' के विषय में आपके विचारों की प्रतीक्षा रहेगी। जय सिया राम।

सादर,
ओमप्रकाश गुप्ता
प्रधान सम्पादक
ह्यूस्टन, यू.एस.ए.
रामनवमी 2021

अनुक्रमणिका

राम और राजधर्म 1
रामलक्ष्मण गुप्त

मानस के तुलसी और जन मानस के गांधी का रामराज्य 5
मधु चतुर्वेदी

सीता का परित्याग: मर्यादा की पराकाष्ठा 11
विनीता मिश्रा

राम चरित के विकास में नारियों का योगदान 17
सरस्वती मल्लिक

हनुमानजी की व्यक्ति पहचानने की कला 27
आदित्य शुक्ल

त्यागहु तम अभिमान 33
अलका प्रमोद

विश्व में रामकथा की पताका 39
राजेश श्रीवास्तव

हरि अनंत हरिकथा अनंता 46
शैल अग्रवाल

रामराज्य की पूर्व पीठिका भरत-राज्य 55
प्रभुदयाल मिश्र

रावण का लक्ष्मण को नीति-ज्ञान 60
मंगलेश मुजमेर 'मंगल'

महात्मा गाँधी एवं रामायण 63
सी. कामेश्वरी, सपना सिंह

"हनुमान चालीसा" का विश्लेषणात्मक अध्ययन 68
राजीव रंजन

रामायण में वर्णित नदियाँ 73
सी. कामेश्वरी, के. मीना रानी

मानस की रामगीता और भगवद्गीता का तुलनात्मक विवेचन 82
सरस्वती मल्लिक

अग्र से समग्र तक 87
आरती 'लोकेश'

होइहि सोइ जो राम रचि राखा 92
Vinay Sharma, Rajat Agrawal

Ramcharitmanas: A Book of Knowledge for Managers 98
Sanjiva Shankar Dubey

Ram Rajya and Gandhi's Vision of India 101
Ram Mohan Lal Mallik

Rāmakathā and Concept of Rāmarājya 107
Vijaya Sati

Ramayana and Conservation of Nature 111
Kapil Kumar Joshi

Glory of Lord Hanuman 121
Ram Mohan Lal Mallik

Father's Order verses Brother's Desire 127
Atul Kumar Gupta

Ram Rajya Vision: An Analytical Perspective 133
Subhash Sharma

Achieving Sustainability through Gandhi's RamRajya 141
Rajat Agrawal, Vinay Sharma

Eight Kingdoms for Eight Princes 146
Saroj Bala

Relevance of Ramayana in Modern Times 155
Vijay Kumar Mehta

Mahatma and Rama – The Global Icons 160
K. Meena Rani

Jatayu and His Lessons on Selfless Service 165
Balakrishnan Muniapan

राम और राजधर्म

रामलक्ष्मण गुप्त

प्रो. रामलक्ष्मण गुप्त शिक्षा, अध्यात्म एवं संस्कृति के क्षेत्र में एक सुपरिचित नाम है। एक अंग्रेजी प्राध्यापक के रूप में अपनी जीवन वृत्ति प्रारम्भ करने वाले कालांतर में उद्योग-प्रबंधन से जुडने वाले श्री गुप्त तुलसी मानस संस्थान के अध्यक्ष एवं संस्थान की द्विमासिक पत्रिका तुलसी सौरभ के संपादक हैं। संस्थान के माध्यम से उन्होंने अनेक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक पुस्तकों का प्रकाशन किया है। सांस्कृतिक विषयों में उनकी गहरी रुचि है और संस्कृति के पुष्पन, पल्लवन एवं संरक्षण में वे विशेष रूप से प्रयासरत रहते हैं।

जन सामान्य के मन में एक राजा की जो छबि सामान्यत: उभरती रही है वह तो एक वैभव सम्पन्न, बिलासिता में आकंठलिप्त, ऐश्वर्य, प्रवल शक्ति, एकाधिकारपूर्ण प्रभुत्व आदि के स्वामी के रूप में रही है।

राम राज्य के आदि प्रणेता राम तो इससे सर्वथा भिन्न हैं। राम एक ऐसे तपोमूर्ति राजा हैं जिनके लिए प्रजा-हित सर्वोपरि है। वह तो प्रजा के लिए ही जीते हैं ऑर उनके कर्म का आधार परोपकार है, सेवा है। ‘राजा राम’ का अर्थ है कल्याणकारी एवं रक्षक राम, जन-सेवक राम, आर्तजन की पीड़ा हरनेवाले राम। राम कहते भी हैं:

परहित बस जिनके मन माहीं । तिन्ह कहुँ जग दुर्लभ क्छु नाहीं ॥

शुक्राचार्य अपने ग्रंथ ‘नीतिसार’ में कहते हैं कि “न राम सद्दशो राजा पृथिव्यां नीतिवान् भूत्” ‘राम के समान राजा पृथ्वी पर न कोई हुआ है ऑर न कभी होना संभव ही है।’ यह भी लिखा है: “नदीषु गंगा नृपतौ च राम:” यानी नदियों में गंगा और राजाओं में राम सद्दश कोई दूसरा इस पृथ्वी पर आज तक नहीं हुआ।

राम जिन सिद्धांतों का पालन करते हैं, जिनपर चलते हैं वे उनके द्वारा प्रतिपादित कोई नए सिद्धान्त नहीं हैं। वह ‘श्रुति पथ पालक धर्म धुरंधर’ हैं, शास्त्रों ने जो पथ निर्धारित किया है वही राम को स्वीकार्य पथ है। वस्तुत: रामराज्य का प्रमुख साधक तत्व है—राजा का आचरण। राम अपने आचरण के द्वारा ही उन आदर्शों के बीज बोते हैं जो ‘रामराज्य’ के विशाल वृक्ष का रूप धारण करता है। राज्य का रूप निर्धारण राजा के व्यक्तित्व पर निर्भर करता है। उसका आदर्श वैयत्तिक व्यवहार ही समाज का उन्नायक होता है।राम जिन आदर्शों पर चलने और उनपर आचरण करने के लिए दूसरों को निर्देशित करते हैं वे उनपर दृढ़ता से स्वयं भी आचरण करते हैं। यही कारण है कि जब आदि कवि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य रामायण में राम के द्वारा कैकेयी को यह कहलवाया कि 'राम: द्विर्नाभिभाषते' तो उनका मन्तव्य स्पष्ट था कि राम 'मनसा वाचा कर्मणा' सदैव एकरूप हैं। जब हम 'राम और राजधर्म' विषय को लेकर चर्चा करते हैं तो इस सत्य का साक्षात्कार हमें हो जाता है।

राम चरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने स्थान-स्थान पर स्वयं राम के द्वारा राज धर्म का सुस्पस्ट रूप प्रस्तुत कराया है। मानस के अयोध्या काण्ड का प्रसंग हैं। कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से दो वरदान मांगने पर राम वनवास जाने से पूर्व माता कौशल्या से विदा लेने हेतु पहुंचे हैं।सीता भी साथ जा रहीं हैं। भाई लक्ष्मण को जब यह पता चलता है तो वह भी साथ चलने के लिए कृतसंकल्प हैं। राम के सामने विकट परिस्थिति है।दो भाई- भरत और शत्रुघ्न अयोध्या में नहीं हैं, वे ननसाल में हैं। राजा दशरथ अपने जीवन की सबसे भयावह परिस्थिति में हैं, वे एक प्रकार से मूर्छाबस्था में हैं।ऐसी स्थिति में राम सोचते हैं कि यदि लक्ष्मण भी वन जाते हैं तो अयोध्या को, प्रजा को यानी राज्य-व्यबस्था को कौन सम्हालेगा। वे लक्ष्मण को राज धर्म समझाते हुए कहते हैं कि भाई! तुम्हें अयोध्या में रहकर सारी राज्य व्यबस्था सम्हालनी चाहिए क्योंकि 'जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी। नृप सो अबसि नरक अधिकारी।।' इसे राजधर्म का प्रथम सिद्धान्त कह सकते हैं। यदि प्रजा दुखी है तो राजा अपने कर्तव्य से विमुख है, वह पापी है, उसे तो अपने पाप का फल भोगने हेतु नरक जाना पड़ेगा। यह अर्द्धाली राजधर्म की प्रारम्भिक व्याख्या कही जा सकती है। राजा का सबसे बड़ा धर्म यही है कि उसके राज्य की प्रजा को कोई कष्ट न हो विशेषकर उसके स्वयं के आचरण से। राम प्रजा के लिए चिंतित हैं, वे चाहते हैं कि लक्ष्मण अयोध्या में ही रहकर प्रजा की देखभाल करें, अन्यथा राज्य व्यवस्था के सुचारुरूप से संचालन न होने पर जन-जन दुखी होंगे और इस सबके लिए वे स्वयं ही उत्तरदायी होंगे।

राम धरम धुरंधर हैं। कह सकते हैं कि राम का राजधर्म ‘रामधर्म’ ही है। भरत का यह कथन: ‘चाहिअ धरमसील नरनाहू’ राजधर्म के सत्य का ही उदघाटन है। और वाल्मीकि कहते हैं: ‘रामो विग्रहवान् धर्म: साधु: सत्यपराक्रम:’ यही कारण है कि राम नीतिवान हैं,उनमें चारों नीतियों-साम,दाम,दण्ड,भेद के प्रयोग की अद्भुत क्षमता है। राम ने अंगद से जानना चाहा था कि वह रावण के चार मुकुट कैसे प्राप्त कर सके तो अंगद ने कहा:

सुनु सर्वज्ञ प्रनत सुखकारी। मुकुट न होहिं भूप गुन चारी।।
साम दाम अरु दंड बिभेदा। नृप उर बसहिं नाथ कह बेदा।।

नीति धर्म के चरन सुहाए। अस जिय जानि नाथ पहिं आए।।

राम प्रजा के प्रति अपने कर्तव्य का कभी भी विस्मरण नहीं करते। वन जाते हुए भी सुमंत्र के द्वारा भरत को संदेश भेजते हैं:

कहब सँदेश भरत के आएँ। नीति न तजिअ राजपाद पाएँ।।
पालेहु प्रजहि करम मन बानी। सेएहु मातु सकल सम जानी।।

मनसा, वाचा, कर्मणा प्रजा के पालन की जो बात भरत को कहलवाई वही सब स्वयं अपने आचरण में धारण कर प्रजा की सेवा की।

अयोध्याकाण्ड के चित्रकूट प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास ने जिस सूक्ष्मतर रूप में मात्र दो दोहों में राम के श्री मुख से भरत को जो कुछ व्याख्यायित कराया है उसे राजधर्म का सार कह सकते हैं। वे दोहे हैं-

सेवक कर पद नयन से मुख सो साहिबु होइ।
तुलसी प्रीति कि नीति सुनि सुकबि सराहहिं सोइ॥ आयो॰306

मुखिआ मुखु सो चाहिए खान पान कहुं एक।
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक॥ आयो. 315

राजधर्म सरबसु एतनोई । जिमि मन माहँ मनोरथ गोई॥ आयो॰ 316-1

दोहा संख्या 306 में मुख को साहब (मुख्य पदाधिकारी) की संज्ञा दी गई है तथा हाथों, पैरों व नेत्रों को सेवक बताया गया है। शरीर के इन अंगों में कितना अद्भुत आपसी सहयोग होता है यह हम सब प्रत्यक्ष प्रतिदिन अनुभव करते हैं। नेत्र देखते हैं और हाथ-पैर सारे कार्य पूरा करते हैं। राज्य के भी सात अंग माने गए हैं:

स्वाम्यमात्यश्च राष्ट्रं च दुर्गं कोशो बलं सुहृत।
परस्परोकारीदं सप्तांगं राज्यमुच्यते ॥

स्वामी (सिर), आमात्य (नैत्र), मित्र (कान), कोश (मुख), राष्ट्र (पैर), दुर्ग (भुजाएँ), सेना (मन) किसी भी राज्य के सुचारु संचालन के लिए इन सातो अंगों को स्वयं स्वस्थ रहना अत्यावश्यक है।

शरीर में मुख की ग्रहण और वितरण की अद्भुत क्षमता है। राम मुख को राजा की भूमिका में देखते हैं; मुख जो कुछ ग्रहण करता है उसके द्वारा सभी अंगों का समान रूप से बिना भेद भाव के विवेकपूर्ण पालन-पोषण किया जाता है। राजा को भी इसी तरह अपनी प्रजा का पालन-पोषण करना चाहिए। राजा करादि प्रजा से ग्रहण करता है तथा उस सबको प्रजा के हित में ही विवेकपूर्ण तरीके से लगा देता है।यहाँ विवेक शब्द बहुत महत्वपूर्ण है। राजा को यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि कहाँ किस बस्तु की कब कितनी आवश्यकता है। जैसे शरीर के विभिन्न अंगों को भिन्न भिन्न मात्रा में भिन्न भिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री की जरूरत होती है उसी प्रकार प्रजा के विभिन्न बार्गों को अलग अलग प्रकार की बस्तुओं की जरूरत होती है।

तुलसीदासजी ने दोहवली में एक दोहा लिखा है जिसमें भाग्य से प्राप्त श्रेष्ठ राजा की कल्पना सूर्य के रूप में की गई है:

बरषत हरषत लोग सब करषत लखै न कोइ।
तुलसी प्रजा सुभाग ते भूप भानु सो होइ॥ दो॰ 508

सूर्य जब जलासयों से जल खीचता है, जल ग्रहण करता है तो जलासयों तक को भी पता नहीं चलता कि कब उनसे जल लेलिया गया । पर जब वही जल बादल बरसातें हैं तब सभी को

हर्ष होता है। जब कोई राजा करादि का प्रजा से इस तरह संचय करता है कि प्रजाजनों को कोई कष्ट नहीं होता और उसी कर राशि को प्रजाजनों के हितार्थ उदारता के साथ व्यय करता है तो सभी को हर्ष होता है। राजा ऐसा ही होना चाहिए। हाँ, ऐसा राजा मिलता भाग्य से ही है।

राम ने अपने भाइयों, लक्ष्मण तथा भरत को जो कुछ कहा उसे उन्होने राजा राम के रूप में अपने आचरण में जिस दक्षता और विवेक के साथ प्रकट किया वह युगों-युगों से लोगों के लिए आदर्श बना हुआ है। जिस रामराज्य का वर्णन तुलसीदास ने किया है वह विश्वभर के लिए आदर्श है।

राम राज बैठें त्रैलोका। हरषित भए गए सब सोका।।
बयरु न कर काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई।।

जिसके सिंहासन पर बैठने से सभी के शोक विदा ले लें, आपसी वैरभाव समाप्त होजाय और जिसके प्रताप से सामाजिक विषमता मिट जाय ऐसा राजा तो बड़े भाग्य से ही मिलता है।'

राम ने जिस राजधर्म के संबंध में लक्ष्मण तथा भरत को उपदेश दिया उसे राम ने स्वयं राजगद्दी पर आसीन होने पर अपने आचरण में ऐसे त्याग और समर्पण के साथ प्रकट किया कि रामराज्य सम्पूर्ण विश्व के लिए अनुकरणीय बन गया। राम चरित मानस के उत्तर कांड में तुलसीदास ने जिस रामराज्य का वर्णन किया है उसमें सब नर-नारी परस्पर प्रेम करते हैं, स्वधर्म का पालन करते हैं और कर्तव्य परायण हैं। राम के पुण्यप्रताप से सब ओर सुख संपन्नता है।

रामराज्य राजतंत्र होते हुए भी प्रजातन्त्र के गुणों से परिपूर्ण है। राम के लिए राज्यसत्ता निरंकुश नहीं है। राज्यसत्ता के ऊपर उसकी नियंत्रक एवं नियामक लोकसत्ता होती है। राम लोकचेतना के प्रतीक हैं। लोकमत राम के लिए सदैव सर्वोपरि था। वे लोगों से कहते हैं कि 'मैं कुछ अनीति करूँ तो आप लोग निर्भय होकर मुझे रोक सकते हैं:

जो अनीति कछु भाषों भाई। तो मोहि बरजेउ भय बिसराई।।

गोस्वामी तुलसीदासजी ने लिखा है और मुनि वसिष्ठ से स्पष्ट कहलवाया है कि नीति, प्रेम, परमार्थ और स्वार्थको राम के समान यथार्थ रूप में कोई नहीं जानता। वे नीति के परमज्ञाता हैं चाहे वह राजनीति हो या धर्मनीति।

नीति प्रीति परमारथ स्वारथु। कोउ न राम सन जान जथारथु।।

मानस के तुलसी और जन मानस के गांधी का रामराज्य

मधु चतुर्वेदी

मान्यता प्राप्त स्वतन्त्र पत्रकार, लेखिका, सौ से अधिक सामयिक लेख, व्यंग्य लेख, कविता विविध पत्रिकाओं में प्रकाशित। आकाशवाणी लखनऊ, आकाशवाणी गांतोक, दूरदर्शन लखनऊ एवं गोरखपुर से नियमित वार्ताएँ। दूरदर्शन गोरखपुर, बंगलौर, सिंगापूर इंडोनेशिया, कोलम्बो में काव्य पाठ। काव्य संग्रह 'सीधी–सीधी, आड़ी तिरछी, कुछ ऊपर की' हिदी वांग्मय निधि से प्रकाशित 'लखनऊ छावनी का इतिहास', बाल कलरव कविता संग्रह, दो बाल कहानी संग्रह, एवं बाल कविता संग्रह का सम्पादन।

"त्वदंध्री मूल ये नराः। भजंति हीन मत्सरा: ।।
पतंतिनो भवार्णवे। वितर्क वीचि संकुले ।।
विविक्त वासिना सदा। भजंति मुक्तये सदा ।।
निरस्य इंद्रियादिकं। प्रयाति ते गतिं स्वकं ।।"

जो मत्सर रहित होकर आपके चरण कमलों का सेवन करते हैं, वे तर्क-वितर्क, संदेह के समुद्र में नहीं गिरते। एकान्तवासी मुक्ति के लिये इन्द्रियादी का निग्रह करके, वे प्रसन्नता पूर्वक स्वकीय गति [आत्म रूप] प्राप्त होते हैं।

अरण्यकाण्ड में गोस्वामी तुलसीदास जी की यह स्तुति जननायक महात्मा गांधी की साधना बन जाती है और उनकी त्याग की यह क्रमवार यात्रा उन्हें व्यक्ति से उठाकर महात्मा बना देती है।

आज से ५,००० पूर्व उत्तरभारत की नगरी अयोध्या में इक्ष्वाकु वंश के प्रतापी राम का जन्म एक राजकुमार के रूप में हुआ, वो राम की कथा महर्षि वाल्मीकि की रामायण से चलकर गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस तक उन मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कथा बन गई, जिनका 'रामराज्य' एक अच्छी व्यवस्था, जाति-धर्म, ऊँच-नीच, गरीब-अमीर के भेदभाव से रहित समाज का पर्याय बन गया। वहाँ केवल राज्य कर्मचारियों के लिये नियम-कानून या आचरण की व्यवस्था नहीं थी, बल्कि व्यक्ति के साथ व्यक्ति की, परिवार में हर रिश्ते मर्यादा-अनुशासन और उनके उल्लंघन के दुष्परिणामों पर चेतावनी और दंड के विधान की व्यवस्था थी, वहाँ दण्ड केवल व्यवस्था से नहीं था आत्मबल का निर्माण इस तरह हुआ है कि दंड के रूप में प्रायश्चित भी है, पश्चाताप भी है।

हमारे व्यवहार की भाषा में राम नाम रच बस गया। 'निर्बल के बल राम' में भरोसा है, 'राम बाण' में शक्ति का आकलन है, प्राणी मात्र की अंतिम यात्रा के साथ 'राम नाम सत्य है' के

नाम में मुक्ति के लिये सिर्फ सत्य के अनुसरण को ही अंतिम आधार माना है। जनमानस के महात्मा की अंतिम साँस हे राम ! हे राम ! के साथ ही निकलती है।

राम चरित मानस को अपने ही समय की जीवन यात्रा के साथ समझने का प्रयास करते हैं तो बचपन से उसे एक भक्ति ग्रन्थ के तौर पर देखा, घर के पूजाघर में कभी सुन्दरकाण्ड का पाठ है तो कभी सास्वर हनुमान भगवान हमारे जीवन में अनजाने ही उतरते चले गए। मानस ग्रन्थ पहले आया, राम का चरित हमारे जीवन में बाद में आया। ऐसा क्यों हो रहा था, तुलसी की राम के प्रति दास्य भक्ति तो समझ आती है, लेकिन वो जनमानस की कथा कैसे बन गई, ये रामचरित मानस को बड़े होकर पढ़ने के बाद ही जाना। राम कथा को लेकर एक सीधे सादे सन्त ने जन के मानस की हर चिन्ता को इतने भीतर तक छू लिया कि मानो वो हर व्यक्ति की कथा बन गई। तुलसी के सामने आततायी मुग़ल थे, उनके विरुद्ध जनमानस को संबल देने के लिये न सेना थी न हथियार, उनके अत्याचारों के विरुद्ध रामचरित मानस के द्वारा जनमानस के आत्मबल को टूटने से रोकना था। उन्होंने मानस के अन्दर एक आन्दोलन खड़ा कर दिया।

कमोबेश जनमानस के हाथ थामने वाले महात्मा गांधी के जादू को जितना पढ़ा और जाना, पाँच सौ साल के अंतराल में दोनों के सामने परिस्थितियाँ लगभग एक सी थीं, महात्मा गांधी के सामने ब्रिटिश हुकूमत से त्रस्त अपना जनमानस था। यही कारण था कि गांधी के लिये रामचरित मानस संबल बन गई। दक्षिण अफ्रीका में जो जंग उन्होंने प्रारम्भ की, वो भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन की जमीं पर और पुख्ता हुई। महात्मा ने भी इस जंग के लिये हथियार नहीं, अपने जनमानस के आत्मबल को उठाया। दोनों हुकूमत का वापस जाना, जनमानस के आत्मबल की सफलता थी, दोनों अलग-अलग अर्थों में लोकनायक थे।

महात्मा गांधी की राम के प्रति और रामचरित मानस के प्रति अटूट आस्था थी। अपनी पुस्तक 'सत्य के प्रयोग' में उन्होंने लिखा "जिस चीज का मेरे मन पर गहरा प्रभाव पड़ा, वह रामायण का प्रभाव है। रामायण श्रवण, रामायण के प्रति मेरे प्रेम की बुनियाद है। आज मैं तुलसीदास के मानस को भक्तिमार्ग का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ मानता हूँ, अतएव आत्मार्थी के लिये रामनाम और राम कृपा ही अंतिम साधन है, इस वस्तु का साक्षात्कार मैंने हिन्दुस्तान में ही किया है।"

मानस के तुलसी 'सो मम कौन कुटिल खल कामी, जिन तन दियो ताहि बिसरायो ऐसो निमक हरामी' जैसी विनम्रता का भाव महात्मा गांधी की जीवन शैली बन गया। जब आप हरेक को अपने से बेहतर मानोगे तो किसी में दोष नहीं दिखेगा।

मानस की चौपाई -

'बंचक भगत कहाई राम के। किंकर कंचन कोह काम के॥
तिन्ह मह प्रथम रेक जग मोरी। धींग धरम ध्वज धंधक धोरी॥"

भक्त के नाम पर ठग, लोभ-क्रोध और काम के गुलाम, धींगा-धींगी करने वाले, दम्भी, कपट के धंधों का बोझ ढोने वाले लोगों में सबसे पहले मेरी गिनती है।

तुलसी की इस विनम्रता ने ही शायद आन्दोलन के लिये 'सविनय अवज्ञा' जैसे विचार दिए। महात्मा के सामने मानस के राम आदर्श बन कर आये, जिन्होंने उन्हें न्याय पर चलना और प्राणी मात्र से प्रेम करना सिखाया। मानस का प्रभाव ही था कि जो जननायक, जनमानस को जिस ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ खड़े होने के लिये उन्हें तैयार कर रहे थे, वे उन अंग्रेजों के भी मित्र बनकर रहे। उन्होंने बैरभाव उनके प्रति भी नहीं रखा। दक्षिण अफ्रिका में अंग्रेजों के साथ बैठ कर अपने भारतीय मजदूरों और गिरमिटिया लोगों के न्याय के लिये लड़ाई लड़ी। महात्मा को ये समझ मानस में मिली थी, जहां लोकनायक तुलसी उन्हें देवताओं से पूर्व, खल चरित्रों की वंदना करते दिखाई देते हैं। उनकी लड़ाई बुराई से थी, बुरों से नहीं।

"देव–दनुज नर नाग खग प्रेत पितर गंधर्व।
बन्दऊ किंनर रजनीचर कृपा करहु अब सर्व ।।"
"ऐसे अधम मनुज खल कृतजुग त्रेता नाहिं।
द्वापर कछुक बृंद बहु होइहहिं कलिजुग माहिं ।।"
"सुनहूँ तात माया कृत गुण अरु दोष अनेक।
गुन्य: उभय न देखिअहिं देखिय सो अबिबेक ।।"

मानो तुलसी उन्हें समझाते हैं, ऐसे खल पुरुष तो हर युग में होते रहे हैं और कलियुग में तो वे सबसे अधिक होंगे। विवेकी को उनके गुणों-अवगुणों के मीन मेख से अपने को बचाना ही श्रेयस्कर है।

महात्मा अपनी पुस्तक में लिखते हैं "मनुष्य और उसका काम ये दो भिन्न वस्तुएँ हैं। अच्छे काम के प्रति आदर और बुरे के प्रति तिरस्कार होना ही चाहिए, परन्तु भले-बुरे काम करने वालों के प्रति सदा आदर अथवा दया होनी चाहिये। यह चीज समझने में सरल है पर इसके अनुसार आचरण कम से कम होता है। इसी कारण संसार में विष फैलता रहता है।"

सत्य के शोध के मूल रूप में ऐसी अहिंसा है, जब तक ये अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल नहीं सकता। व्यवस्था या पद्धति के विरुद्ध झगड़ना शोभा देता है, पर व्यवस्थापक के विरुद्ध झगडा करना तो अपने विरुद्ध झगड़ने के सामान है, क्योंकि हम सब एक ही कूँची से रंगे गये हैं। एक ही ब्रह्म की संतान हैं। व्यवस्थापक का अनादर या तिरस्कार करने से उन शक्तियों का अनादर होता है। ऐसा होने पर संसार को हानि पहुँचती है।"

जननायक महात्मा को कहीं ढूढना है तो लोकनायक तुलसी में ढूँढा जा सकता है। सत्य-अहिंसा और परोपकार पर विश्वास और काम, क्रोध, लोभ, मद, दम्भ, अहंकार पर विजय के लिये उन पर मानस का प्रभाव देखा जा सकता है।

"परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा। पर निंदा सम अघ न गरीसा ।।
काम वात कफ़ लोभ अपारा। क्रोध पित्त नित छाती जारा ।।
अहंकार अति दुखद डमरुआ। दम्भ कपट मद मान न हरुआ ।।
परहित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अघमाई ।।"

सत्य के प्रयोग में उन्होंने लिखा है, जनता की सेवा करने की मेरी प्रबल इच्छा ने ग़रीबों के साथ मेरे सम्बन्ध को अनायास ही जोड़ दिया है। महात्मा ऐसे सैकड़ों प्रसंगों की चर्चा करते हैं, जिसमें मानव सेवा को वे सर्वोपरि रखते हैं।

एक प्रसंग की यहाँ चर्चा करना चाहूंगी, सेवाग्राम में महात्मा को आश्रमवासियों ने खबर दी कि, मवाद से भरा एक कुष्ठ रोगी बाहर आकर बैठा है, सिर्फ आपसे मिलने की जिद कर रहा है। महात्मा तुरंत आये, हैरान हो गए। 'अरे आप तो साबरमती से अपने घर गए थे ? ये सब क्या हुआ ?' बोले, 'घर वालों ने निकाल दिया है, समाज अपनाने को तैयार नहीं है, मैं आपके सानिध्य में मरना चाहता हूँ' महात्मा ने उनके लिये कुटिया बनवाई। अपने हाथों से उनके घाव धोते, इलाज करते रहे, जब तक वे ठीक नहीं हो गए और लोग भी उनके प्रभाव में स्वेच्छा से सेवा कार्य में लग गए, वे ठीक हो गए। ठीक होकर बच्चों को संस्कृत पढ़ाने लगे। वे संस्कृत विद्वान परचुरे शास्त्री थे। समाज को शिक्षित करने का या एक अच्छा शिक्षक बनाने का ये उनका अपना तरीका था। गांधी जी के लिये अंग्रेजों से लड़ाई से अधिक महत्वपूर्ण लड़ने वाले का चरित्र-आचरण और आत्मबल था।

राम की भक्ति में आसन्न डूबे हुए लोक नायक तुलसी कितने बड़े चिन्तक-विचारक थे। जनमानस के चारित्रिक आत्मबल को बढाने के लिये अपनी राम कथा में उन्होंने गुरुओं का समाज और राज्य के प्रति दायित्व, गुरु-शिष्य के संबंधों की व्याख्या को कितने स्थलों पर बार-बार दोहराया। वो उनकी चिन्ता थी, कहीं गुरुओं को फटकारा है, तो कहीं शिष्यों को, तो कहीं माता-पिता को।

"गुर सिष बधिर अंध का लेखा। एक न सुनई एक न देखा।"

[ऐसे समाज में, जहाँ शिष्य और गुरु में बहरे-अंधे का भाव है, शिष्य उपदेश सुनता नहीं और गुरु के पास दृष्टि नहीं है, चिंतनीय है]

"हरई सिष्य धन सोक न करइ। सो गुर घोर नरक महुं परई॥
मातु पिता बाल्कन्हीं बोलावहिं। उदर भरै सोई धर्म सिखावहि॥"

लोकनायक तुलसी की चिन्ता थी कि यदि गुरु धन का लोभी है, माँ-बाप बच्चों को सिर्फ अपना पेट पालना औए धन कमाने को ही धर्म मानना सिखाते हैं, ऎसी शिक्षा से चरित्र निर्माण या समाज कल्याण कैसे हो सकता है।

कभी-कभी तो लगता है, भक्त कहे जाने वाले तुलसी के लिये राम तो एक बहाना है।

वही चिन्ता जननायक महात्मा की थी। जननायक महात्मा सिलसिलेवार अपने जनमानस के अन्दर आत्मबल को तैयार कर रहे थे उनके लिये बच्चों की शिक्षा गंभीर चिन्ता थी।

"मेरी कल्पना यह थी कि साधारण शिक्षकों के हाथ में बच्चों को कभी नहीं छोड़ना चाहिये। शिक्षक को अक्षर ज्ञान चाहे थोड़ा हो, पर उसमें चरित्र बल तो होना ही चाहिए" यही चिन्ता उनकी माता-पिता के प्रति भी थी। इसका पालन उन्होंने अपनी स्वयं की संतान के साथ करके

दृष्टांत प्रस्तुत किया। अपने प्रयोगों में यदि असफलता मिली तो उसे सत्यता से स्वीकारा भी, जहाँ संभव हुआ, उन्हें सुधारा भी। जितना भी समय निकाल पाते, बच्चों को पढ़ाते थे। जो काम उनसे या उनके अभिभावकों से कराना चाहते थे, खुद करते थे।

छात्र जीवन में ब्रह्मचर्य पालन को वे संस्कारों में डालना चाहते थे। किसी दूसरे से कुछ भी अपेक्षा करने से पहले वो प्रयोग स्वयं पर करना चाहते था। एक पत्नीव्रती महात्मा खुद लिखते हैं कि स्वयं का पत्नी के साथ इन्द्रिय सुख में अतिवादिता होने के कारण ब्रह्मचर्य व्रत लेना एक दुष्कर कार्य था। मानस के प्रभाव ने संभवत: उनके उन कमजोर क्षणों में मार्ग दिखाया।

मानवीय कमजोरियों के ऊपर मानस के तुलसी की पंक्तियाँ कितने सुन्दर-सहज ढंग से जनमानस के अन्तर्तम में पैठ जाती हैं।

"कीट मनोरथ दास सरीरा। जेहि न लाग घुन को अस धीरा।
सुत बित लोक ईषना तीनी। केहि कै मति इन्ह कृत न मलीनी॥"

मनोरथ कीड़ा है, शरीर लकड़ी है, ऐसा धैर्यवान कौन है जिसके शरीर को कीड़ा न लगा हो। पुत्र की, धन की और लोक प्रतिष्ठा, इन तीन प्रबल इच्छाओं ने किसकी बुद्धि को मलिन नहीं किया।

अरण्य काण्ड में नारद मुनि और राम के बीच के संवाद पर तुलसी की चौपाई -

"षट विकार जित अनघ अकामा। अचल अकिंचन सूचि सुख धामा॥"
"अमित बोध अनीह मितभोगी। सत्य सार कवि कोबिद जोगी॥"

षट विकार - काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर] को जीत कर पाप रहित, कामना रहित, निश्छल, स्थिर बुद्धि, सर्व त्यागी, बाहर-भीतर से पवित्र, सुखके धाम असीम ज्ञानवान, इच्छा रहित, मिताहारी सत्य निष्ठ, योगी बनना महात्मा को अनिवार्य लगने लगता है।

"गुनागार संसार दुखाहित बिगत सदेह। तजि मम चरण सरोज प्रिय तिन्ह कहुं देह न गेह॥"

गुणों के घर, संसार के दुखों से अप्रभावित और संदेह से सर्वथा छूटे हुए, उनको न देह ही प्रिय होती है न घर ही। महात्मा के ब्रह्मचर्य व्रत को बल मिलता है, परिवार में समाज का भाव रखने की दृष्टि भी मिलती है। उन्हें अपने सारे उत्तर मिल जाते हैं।

लोकनायक तुलसी ने [रावण-सूर्पनखा प्रसंग में] चार पंक्तियों में जिस राजधर्म के मर्म को उस काल में समझाया था -

"करसी पान सोवासी दिन राति, सुध नहिं तव सर पर आराती॥
राज नीति बिनु धन बिनु धर्मा, हरहिं समर्पे बिनु सत्कर्मा॥
विदया बिनु बिबेक उपजाए, श्रम फल किएँ अरु पाएँ॥
संग ते जती, कुमंत्र ते राजा, मान ते ज्ञान, पान ते लाजा॥"

[नीति के बिना राज्य, धर्म के बिना धन, भगवान को समर्पण के बिना सत्कर्म, विवेक के बिना विदया, सारे श्रम व्यर्थ ही हो जाते हैं। विषयों के संग से संन्यासी, बुरी सलाह से राजा अभिमान या अहंकार से ज्ञान और मदिरा-पान से लज्जा ही भोगनी पड़ती है।]

ऐसी फटकार, ऐसी चेतावनी या गुरुपूर्ण सलाह, एक लोकनायक ही दे सकता है। नेतृत्व को तैयार करने की कोशिशों में मानस की पंक्तियाँ ही उनका संबल बन जाती हैं।

एक बैरिस्टर होकर वे जब कहते हैं "मैं शुद्ध न्याय के सिवा न तो कुछ मांगता हूँ और न कुछ चाहता हूँ, शुद्ध राजनिष्ठा के मूल सत्य पर मेरा स्वाभाविक प्रेम था" तो लगता है तुलसी के राम ही बोल रहे हैं।

"धन्य सो भूप नीति जो करई। धन्य सो द्विज निज धर्म न टरई॥
सम शीतल नहिं त्यागहि नीती। सरल सुभाऊ सबहिं सन प्रीती॥"

सत्याग्रह की सफलता पर जब हितैषियों द्वारा ही प्रश्न उठाए जाते थे तो मानस की पंक्तियाँ उन्हें और दृढ़ता से अपनी बात कहने की ताकत देती।

गांधी जी ने लिखा है "सत्याग्रही तो ठगे जाने के लिये ही जन्म लेता है न ? अतएव भले ही साहब मुझे ठगें, क्या मैंने हजार बार नहीं कहा है कि अंत में ठगने वाला ही ठगा जाता है। ये उनका आत्मबल था। मानस का ही प्रभाव था कि कानून के दुष्कर व्यवसाय में वे ये बात इतनी दृढ़ता से कह सके और अपने आचरण में पालन करते रहे, किन्हीं परिस्थितियों में न्याय का साथ नहीं छोड़ा, बापू कहते हैं "मेरा अनुभव मुझे बतलाता है कि प्रतिपक्षी को न्याय देकर हम जल्दी न्याय पा जाते हैं।"

महात्मा गांधी के सम्मुख अपने जनमानस के लिये जिस रामराज्य की कल्पना थी, हम अपनी बात मानस की उस चौपाई से समाप्त करना चाहेंगे-

"मुखिया मुख सो चाहिये खानपान कहुं एक। पालई पोषई सकल अंग तुलसी सहित बिबेक।"

मुखिया अपने आचरण में मुख जैसा होना चाहिए, जो खाता अकेला है, पोषण सारे अंगों का करता है। जो कुछ खाए, उससे सबका पोषण करे, जो कुछ हासिल करे वह सबके पास सामान रूप से पहुँच जाए, परिवार, समाज, राष्ट्र और मुखिया के तौर पर सब अंगों का पोषक बन जाए तो जीवन कितना आसान हो जाए।

महात्मा शायद उस रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिये संघर्ष कर रहे थे जिसे तुलसी ने मानस में वर्णित किया था।

"बरनाश्रम निज-निज धर्म निरत बेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहिं सुखहिं नहिं भय सोकन रोग॥
दैहिक, दैविक, भौतिक तापा। रामराज नहिं काहुहि ब्यापा।
सब नर करहिं परस्पर प्रीति। चलहिं स्व धर्म निरत श्रुति नीति॥"

ऐसे ही रामराज्य की स्थापना तो जनमानस के महात्मा का भी स्वप्न था।

सीता का परित्याग: मर्यादा की पराकाष्ठा

विनीता मिश्रा

विज्ञान स्नातक, कवि एवं स्वतंत्र लेखन, रामचरित मानस का अध्ययन एवं राम साहित्य का पठन-पाठन एवं चिंतन। काव्य संग्रह: 'मन की लय'। अध्यात्मिक कविता संग्रह प्रकाशन के लिए तैयार। अध्यात्मिक वक्ता। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में रचनाएं प्रकाशित। प्रधान संपादक(उत्तर प्रदेश): स्पर्श राष्ट्रीय मासिक पत्रिका।

जब भी मर्यादा पुरुषोत्तम की बात उठती है एक ही नाम ध्यान आता है – राम। फिर भी राम पर प्रश्न उठाये जाते हैं। कभी सोचा है क्यों? प्रश्न उठ ही इसलिए रहे हैं कि हमारे पास एक व्यक्तित्व है राम का; जो मर्यादा पुरुषोत्तम है और हमें अवसर दे रहा है प्रश्न करने का। यदि वह न होता तो आज ये विशेषण ही हमारे पास न होता और हम किसके ऊपर प्रश्न कर रहे होते? आप स्वयं को भाग्यशाली जानिए कि आज आपके पास एक ऐसा चरित है जिससे आप ये प्रश्न पूछ पा रहे हैं। पर मुझे लगता है जिस बिंदु पर आधुनिक समाज राम पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है वही उसकी मर्यादा पालन की पराकाष्ठा है।

ऐसे ही नहीं राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहते हैं, मर्यादा में रहकर जीवन जीना सर्वथा कठिन कार्य है। ये राम के जीवन चरित्र से देखने को मिलता है। पग - पग जीवन आपको आजमाता है और न केवल आपको दुःख सहने होते हैं, कष्ट उठाने पड़ते हैं अपितु अपनों को कष्ट देना भी पड़ता है। यहाँ तक कि अनंत काल तक आप पर प्रश्न उठाये जा सकते हैं, इसके बावजूद भी आप मर्यादा का पालन करते हैं या स्वयं की छवि और न्याय-अन्याय का विचार करते हैं?

अत्यंत कठिन होता है चली आ रही मर्यादाओं को निभाना और नए सामाजिक मूल्यों को निश्चित करना और समाज में उन्हें प्रतिष्ठापित करना; जो सर्वमान्य हों, सब को स्वीकार्य हों। राम ने आने वाले समय के लिए चली आ रही परम्पराओं का निर्वहन भी किया, मर्यादा का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया व अपनी प्रजा को संतुष्ट भी किया।

इतिहास के गर्भ में जाकर देखें तो ज्ञात होगा कि कोई भी निर्धारित संविधान उस समय की देश- काल- परिस्थिति के अनुसार ही अपने तत्कालीन स्वरूप को प्राप्त करता है। ये यकायक बनाए हुए नियम व्यवस्था नहीं होते और उनका पालन करना ही तत्कालीन लोगों का धर्म होता है। इस संविधान को नकारना उतना ही अनुचित है जितना आज के समय में आज के संविधान को नकार पाना। आज भी हमारे संविधान में ऐसी कई बातें होंगी जो लोगों को अनुचित लग सकती हैं फिर भी सब को उनका पालन करना सब के लिए अपेक्षित होता है। राम ने अपना सम्पूर्ण जीवन मर्यादा में व्यतीत किया।

राम एक अति संवेदनशील व्यक्ति थे जिसका बोध होने पर ही विश्वामित्र ने उन्हें सीता के लिए उपयुक्त माना और उन्हें मिथिला ले जाने का निर्णय लिया। इस निर्णय से पहले उन्हें राम

की स्त्रियों के प्रति संवेदनशीलता भी परखनी थी, जिसमें राम उत्तीर्ण हुए और विश्वामित्र ने अपने निर्णय को निश्चय में बदला। ये संवेदनशील राम जब बिना पद का एक स्वतंत्र व्यक्ति है, शिष्य है, राजकुमार है परन्तु उसकी प्रतिक्रिया पर कोई राजनैतिक दबाव नहीं है तो अहल्या के साथ अपनी संवेदना प्रकट करता है परन्तु जब वो राजा बनता है तो राजधर्म की मर्यादा के सम्मुख उसे अपनी संवेदना को नियंत्रित करना पड़ता है, पतिधर्म एवं राजधर्म में से उसे एक को वरीयता देनी है; व्यक्ति बिंदु है और राज्य - प्रजा एक सिन्धु। सिन्धु के समक्ष बिंदु गौड़ है, नगण्य है अतः उसे सही दिशा चुननी पड़ती है कि एक राजा की संवेदना किस ओर सही है? अपने रिश्ते के प्रति या अपनी प्रजा के प्रति? तब वह राज धर्म की मर्यादा को निज संवेदना से ऊपर स्थान देता है और अपने राज धर्म का पालन करता है। एक राजा का कर्तव्य निज सुख को कभी प्राथमिकता नहीं देता, एक व्यक्ति के प्रेम की अपेक्षा राष्ट्र का हित, सुख, सुरक्षा एवं जन संतोष ही सर्वोपरि है। तमाम विचार विमर्श एवं अंतर्द्वंद का सामना करते हुए राम ने जब ये निर्णय लिया होगा तो उनके हृदय में अपनी प्रजा के लिए कितना स्नेह और जिम्मेदारी का भाव रहा होगा कि उन्होंने निज सुख को त्याग कर यह निर्णय लिया और आगे चलकर राजा की प्रजा के प्रति इसी निष्ठा ने रामराज्य जैसे विशेषण को जन्म दिया।

जब वह पुत्र है, एक स्वतंत्र व्यक्ति है तो संवेदना ऊपर है और जब वह राजा है तो मर्यादा पालन। जो वह अहल्या के साथ कर सका वह सीता के साथ नहीं कर पाया। मूर्तिवत अहल्या को तो प्राणवान किया किन्तु जीवित सीता को मूर्तिमान कर यज्ञ किया पर मन में सीता के अतिरिक्त किसी को नहीं बिठाया। लोग कहते हैं कि शंकर का प्रेम सती के प्रति अद्भुत था। राम शंकर सा स्वतंत्र कहाँ है? वह मर्यादा से बंधा है स्वतंत्र होता तो वह भी दक्ष – यज्ञ की भांति सब तहस - नहस कर डालता पर वह तो प्रजा पालक है किसे तहस- नहस करे? ये एक स्वतंत्र साधारण नागरिक और राजा की मर्यादा से बंधे व्यक्ति का भेद है। जब पद पर नहीं हैं तब कितने आत्मनिर्भर हैं निर्णय लेने के लिए; पद पर कितने दीन! इतने दीन कि अपने दुःख को प्रकट कर दुर्बल राजा की भी छवि नहीं बना सकते। वनवासी राम विरह में रुदन कर सकता है पर राजा राम नहीं। वो नित अग्निपरीक्षा से गुजरते हैं पर कुछ कर नहीं सकते। राम जैसा स्नेहिल व्यक्ति जो लक्ष्मण के शक्ति लगने पर फूट- फूट कर रोया हो वह अपने नवजात तक को न देख सका, न उनके बढ़ने का सुख देख सका, उसकी पीड़ा अनिर्वचनीय है। दशरथ जैसा वात्सल्य उसकी नियति में नहीं; जहां तुलसी दास जी लिख सके : ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनियाँ.......पर राम के हिस्से में आयीं:

सुनो वैदेही! तेरी रातों से बढ़कर, मेरी रातें सूनी हैं।
तेरी बाँहों में लव और कुश, मेरी बाँहें सूनी हैं।

तो क्यों न इस विचार को अब राजा दशरथ और राजा राम के भी तुलनात्मक दृष्टिकोण से देख लिया जाय और अब हम जिन बिन्दुओं पर चर्चा करेंगे वे हैं: पुत्र धर्म एवं राज धर्म। यदि हम इन दोनों बिन्दुओं पर विचार करें तो पायेंगे कि राम पर सर्वाधिक प्रश्न चिन्ह अपने राज

धर्म के पालन में सीता के परित्याग को लेकर लगते हैं और निश्चित रूप से सम्पूर्ण जीवन में उनके लिए भी इस राज धर्म पालन में यह कठिनतम चरण रहा होगा!

राजा दशरथ ने जब राम को वनवास दिया उस समय की परिस्थितियाँ क्या थी? राम के राज्याभिषेक की तैयारियां हो रहीं थीं, ऐसे में कैकेयी; दशरथ की प्रिय रानी ने अपने दो वचनों के वरदान स्वरूप में राम को चौदह वर्षों का वनवास मांग लिया। चौदह वर्ष ही क्यों? वह आजीवन भी कह सकतीं थीं; क्योंकि तत्कालीन संविधान के अनुसार यदि अपेक्षित उत्तराधिकारी बारह वर्ष से अधिक समय राज्य से बाहर गुजारता है अर्थात राज-काज विहीन जीवन बिताता है और राज्य सम्बंधित जिम्मेदारियां नहीं उठाता तो वह अपने राजा बनाने की योग्यता गंवाता हुआ स्वयं के राजा बनाने का अधिकार खो देता है। इस परिस्थिति में सदा राम की प्रशंसा होती आई है और राजा दशरथ को वचन निभाने के लिए सराहा गया है। परन्तु हमने कभी भी राम के साथ अन्याय, कैकेयी द्वारा राजा दशरथ का भावनात्मक शोषण, राज्य का अहित या प्रजा के साथ अन्याय की अधिक आलोचना नहीं की। जबकि राजा दशरथ किसी राज धर्म का पालन तो नहीं कर रहे थे अपितु अपनी प्रिय रानी को दिए वचन पालन हेतु उन्होंने न केवल राज धर्म की अवहेलना की बल्कि अपने ज्येष्ठ एवं अति योग्य पुत्र के साथ अन्याय भी किया। उनके इस वचन पालन में राम की ही मुख्य भूमिका रही बल्कि राम ही के कारण उनके वचन का पालन हो सका और गोस्वामी जी लिख सके: “रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाई।”

जो आज भी रघुवंशियों की वचनबद्धता को दर्शाती है। ये अनुचित कार्य या अन्याय एक स्त्री के द्वारा पुरुष का और एक पुरुष के द्वारा पुरुष का था अतः ये आधुनिक सभ्यता के परिवेश में सामान्यतः लिया गया और एक आदर्श के रूप में स्थापित हुआ।

वहीं दूसरी और अधिक जटिल परिस्थिति है: जब राम राजा बने तो मात्र प्रजा के (अपनी प्रिय रानी नहीं) असंतोष के कारण अपनी प्राणप्रिया पत्नी को वनवास दिया और राज धर्म का पालन किया जिससे राज्य एवं प्रजा के साथ अन्याय न होने पाए तो आज इसलिए आलोचना के पात्र हैं क्योंकि ये पुरुष द्वारा स्त्री के साथ अन्याय का विषय है। जबकि तत्कालीन व्यवस्था में शायद स्त्री- पुरुष भेद भाव इस रूप में न रहा हो जैसा कि कालांतर में दृष्टि गोचर होता है। सबसे बढ़कर राजपद पर आरूढ़ किया गये व्यक्ति अपनी योग्यताएं सिद्ध करने के उपरांत सभी गुणों से परिपूर्ण पाए जाने पर ही राज पद को प्राप्त होता था क्रमशः अपनी मर्यादाओं को निभाते हुए राज धर्म का पालन ही सबसे कठिन है। राजा होने पश्चात् यदि व्यक्ति स्वयं या परिवार का हित देखे तो(जिसकी हम आज भी सर्वथा निंदा करते हैं, परिवारवाद या भाई भतीजा वाद के रूप में) तो कदापि एक राज्य या उसकी प्रजा का अभिभावक होने कि योग्यता नहीं रखता।

अब आते हैं सीता के अपने संस्कारों और विचारों पर, राजा जनक विदेह राज किस प्रकार के शासक थे सब जानते हैं, सीता जनक के यहाँ से संस्कार लायीं थीं कि राजा, प्रजा का सेवक होता है, व्यवस्था कारक होता है स्वामी नहीं और स्वामी को तुष्ट करना सेवक का धर्म

होता है। राजा होकर स्वयं के बारे में सोचना, परिवार व प्रियजनों के बारे में सोचना निश्चय ही राजधर्म तो नहीं है आज भी नहीं है, राजा होने पश्चात् यदि व्यक्ति स्वयं या परिवार का हित देखे तो(जिसकी हम आज भी सर्वथा निंदा करते हैं, परिवार वाद या भाई भतीजा वाद के रूप में) तो कदापि एक राज्य या उसकी प्रजा का अभिभावक होने की योग्यता नहीं रखता। मानस में तुलसी दास जी भरत के मुख से कहलाते हैं: सब ते सेवकु धरम कठोरा।

दूसरों के लिए सोचना इसी भावना का प्रसार करता है जो किसी भी समाज की सामाजिक व्यवस्था का आधारभूत सिद्धांत होता है अन्यथा स्वार्थी लोलुप समाज की क्या दशा होती है हम आज देख ही रहे हैं। राजपद के लिए सब कुछ लूट लेने वाले बहुत मिलते हैं , राजपद के लिए सर्वस्व लुटाने वाला: केवल राम। जो तुलसी यह कहता है: ''परहित सरिस धरम नहीं भाई'' उसका राम परहित के लिए स्वहित कभी सोच सकता है? परन्तु ये भावना आज के आत्मकेंद्रित सोच वाले व्यक्तियों को कहां समझ आएगी? आपको नहीं लगता जो ये प्रश्न उठाते हैं वे स्वयं ही इस शंका को धुल धूसरित कर देते हैं ये प्रकट कर के कि उनकी सोच कितनी सामंती है जो वे यह कहते हैं कि एक धोबी के कहने पर! अरे! राम ने तो ये सोचा ही नहीं कि वह धोबी है या क्या है? वह उनके लिए मात्र उनकी प्रजा का प्रतिनिधि है; तो ये है राम की विचारधारा और ये है रामराज्य की आधारशिला। जहां कोई आरक्षण देने की आवश्यकता नहीं है किसी को सामान अधिकार देने के लिए।

राम के जीवन चरित्र को देखने से एक और भी पहलू सामने आता है और वह ये कि महलों में पले- बढ़े राम ने साधारण जन की वास्तविक परिस्थितियाँ अपने युवाकाल में विश्वामित्र के साथ और फिर अपने वनवास काल में अनुभव कीं। उनका बोध वे अपनी संतान को जन्म के साथ ही कराना चाहते रहे हों। जैसे कि हम जानते हैं राम और सीता एक ऐसे दम्पत्ति हैं जिनकी विचार - शैली, कार्य – शैली, जीवन के उद्देश्य सभी समान हैं जहां कोई मतभेद नहीं। दोनों ही करुणा के सागर कहलाते हैं, उनकी दीन-हीन, सुविधारहित जीवन यापन करने वालों के साथ ये करुणा की पराकाष्ठा ही तो है कि उस दम्पत्ति की ये इच्छा हुई कि वे उनकी संतान का प्रसव ऐसे वातावरण में हो जहाँ राज्य के अधिकान्शतः बच्चे जन्मते हैं और उनकी शिक्षा -दीक्षा, शस्त्र – शास्त्र विद्या के साथ - साथ संगीत आदि ललित कलाओं का ज्ञान भी उत्कृष्ट हो जो वाल्मीकि आश्रम से उचित अन्यत्र नहीं संभव था। राम के जीवन में यदि विश्वामित्र नहीं आते और उन्हें चौदह वर्षों का वनवास नहीं मिलता तो क्या वो उन लोगों की जीवन शैली , कष्ट, संघर्ष कभी जान पाते! वो अपनी संतान को वह कैसे जन - जन से जोड़ें? क्या किसी विश्वामित्र की प्रतीक्षा करें या स्वयं ही इसकी व्यवस्था करें? ये विमर्श अवश्य ही सीता के साथ हुआ होगा किन्तु कार्यान्वित हो गया प्रजा के असंतोष के रूप में। यहाँ पर मैं धोबी शब्द का प्रयोग नहीं कर रही हूँ जिसका कारण मैं पहले ही स्पष्ट कर चुकी हूँ। सीता पूर्णतः एक सक्षम व्यक्तित्व थीं जो वन में रह कर सभी विद्याओं में अपनी संतान को निपुण बनाने में वाल्मीकि जी के संरक्षण में पूर्ण अभिभावक की भूमिका निभा सकतीं थी। राम यूँ भी राज-काज की व्यस्तता में अत्यधिक डूबे थे; सीता की भूमिका इस पूरे प्रकरण में वही रही जो राम

के लिए विश्वामित्र की थी। ये उस दम्पति का एक साझा निर्णय भी हो सकता है, जिस प्रकार रावन द्वारा सीता हरण की योजना को पूर्व निर्धारित करने में राम ने पहले ही सीता को अवगत कराया जिसका भान लक्ष्मण तक को न था यहाँ भी लोकोपचार का सहारा लेकर ये निर्णय भी पति-पत्नी का साझा ही रहा हो जिसकी भनक भी किसी को न हुई हो; यही एक सफल दाम्पत्य है जो किसी दूसरे के द्वारा संचालित या प्रभावित न हो। उनके इस निर्णय को आगे के कुछ क्षेपककारों ने शायद परित्याग या निष्काशन का रूप दे दिया हो।

कुछ यह भी कह सकते हैं कि सीता को वन भेजने के स्थान पर उन्हें स्वयं भी सीता के साथ वनगमन कर लेना चाहिए, उस समाज को उन्हें भी त्याग देना चाहिए जिसने सीता के चरित्र पर प्रश्न उठाये। किन्तु वह अयोध्या जिसने राम को राजा के रूप में देखने की 14 वर्षों तक प्रतीक्षा की थी; उसे फिर से आश्रयहीन कर राम अपना राजपद त्याग अपनी प्रिया के साथ वन गमन कर जाते तो ये सर्वथा अनुचित होता और यदि राम ने यह निर्णय लिया होता तो निश्चय ही राम मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं कहलाते वह भी कहीं दशरथ की भांति पत्नी प्रेम में विवश राजा के रूप में ही याद किये जाते, एक कर्तव्यच्युत राजा कहलाते और मर्यादा पुरुषोत्तम का स्थान भारत के गौरव में रिक्त ही रहता और लोग इस तरह के प्रश्न किस पर उठा रहे होते! राजा-रानी की प्रेम कथाओं से इतिहास भरा हुआ है उसमें एक किस्सा और जुड़ गया होता!

ऐसा भी नहीं कि राम ने इस ओर विचार नहीं किया किन्तु अपने पहले वनगमन में राम अपने भाइयों का आचरण देख चुके थे तब तो 14 वर्ष पश्चात् लौटने की आशा थी अब अगर सिंहासन और राजधर्म त्याग, अयोध्या छोड़ते तो क्या कोई भाई अयोध्या की शासन व्यवस्था संभालने के लिए सिंहासनारूढ़ होता? कभी नहीं; सब पीछे-पीछे वन को ही चल पड़ते इसलिए पुनः यही कहूँगी कि राष्ट्र और समाज में व्याप्त पुरानी मान्यताओं के कारण समाज में स्त्री की स्थिति को बेहतर करने के लिए ये उस दम्पत्ति का साझा निर्णय था और न केवल राम ने अपितु सीता ने भी वाल्मीकि आश्रम में रहते हुए अपने पुत्रों को सम्पूर्ण जानकारी देते हुए स्त्रियों की स्थिति में सुधार का कार्य बाल्यकाल से आरम्भ कर दिया और वन में रहकर भी राज सुधार के कार्य में राम का सहयोग किया। कोई भी परंपरा या मान्यता समाज में धीरे- धीरे ही व्याप्त होती है और अपनी अच्छाई के साथ धीरे – धीरे विकृत कर दी जाती है; ये वही प्रयास है जो आज भी अपने समाज में स्त्री अधिकार, सुरक्षा, समानता के रूप में आज भी दृष्टिगोचर है। देश काल परिस्थिति के अनुसार हर परम्परा, मान्यता अपना संशोधन चाहती है।

इस आलेख में कुछ बातें आपस में ही विरोधाभास सा प्रकट करती लगेंगी परन्तु ये अलग-अलग तरह से उठने वाले प्रश्नों के निराकरण के लिए है। अब हम निहायत ही साधारण लोगों द्वारा उठाये जाने वाले तरीके पर बात करेंगे और यहीं राम की मर्यादा और प्रेम की पराकाष्ठा के दर्शन होते हैं। जिस प्रजा में अपनी महारानी को लेकर शंका उत्पन्न हो गयी थी और जिसका प्रतिनिधि एक सामान्य जन को दिखाया गया; धीरे – धीरे ये शंकाएं सीता तक पहुंचतीं और वे स्वयं पता नहीं क्या निर्णय लेकर राम से कौन सा वचन मांग लेतीं उस अपमान की स्थिति से सीता को बचा ले गए। स्वयं पर सीता परित्याग का कलंक ले लिया और सीता को महान बना

गए। ऐसी मर्यादा जो अंततः संवेदना को मर्यादा से ऊपर उठा ही ले गयी। यही है राम के प्रेम की पराकाष्ठा और मर्यादा की भी। जाते- जाते सीता जाने कौन सा वचन मांग लें और रघुकुल वंशी फिर से दोराहे पर खड़ा हो जाए अतः सीता को अनजाने ही वन भेज दिया और स्वयं के लिए एकांतवास चुन कर राज- काज में स्वयं को झोंक दिया। सीता के साथ ही राम भी वन चला गया अयोध्या में रह गया केवल राजाराम। जो नित अग्निपरीक्षा देता है, वनवासी राम तो विरह में रुदन कर सकता है परन्तु राजाराम नहीं।

जितने कटीले, पथरीले वन के रास्ते होते हैं उतने ही कठिन और कंटक भरे राजनीति के पथ होते हैं और उससे भी अधिक कठिन होते हैं दांपत्य जीवन के पथ। निस्संदेह राम – सीता एक सम्पूर्ण दम्पत्ति हैं; जिनके अपने जीवन और उत्तरदायित्वों के प्रति विचार एक हैं, उद्देश्य एक हैं, विधि एक हैं। प्रजा का पालन और सेवा ये संस्कार तो सीता अपने पिता से पहले ही लेकर आयीं थीं और ये संस्कार, संकल्प बन गए जब राम राजा हुए और इस कंटक पथ की यात्रा तो दोनों को एक बार फिर से करनी ही थी।

रामायण की रचना का तो आधार ही विरह था:- क्रौंच वध से उपजी विरह वेदना छंद रूप में प्रस्फुटित हुई और बारम्बार ये विरह वेदना प्रकट होती रही यहाँ तक कि इस कथा का सुखांत भी विरह वेदना के साथ ही हुआ और ऐसा वियोग हुआ राम और सीता का कि युगों-युगों के लिए अनश्वर, अमर संयोग हो गया:- सीताराम जय जय सीताराम।

ये राम कौन है, कैसा है क्या कभी दोबारा भी आएगा ऐसा आदर्श उपस्थित करने कि काल के आगे भी उसकी चर्चा होती रहे! निष्कर्ष स्वरूप हम देखते हैं राम के मर्यादा पुरुषोत्तम होने की जितनी उनकी प्रशंसा की जाये निस्संदेह सीता भी उतनी ही प्रशंसा की पात्र हैं। मैं अपनी इस कविता के साथ इस लेख को समाप्त करती हूँ:-

सबने बल देखा था मेरा, दुर्बलता कोई न देख सका।
मैं छुपा रहा तुम चलीं गईं, मैं वो क्षण भी न देख सका।
मैं कह पता तो कहता, मैं सह पता तो कहता।
तुम सबला थीं मैं निर्बल था, तुमसे तो मैं दुर्बल था।
तुम निर्जन में भी सबल रहीं, मैं महलों में भी निर्बल था।
ये प्रेम ही शक्ति बनता है और दुर्बल भी वो करता है।
मैं धनुष उठा तो सकता था, पर नयन न तुमसे मिला सका।
समय चला चलता ही गया, संताप मेरा न मिटा सका।
हर पुकार बस मन में रह गयी, स्वर तुम तक पहुंचा न सका।
जो मैंने तुमसे कहा नहीं! क्या ऐसा ही था कहा नहीं?
यदि कह पाता, क्या कहता मैं? अपराधी सा बस रहता मैं!
मैं स्वयं, स्वयं से बचा गया, हा! तुमने मुझे क्षमा किया!!
मैं आज भी ये दुःख सहता हूँ, तेरे नाम के पीछे छुपता हूँ।
जब तक न तेरा नाम जुड़े आधा- अधूरा लगता हूँ।
यह भी तो त्याग तुम्हारा है, तुमसे ही प्रेम हमारा है।
तुम बल थीं मेरा सदा रहीं, चाहे पास रहीं या जुदा रहीं।

राम चरित के विकास में नारियों का योगदान

सरस्वती मल्लिक

श्रीमती सरस्वती मल्लिक रामचरितमानस के अध्ययन एवं लेखन में विशेष रूचि रखती हैं। RamQuest अंग्रेज़ी पत्रिका एवं अन्य पत्रिकाओं में इनके लेख प्रकाशित हुए हैं। वे वार्षिक रामचरित मंथन में कई बार वक्ता रह चुकी हैं एवं मानस से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेती हैं।

सारांश

श्री राम के चरित्र के विकास में नारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी तीन माताओं के अतिरिक्त अनेकों नारियों ने इसमें योगदान दिया। सबसे बड़ी भूमिका माता सती और पार्वती की है। सती ने राम जिज्ञासा में अपने पति शिव से परित्याग का दु:ख पाया और प्राण त्याग दिया। फिर पार्वती रूप में अपने पति शिवजी को रामकथा उपदेश की प्रेरणा दे रामचरित को उजागर किया। सीता जी ने प्रथम मिलन में ही रामको पुरुषोत्तम बना दिया और राम-महिमा के लिये अपार कष्ट सहे। ऋषि-पत्नी अहिल्या ने पतितपावन नाम दिया। शवरी ने राम को सुग्रीव और हनुमानजी से मिलाकर रामचरित को बढाया और राम के नवधा भक्ति उपदेश से विश्व का कल्याण किया। शत्रु पत्नी तारा और मन्दोदरी ने राम के स्वरूप को पहचाना और प्रकाशित किया। खलनायिका राक्षसी तारका और शूर्पणखा ने भी राम चरित के विकास में योगदान दिया।

भूमिका

मर्यादा पुरुषोत्म भगवान राम ने भक्तों के उद्धार और दुष्टों के संहारके लिये इस धरती पर अवतार लिया और तरह तरह की लीलाएँ की। इस राम चरित के विकास में नारियों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। इन नारियों में उनकी माता रानी कौशल्या और सौतेली मातायें कैकेयी और सुमित्रा, सनातन संगिनी और लक्ष्मी अवतार माता सीता के योगदान के अतिरिक्त अनेकों नारियों ने अपनी भूमिका निभाई। ये सब समाज और देश के विभिन्न वर्गों से थीं। इन अन्य नारियों में प्रमुख नाम हैं - आदि शक्ति माता सती और पार्वती, महर्षि गौतम की पत्नी अहल्या, आदिवासी भक्त शबरी, बालि की पत्नी तारा और रावनकी पत्नी मंदोदरी। राक्षसी तारका, त्रिजटा और शूर्पणखा की भूमिका भी उल्लेखनीय है। यह भी उल्लेखनीय है कि रामकथा की चार नारियाँ, अहल्या, सीता, तारा, और मंदोदरी प्रात:स्मरणीय पंचकन्या में सम्मिलित हैं।

अहल्या द्रौपदी सीता तारा मन्दोदरी तथा।
पंचकन्याः स्मरेन्नित्यं महापातकनाशिन्याः ॥

अहल्या, द्रौपदी, सीता, तारा और मंदोदरी इन पंचकन्याओं का प्रतिदिन स्मरण करना चाहिए, ये महा पापों का नाश करने वाली हैं। (नोट: एक अन्य रूप में इस श्लोक में सीता की जगह कुन्ती लिखा मिलता है।)

माता सती और पार्वती

गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस की रामकथा में भगवान शिवकी अर्धांगिनी आदिशक्ति और पार्वती की महत्वपूर्ण भूमिका वर्णित है। माता सती ने राम की जिज्ञासा में पति को खोने पर प्राण त्याग दिया। फिर पार्वती के रूप में पति शिवजी से रामकथा का प्रकास विश्व कल्याण के लिये कराया। आदिशक्ति का, राम का महाविष्णु के रूप में महिमामंडन रामचरित के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। रावण द्वारा माता सीता के अपहरण के बाद राम और लक्ष्मण उनकी खोज में वन-वन घूम रहे थे। भगवान शिव माता सती के साथ महर्षि अगस्त्य के आश्रम गये। वहाँ राम जी को देखकर शिवजी ने मन हीं मन प्रणाम किया। यह देखकर सती माता को आश्चर्य हुआ। वे सीता का रूप धरकर रामजी के पास गई। रामजी ने उनके वास्तविक स्वरूप को जान लिया और नाम लेकर प्रणाम किया और शिवजी का कुशल पूछा। सती इसपर लज्जित होकर शिवजी के पास वापस आई और इसको छुपाकर शिवजी से झूठ बोली। शिवजी सब समझ गये। उन्होनें सती के सीता का रूप लेने से दु:खी होकर उनका त्याग कर दिया। सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में प्राण त्याग दिया फिर पार्वती के रूप में जन्म लेकर शिवजी की पत्नी बनी। उन्होनें शिवजी से रामजी के बारे में बातचीत की। तुलसीदासजी ने इसका बहुत अच्छा वर्णन किया है।

मैं बन दीखि राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुम्हहि सुनाई॥
तदपि मलिन मन बोधु न आवा। सो फलु भली भाँति हम पावा॥

मैं ने (पिछले जन्म में) वन में श्री रामचन्द्रजी की प्रभुता देखी थी, परन्तु अत्यन्त भयभीत होने के कारण मैं ने वह बात आपको सुनाई नहीं। तो भी, मेरे मलिन मन को बोध न हुआ। उसका फल भी मैं ने अच्छी तरह पा लिया॥

अजहूँ कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा बिनवउँ कर जोरें॥
प्रभु तब मोहि बहु भाँति प्रबोधा। नाथ सो समुझि करहु जनि क्रोधा।

अब भी मेरे मन में कुछ संदेह है। आप कृपा कीजिए, मैं हाथ जोड़कर विनती करती हूँ। हे प्रभो! आप ने उस समय मुझे बहुत तरह से समझाया था (फिर भी मेरा संदेह नहीं गया), हे नाथ ! यह सोचकर मुझ पर क्रोध न कीजिए॥

बंदउँ पद धरि धरनि सिरु बिनय करउँ कर जोरि।
बरनहु रघुबर बिसद जसु श्रुति सिद्धांत निचोरि॥

मैं पृथ्वी पर सिर टेककर आप के चरणों की वंदना करती हूँ और हाथ जोड़कर विनती करती हूँ। आप वेदों के सिद्धांत को निचोड़कर श्री रघुनाथजी का निर्मल यश वर्णन कीजिए॥

अति आरति पूछउँ सुरराया। रघुपति कथा कहहु करि दाया॥
प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥

हे देवताओं के स्वामी ! मैं बहुत ही आर्तभाव (दीनता) से पूछती हूँ, आप मुझ पर दया कर के श्री रघुनाथजी की कथा कहिए। पहले तो वह कारण विचारकर बतलाइए, जिससे निर्गुण ब्रह्म सगुण रूप धारण करता है॥

पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा। बालचरित पुनि कहहु उदारा॥
कहहु जथा जानकी बिबाहीं। राज तजा सो दूषन काहीं॥

फिर हे प्रभु ! श्री रामचन्द्रजी के अवतार (जन्म) की कथा कहिए तथा उन का उदार बाल चरित्र कहिए। फिर जिस प्रकार उन्होंने श्री जानकी जी से विवाह किया, वह कथा कहिए और फिर यह बतलाइए कि उन्होंने जो राज्य छोड़ा, सो किस दोष से॥

बन बसि कीन्हे चरित अपारा। कहहु नाथ जिमि रावन मारा॥
राज बैठि कीन्हीं बहु लीला। सकल कहहु संकर सुखसीला॥

हे नाथ ! फिर उन्होंने वन में रहकर जो अपार चरित्र किए तथा जिस तरह रावण को मारा, वह कहिए। हे सुखस्वरूप शंकर ! फिर आप उन सारी लीलाओं को कहिए जो उन्होंने राज्य (सिंहासन) पर बैठकर की थीं॥

बहुरि कहहु करुनायतन कीन्ह जो अचरज राम।
प्रजा सहित रघुबंसमनि किमि गवने निज धाम॥

हे कृपाधाम ! फिर वह अद्भुत चरित्र कहिए जो श्री रामचन्द्रजी ने किया - वे रघुकुल शिरोमणि प्रजा सहित किस प्रकार अपने धाम को गए।

हे प्रभु ! फिर आप उस तत्त्व को समझाकर कहिए, जिसकी अनुभूति में ज्ञानी मुनिगण सदा मग्न रहते हैं और फिर भक्ति, ज्ञान, विज्ञान और वैराग्य का विभाग सहित वर्णन कीजिए॥

औरउ राम रहस्य अनेका। कहहु नाथ अति बिमल बिबेका॥
जो प्रभु मैं पूछा नहिं होई। सोउ दयाल राखहु जनि गोई॥

(इसके सिवा) श्री रामचन्द्रजी के और भी जो अनेक रहस्य (छिपे हुए भाव अथवा चरित्र) हैं, उनको कहिए। हे नाथ! आपका ज्ञान अत्यन्त निर्मल है। हे प्रभो ! जो बात मैंने न भी पूछी हो, हे दयालु ! उसे भी आप छिपा न रखिएगा॥

शिवजी ने पार्वतीजी के प्रश्नों के उत्तर में सम्पूर्ण रामकथा सुनाई। इसी पर तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना की।

माता सीता

माता सीता भगवान राम की सनातन संगिनी है। राम जी से मिथिला नरेश की पुष्पवाटिका में प्रथम वार मिलन में दोनों स्नेह में बँध गये। फिर धनुर्यज्ञ और विवाह के पश्चात राम एक

राजकुमार से मर्यादा पुरुषोत्तम विख्यात हो गये। सीताजी ने उन्हें करुणानिधान नाम भी दिया। यह रामचरित के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान है। राम जी की समस्त नर लीला में सहयोगिनी रही और अनेको कष्ट प्रसन्नता पूर्वक सहन किया। रावण द्वारा अपहृत होकर लंका में निवास किया। बाद में भी कितनी यातना और परीक्षाओं का सामना किया। परन्तु सर्वदा रामजी की मर्यादा बढ़ाई। लंका में यातना के बीच भी हनुमानजी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और उनके साथ लंका से बाहर नहीं आई। इस से रामजी की अप्रतिष्ठा होती। सीता माता ने अपना समस्त जीवन रामचरित के विकास में समर्पित कर दिया। हनुमान जी जब रामजी के साथ थे उन्होनें हनुमान जी को कोई आशीर्वाद नहीं दिया। जब वे माता सीताके पास गए तो माँ ने आशीर्वादों की बौछार कर दी। राम जी भी अपनी नरलीला में सीताजी के वियोग में दुःखी होकर भटकते हुये खग-मृग से उनका पता पूछते हैं

हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी। तुम्ह देखी सीता मृगनैनी॥

हे पक्षियों ! हे पशुओं ! हे भौरों की पंक्तियों ! तुम ने कहीं मृग नयनी सीता को देखा है ?

तुलसीदास जी कहते हैं -

जनकसुता जग जननि जानकी। अतिसय प्रिय करुनानिधान की॥
ताके जुग पद कमल मनावउँ। जासु कृपाँ निरमल मति पावउँ॥

राजा जनक की पुत्री, जगत की माता और करुणा निधान श्री रामचन्द्रजी की प्रियतमा श्री जानकी जी के दोनों चरण कमलों को मैं मनाता हूँ, जिनकी कृपा से निर्मल बुद्धि पाऊँ॥

गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न।
बंदउँ सीता राम पद जिन्हहि परम प्रिय खिन्न॥1

जो वाणी और उसके अर्थ तथा जल और जलकी लहर के समान कहने में अलग-अलग हैं, परन्तु वास्तव में अभिन्न (एक) हैं, उन श्री सीतारामजी के चरणों की मैं वंदना करता हूँ, जिन्हें दीन-दुःखी बहुत ही प्रिय हैं॥

तुलसीदासजी ने सीता और राम के मिलन का हीं सुंदर वर्णन किया है।

कंकन किंकिनि नूपुर धुनि सुनि। कहत लखन सन रामु हृदयँ गुनि॥
मानहुँ मदन दुंदुभी दीन्ही। मनसा बिस्व बिजय कहँ कीन्ही॥

कंकण (हाथों के कड़े), करधनी और पायजेब के शब्द सुनकर श्री रामचन्द्र जी हृदय में विचार कर लक्ष्मणसे कहते हैं - (यह ध्वनि ऐसी आ रही है) मानो कामदेव ने विश्व को जीतने का संकल्प करके डंके पर चोट मारी है॥

ऐसा कहकर श्री रामजी ने फिर कर उस ओर देखा। श्री सीता जी के मुख रूपी चन्द्रमा (को निहारने) के लिए उनके नेत्र चकोर बन गए। सुंदर नेत्र स्थिर हो गए (टकटकी लग गई)। मानो निमि (जनकजी के पूर्वज) ने (जिन का सब की पलकों में निवास माना गया है, लड़की-दामाद

के मिलन-प्रसंग को देखना उचित नहीं, इस भाव से) सकुचाकर पलकें छोड़ दीं, (पलकों में रहना छोड़ दिया, जिससे पलकों का गिरना रुक गया) ॥

सीता जी की शोभा देखकर श्री राम जी ने बड़ा सुख पाया। हृदय में वे उसकी सराहना करते हैं, किन्तु मुख से वचन नहीं निकलते। (वह शोभा ऐसी अनुपम है) मानो ब्रह्मा ने अपनी सारी निपुणता को मूर्तिमान कर संसार को प्रकट करके दिखा दिया हो ॥

(इस प्रकार) हृदय में सीता जी की शोभा का वर्णन कर के और अपनी दशा को विचारकर प्रभु श्री रामचन्द्र जी पवित्र मन से अपने छोटे भाई लक्ष्मण से समयानुकूल वचन बोले ॥

तात जनकतनया यह सोई। धनुषजग्य जेहि कारन होई ॥
पूजन गौरि सखीं लै आईं। करत प्रकासु फिरइ फुलवाईं ॥

हे तात ! यह वही जनक जी की कन्या है, जिस के लिए धनुष यज्ञ हो रहा है। सखियाँ इसे गौरी पूजन के लिए ले आई हैं। यह फुलवाड़ी में प्रकाश करती हुई फिर रही है।

करत बतकही अनुज सन मन सिय रूप लोभान।
मुख सरोज मकरंद छबि करइ मधुप इव पान ॥

यों श्री राम जी छोटे भाई से बातें कर रहे हैं, पर मन सीता जी के रूप में लुभाया हुआ उनके मुख रूपी कमल के छबि रूप मकरंद रस को भौंरे की तरह पी रहा है ॥

चितवति चकित चहूँ दिसि सीता। कहँ गए नृप किसोर मनु चिंता ॥
जहँ बिलोक मृग सावक नैनी। जनु तहँ बरिस कमल सित श्रेनी ॥

सीता जी चकित होकर चारों ओर देख रही हैं। मन इस बात की चिन्ता कर रहा है कि राजकुमार कहाँ चले गए। बाल मृगनयनी (मृग के छौने की सी आँख वाली) सीता जी जहाँ दृष्टि डालती हैं, वहाँ मानो श्वेत कमलों की कतार बरस जाती है ॥

लता ओट तब सखिन्ह लखाए। स्यामल गौर किसोर सुहाए ॥
देखि रूप लोचन ललचाने। हरषे जनु निज निधि पहिचाने ॥

लोचन मग रामहि उर आनी। दीन्हे पलक कपाट सयानी ॥
जब सिय सखिन्ह प्रेमबस जानी। कहि न सकहिं कछु मन सकुचानी ॥

नेत्रों के रास्ते श्री रामजी को हृदय में लाकर चतुरशिरोमणि जानकी जी ने पलकों के किवाड़ लगा दिए (अर्थात नेत्र मूँदकर उनका ध्यान करने लगीं)। जब सखियों ने सीता जी को प्रेम के वश जाना, तब वे मन में सकुचा गईं, कुछ कह नहीं सकती थीं ॥

सीता जी शान्ति की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। राम जी उन्हें पाकर सीताराम बने और असंख्य जीवों ने जयसियाराम के जप से शान्ति और सुख प्राप्त किया।

अहिल्या

पंच कन्याओं में माता अहिल्या का भी नाम शामिल हैं। अहल्या, द्रोपदी, सीता, तारा, मंदोदरी ये हैं पंच कन्याएं। इनका स्मरण करने से हर तरह के पापों का नाश होता है। हिन्दू परम्पराओं में पंच कन्याओं का नाम आदर से लिया जाता है। ब्रह्मा जी की मानस पुत्री अहल्या अति सुंदर थी। इनका विवाह गौतम ऋषि के साथ हुआ था। एक बार इन्द्र गौतम ऋषि का रुप लेकर अहल्या के पास चला गया और उन से संसर्ग करने की चेष्टा की। अहिल्या इंद्र को पहचान न सकी। इसी दौरान गौतम ऋषि भी वहां पहुंच गए। उन्हें वहां देखकर इंद्र लज्जित हुआ और उसे उन के श्राप का भी शिकार होना पड़ा। गौतम ऋषि ने अहिल्या को भी श्राप दे दिया। अहिल्या पाषाण बन गईं। इसके बाद गौतम ऋषि हिमालय में साधना करने के लिए चले गए। कालांतर में जब भगवान राम वहां आए तो उन्होंने माता अहिल्या का उद्धार किया और फिर उन्हें उसी रूप में सामने खड़ा कर दिया। अहल्या के सारे पाप धुल गए और राम जी का नाम 'पतितपावन' विख्यात हो गया। उनके चरण धूलि की महिमा सुदूर देश में केवट तक पहुँच गई। रामचरित के विकास में यह महत्त्वपूर्ण योगदान है।

तुलसीदासजी ने मानस में इसका बहुत सुंदर वर्णन किया है।

ऋषि विश्वामित्र, राम जी से कहते हैं -

गौतम नारि श्राप बस उपल देह धरि धीर।
चरन कमल रज चाहति कृपा करहु रघुबीर॥

गौतम मुनि की स्त्री अहल्या शाप वश पत्थर की देह धारण किए बड़े धीरज से आप के चरण कमलों की धूलि चाहती है। हे रघुवीर ! इस पर कृपा कीजिए॥

परसत पद पावन सोकनसावन प्रगट भई तपपुंज सही।
देखत रघुनायक जन सुखदायक सनमुख होइ कर जोरि रही॥
अति प्रेम अधीरा पुलक शरीरा मुख नहिं आवइ बचन कही।
अतिसय बड़भागी चरनन्हि लागी जुगल नयन जलधार बही॥1॥

श्री रामजी के पवित्र और शोक को नाश करने वाले चरणों का स्पर्श पाते ही सचमुच वह तपोमूर्ति अहल्या प्रकट हो गई। भक्तों को सुख देने वाले श्री रघुनाथ जी को देखकर वह हाथ जोड़ कर सामने खड़ी रह गई। अत्यन्त प्रेम के कारण वह अधीर हो गई। उसका शरीर पुलकित हो उठा, मुख से वचन कहने में नहीं आते थे। वह अत्यन्त बड़भागिनी अहल्या प्रभु के चरणों से लिपट गई और उसके दोनों नेत्रों से जल (प्रेम और आनंद के आँसुओं) की धारा बहने लगी॥

मुनि श्राप जो दीन्हा अति भल कीन्हा परम अनुग्रह मैं माना।
देखेउँ भरि लोचन हरि भव मोचन इहइ लाभ संकर जाना॥

बिनती प्रभु मोरी मैं मति भोरी नाथ न मागउँ बर आना।

पद कमल परागा रस अनुरागा मम मन मधुप करै पाना ॥

मुनि ने जो मुझे शाप दिया, सो बहुत ही अच्छा किया। मैं उसे अत्यन्त अनुग्रह (करके) मानती हूँ कि जिसके कारण मैं ने संसार से छुड़ाने वाले श्री हरि (आप) को नेत्र भरकर देखा। इसी (आपके दर्शन) को शंकरजी सबसे बड़ा लाभ समझते हैं। हे प्रभो ! मैं बुद्धि की बड़ी भोली हूँ, मेरी एक विनती है। हे नाथ ! मैं और कोई वर नहीं माँगती, केवल यही चाहती हूँ कि मेरा मन रूपी भौंरा आपके चरण-कमल की रज के प्रेमरूपी रसका सदा पान करता रहे ॥3॥

जेहिं पद सुरसरिता परम पुनीता प्रगट भई सिव सीस धरी।
सोई पद पंकज जेहि पूजत अज मम सिर धरेउ कृपाल हरी ॥
एहि भाँति सिधारी गौतम नारी बार बार हरि चरन परी।
जो अति मन भावा सो बरु पावा गै पति लोक अनंद भरी ॥4॥

जिन चरणों से परम पवित्र देव नदी गंगाजी प्रकट हुईं, जिन्हें शिव जी ने सिर पर धारण किया और जिन चरण कमलों को ब्रह्मा जी पूजते हैं, कृपालु हरि (आप) ने उन्हीं को मेरे सिर पर रखा। इस प्रकार (स्तुति करती हुई) बार-बार भगवान के चरणों में गिरकर, जो मन को बहुत ही अच्छा लगा, उस वरको पाकर गौतमकी स्त्री अहल्या आनंदमें भरी हुई पति लोक को चली गई ॥

शबरी

शबरी एक भीलनी थी। उसका स्थान प्रमुख राम भक्तों में है। वनवास के समय राम-लक्ष्मण ने शबरी का आतिथ्य स्वीकार किया था और उसके द्वारा प्रेम पूर्वक दिए हुए कन्दमूल फ़ल खाये। कुछ लोग जूठे बेरो का वर्णन करते हैं। परंतु वाल्मीकि, अध्यात्म रामायण तथा मानस में इसका उल्लेख नहीं है। भक्तमाल में जूठे फलों का खाना कहा है। शबरी के प्रेम और भक्ति से प्रसन्न होकर राम जी ने उसे परमधाम जाने का वरदान दिया। भगवान ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश दिया। राम जी ने कहा कि वे केवल भक्ति का नाता मानते हैं जाति, पाँति, कुल और धर्म को नहीं। भगवान का नाम भक्तवत्सल विख्यात हुआ। भगवान ने अपने उपदेश में भक्ति के नौ साधनों का विवरण दिया। वे हैं १. सत्संग, २. भगवान के कथा प्रसंग में रति, ३. गुरु पंकज सेवा, ४. भगवान का गुणगान, ५. भगवान के मंत्र का जाप, इन्द्रिय दमन शील होना और बहुत कर्मों से वैराग्य होना, ७. जगत् भर को एक समान राम मय देखना और संतों को मुझ से अधिक समझना, ८. जथा लाभ, संतोष और स्वप्न में भी पर दोष नहीं देखना, ९. सरल स्वभाव और सब से छलहीन। अन्त में भगवान कहते हैं कि इन नौ में से जिनके मन में एक भी भक्ति रहती है वह भगवान के अतिशय प्रिय है। यहाँ पर उल्लेखनीय है कि नवधा भक्ति का यह उपदेश प्रसिद्ध श्रवणादिक नवधा भक्ति (श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥) से भिन्न है।

शबरी ने रामजी को पंपा सरोवर के पास जाकर बालि के भाई सुग्रीव से मिलने और मित्रता करने को कहा। वहाँ पर हनुमानजी से भेंट हुई और सुग्रीव से मित्रता हो गई। इसने राम कथा की दिशा बदल दी और रावन के विनाश और सीता माता को मुक्त कराने में सहायता की। शबरी जी सामाजिक और राजनयिक बिषयों भी बहुत चतुर थीं। उन्होनें राम जी को सुग्रीव के

पास भेजा जब कि बालि ष्किंधा का राजा था। बालि रावन का मित्र था और रामजी की सहायता कभी नहीं करता था। सुग्रीव बालि का शत्रु था और पीड़ित भी। वह आभार के साथ रावन के विरुद्ध सहायता करता था|

त्रिजटा

त्रिजटा राम भक्त बिभीषण जी की पुत्री है। वह राबण की भ्रातृजा है। राक्षसी उसका वंशगुण है और रामभक्ति उसका पैतृक गुण। लंका की अशोक वाटिका में सीता जी के पहरे पर अथवा सहचरी के रूप में रावण द्वारा जिस स्त्री-दल की नियुक्ति होती है, त्रिजटा उस में से एक है और राम की महिमा का वखान कर रामचरित में योगदान दिया है। अपने सम्पूर्ण चरित्र में सीता के लिये इसने परामर्शदात्री एवं प्राण रक्षिका का काम किया है। यही कारण है कि विरहाकुला और त्रासिता सीता ने त्रिज़टा के सम्बोधन में माता शब्द का प्रयोग किया है|

त्रिजटा सन बोलीं कर जोरी। मातु बिपति संगिनि तें मोरी॥

तारा

तारा वानर राज बालि की पत्नी है। तारा की बुद्धिमता, प्रत्युत्पन्नमतित्वता, साहस तथा अपने पति के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को सभी पौराणिक ग्रन्थों में सराहा गया है। तारा को हिन्दू धर्म ने पंचकन्याओं में से एक माना है। हालांकि तारा की मुख्य भूमिका में रामायण में केवल तीन ही जगह दर्शाया गया है, लेकिन उसके चरित्र ने रामायण कथा को समझने वालों के मन में एक अमिट छाप छोड़ दी है। जिन तीन जगह तारा का चरित्र मुख्य भूमिका में है, वे इस प्रकार हैं :-

- सुग्रीव-बालि के द्वितीय द्वंद्व से पहले तारा की बालि को चेतावनी
- बालि के वध के पश्चात् तारा का विलाप
- सुग्रीव की पत्नी बनने के पश्चात् क्रोधित लक्ष्मण को शान्त करना

मंदोदरी

मंदोदरी रामायण के पात्र, पंचकन्याओं में से एक हैं जिन्हें चिर-कुमारी कहा गया है। मंदोदरी मय दानव की पुत्री थी। उसका विवाह लंकापति रावण के साथ हुआ था और मेघनाथ की माता थी। अतिकाय व अक्षयकुमार इसके अन्य पुत्र थे। रावण को सदा यह अच्छी सलाह देती थी। उसे पता था कि राम भगवान हैं। इनसे मित्रता कर सीता जी को वापस करने की सलाह बार-बार देती थी।

रामचरित के विकाश में दुष्टपात्रों का योगदान

भगवान का अवतार संत जनों की रक्षा, दुष्ट जनों का संहार और पतितों के उद्धार के लिये होता है। इन उद्देश्यों की पूर्ति में दुष्ट पात्रों के सहयोग का रामचरित के विकास में बड़ा योगदान है। इस संदर्भ में ताड़का और शूर्पणखा का विवरण आवश्यक है।

रामचरितमानस में तुलसीदास लिखते हैं -

जब-जब होई धरम की हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी ॥
तब-तब प्रभु धरि विविध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा. ॥

जब-जब धर्म का ह्रास होता है और अभिमानी राक्षस प्रवृत्ति के लोग बढ़ने लगते हैं तब-तब कृपानिधान प्रभु भांति-भांति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं |

भगवद्गीता में भगवान कहते हैं -

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे-युगे ॥4.8॥

साधु पुरुषों के रक्षण, दुष्कृत्य करने वालों के नाश, तथा धर्म संस्थापना के लिये, मैं प्रत्येक युग में प्रगट होता हूँ ॥

ताड़का

ताड़का रामायण की एक दुष्ट पात्र थी। यह सुकेतु यक्षकी पुत्री थी यह अयोध्या के समीप स्थित सुंदर वन में अपने पति और दो पुत्रों, सुबाहु और मारीचके साथ रहती थी। उसके शरीर में हजार हाथियों का बल था। उसके प्रकोप से सुंदर वन का नाम ताड़का वन पड़ गया था। उसी वन में विश्वामित्र सहित अनेक ऋषि-मुनि भी रहते थे। उनके जप, तप और यज्ञ में ये राक्षस गण हमेशा बाधाएँ खड़ी करते थे। विश्वामित्र राजा दशरथ से अनुरोध कर राम और लक्ष्मण को अपने साथ सुंदर वन लाए। राम ने ताड़का का और विश्वामित्र के यज्ञ की पूर्णाहूति के दिन सुबाहु का भी वध कर दिया। मारीच उनके बाण से आहत होकर दूर दक्षिण में समुद्र तट पर जा गिरा। ताड़का का वध दुष्टों के संहार का राम जी का पहला प्रकरण था। इसके बाद वे राजकुमार छात्र से "रघुवीर" नाम से विख्यात हुये। अध्यात्म रामायण में कहा गया है कि ताड़का एक यक्षिणी थी और शाप से राक्षसी बन गई थी। राम जी ने इसका उद्धार किया और वह फिर यक्षिणी बनकर अपने लोक चली गई।

शूर्पणखा

शूर्पणखा रामायण की एक दुष्ट पात्र थी। वह रावण की बहन थी। सूपे जैसी नाखूनों की स्वामिनी होने के कारण उसका नाम शूर्पणखा पड़ा। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, जब राम और लक्ष्मण ने उस से विवाह करने की उसकी याचना को अस्वीकार कर दिया तब वह क्रोधित होकर सीता पर आक्रमण करने के लिये झपटी। इस पर लक्ष्मण ने उसके नाक-कान काट दिये। अपमानित होकर विलाप करती हुई वह अपने भाई रावण के पास गयी और रावण ने इस अपमान का बदला लेने की प्रतिज्ञा की। रावण सीता को चुरा ले गया। राम-रावण युद्ध हुआ। अन्ततः राम ने रावणका वध किया।

आदरणीय मानस प्रेमी जन, आपने देखा कि इन नारियों ने रामचरित के विकास में कितना योगदान दिया और राम जी की गरिमा बढाने में सहायक बनीं। कहा जाता है कि सब सफल

ब्यक्ति के पीछे नारी का हाथ होता है। वास्तव में व्यक्ति, समाज और देश के विकास में नारियों का योगदान आवश्यक है। हमारे ऋषियों ने कहा है -

`यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' । जहॉं नारियों का सम्मान होता है, वहीं देवता रहते हैं।

संदर्भ

रामचरितमानस - गोस्वामी तुलसीदास
अध्यात्म रामायण

हनुमानजी की व्यक्ति पहचानने की कला

आदित्य शुक्ल

डॉ आदित्य शुक्ल एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, प्रभावी वक्ता, प्रगतिशील चिंतक, सुमधुर कवि एवं श्रीरामचरितमानस के अध्येता व प्रवक्ता हैं। रसायन शास्त्र में पी एच डी, ऑपरेशन मैनेजमेंट में एम.बी. ए. तथा हिंदी साहित्य में एम. ए. की शिक्षा प्राप्त हैं। डॉ आदित्य शुक्ल श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों में निहित मानवीय सबंधों के मनोविज्ञान को समझने एवं उसे गीत, कविता तथा व्याख्यान के रुप में सटीक प्रस्तुत करने में दक्ष हैं।

अपने परिवार, समाज, कार्यालय, व्यवसाय व अन्य क्षेत्रों में हमें नियमित रुप से विभिन्न प्रकार के लोगों से मिलना और उनसे व्यवहार करना पड़ता है। लोगों की सार्थक पहचान तथा तदनुरूप उनसे उचित व्यवहार भी जीवन में सफलता को निर्धारित करता है। यदि व्यक्तित्व के संदर्भ में इस विषय पर सूक्ष्म रूप से विचार करें तो तीन बातें महत्वपूर्ण हैं:

1. व्यक्ति की सही पहचान
2. व्यक्ति की समय पर पहचान
3. व्यक्ति को पहचानने के पश्चात उनसे समुचित व्यवहार

इन तीनों मापदंडों पर शत-प्रतिशत खरे उतरने वाले बिरले लोग होते हैं। बहुत से लोगों को तो व्यक्ति की सही पहचान ही नहीं होती। कुछ लोग होते हैं, जिन्हें व्यक्ति की पहचान तो होती है, मगर समय निकल जाने के बाद। इसके लिये उन्हें या तो दुर्जनों के साथ कटु अनुभव से गुजरना पड़ता है या फिर श्रेष्ठ व्यक्तियों से बिछड़ना पड़ता है। दोनों ही स्थितियों में नुकसान पहले ही हो चुका होता है। तीसरी स्थिति तो इन दो स्थितियों से भी ज्यादा पीड़ादायक है, जब व्यक्ति में औरों को समय पर ही परख लेने की क्षमता तो होती है, मगर वे उनसे उचित व्यवहार करना नहीं जानते।

सामान्यतः यह भी देखा गया है कि श्रेष्ठ व्यक्ति को श्रेष्ठ की तथा दुष्ट व्यक्ति को दुष्ट की पहचान करने की क्षमता होती है। किन्तु आदर्श स्थिति में किसी व्यक्ति में श्रेष्ठ व दुष्ट व्यक्ति, दोनों को समान रूप से पहचान करने का कौशल होना चाहिए। यही विशेषता हनुमानजी के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण गुण है।

हम इस संदर्भ में सुंदरकाण्ड में वर्णित हनुमानजी की लंका यात्रा के दौरान घटने वाली घटनाओं पर चिंतन करते हैं। जब हनुमान जी लंका की ओर प्रस्थान करते हैं तो सीताजी से मिलने से पहले उनकी भेंट अन्य पांच लोग क्रमशः मैनाक, सुरसा, समुद्र की निशिचरी, लंकिनी और विभीषण से होती है।

इन पाँचों से हनुमान जी का कोई पूर्व परिचय नहीं था। वे उन्हें लंका जाते समय मार्ग में ही मिलते हैं। हनुमानजी उन पाँचों की न केवल तुरन्त और सही पहचानते करते हैं बल्कि उन सबके साथ समुचित एवं अलग-अलग व्यवहार करते हैं। 'मैनाक' को प्रणाम करते हैं, 'सुरसा' को माँ कहते हुए और उनके साथ कौतूहल करते हैं, समुद्र में रहने वाली 'निशिचरी' के साथ बिना किसी वार्तालाप के सीधे उसका वध करते हैं, 'लंकिनी' पर मुष्टिका प्रहार करते हैं और 'विभीषण' से गले मिलकर मित्रता करते हैं। जीवन में सफलता पाने के लिये हनुमानजी के इस अनोखे एवं रोचक व्यवहार के मर्म को समझना नितांत आवश्यक है। इन पांचों घटनाओं पर एक एक करके विचार करते हैं।

1. हनुमानजी की मैनाक से भेंट

जब हनुमानजी लंका की ओर प्रस्थान करते हुए समुद्र के ऊपर से जाते हैं तब उनकी पहली मुलाकात 'मैनाक' से होती है। हनुमानजी की थकावट दूर करने के लिये समुद्र मैनाक को हनुमानजी की सेवा में भेजते हैं।

जलनिधि रघुपति दूत बिचारी। तैं मैनाक होहि श्रम हारी।।

मानस में वर्णन आता है कि 'मैनाक' सोने का एक पर्वत है। यहाँ कितना सुंदर संकेत है कि जब आप बड़े लक्ष्य के लिये समर्पित होकर कर्म करना प्रारम्भ करते हैं तब रास्ते में अनेक प्रकार के सुख-सुविधा व प्रलोभन पहले ही मिलना शुरू हो जाता है। कई लोग तो इन्हीं प्रलोभनों में उलझकर लक्ष्य से भटक जाते हैं। इसमें यह आवश्यक नहीं कि प्रलोभन हमेशा कोई गलत व्यक्ति द्वारा या गलत भावना से दिया जाता है। कई बार यह कार्य परिवार के सदस्य, कोई शुभचिंतक या आपसे कृतज्ञ लोग भी आपको सुविधा पहुंचाने के लिये कर सकते हैं। वस्तुतः मैनाक भी अपनी कृतज्ञता के कारण ही हनुमानजी के सम्मुख प्रस्तुत होते हैं। हनुमानजी यह तुरन्त समझ जाते हैं और मैनाक द्वारा प्रस्तुत सेवा का तिरस्कार नहीं करते अपितु संकेत रूप में उसे हाथों से छूकर स्वीकार करते हैं और साथ ही प्रणाम करते हुए कहते हैं कि हे मैनाक, मैं श्रीरामचंद्रजी के कार्य सम्पन्न किये बिना विश्राम नहीं कर सकता।

हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम। राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहाँ बिश्राम।।

इस प्रकार हनुमान जी मैनाक की पहचान एक शुभचिंतक के रूप में करते हुए उसके द्वारा प्रस्तुत सेवा का सम्मान करते हैं किंतु उसमें उलझे बिना ही अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाते हैं।

2. हनुमानजी की सुरसा से भेंट

जब हनुमान जी मैनाक से विदा लेकर आगे बढ़ते हैं तो उन्हें 'सुरसा' मिलती है। 'सुरसा' का परिचय सुन्दकाण्ड में तुलसीदास जी सर्पों की माता के रूप में कराते हैं।

जात पवनसुत देवन्ह देखा। जानैं कहुँ बल बुद्धि बिसेषा।।

सुरसा नाम अहिन्ह कै माता। पठइन्हि आइ कही तेहिं बाता।।

इसके पश्चात सुरसा जो बात हनुमानजी से कहती है वह समझाना विशेष महत्व की है। वह हनुमानजी से कहती है कि "आजु सुरन्ह मोहि दीन्ह अहारा" अर्थात् आज देवताओं ने मुझे भोजन दिया है। यह सुनते हनुमानजी समझ जाते हैं कि सुरसा संस्कारवान एवं ईश्वर के प्रति कृतज्ञ है। यदि वह मुझे खाना भी चाहती है तो वह उसका स्वभाविक गुण है। क्योंकि सर्पिणी अपने स्वभाववश स्वयं के बच्चों को खा जाती है। सुरसा के मुँह से देवताओं के प्रति कृतज्ञता के शब्द सुनकर हनुमानजी उसे 'माई' अर्थात माँ शब्द से सम्बोधित करते हैं। साथ ही कहते हैं हे माँ अभी मैं अपने प्रभु श्री रामजी की सेवा में हूँ। मैं इस कार्य को पूर्ण करके लौट आऊँ और सीताजी की खबर प्रभु श्रीराम को सुना दूँ, उसके पश्चात मैं स्वयं आकर तुम्हारा आहार बन जाऊंगा। हे माता! मैं सत्य कहता हूँ, अभी मुझे जाने दो।

राम काजु करि फिरि मैं आवौं। सीता कइ सुधि प्रभुहि सुनावौं
तब तव बदन पैठिहउँ आई।सत्य कहउँ मोहि जान दे माई।।

इस तरह से हनुमानजी न केवल सुरसा की पहचान करते हैं अपितु अपने बल और बुद्धि के समुचित प्रयोग से उसे प्रभावित भी करते हैं। फलस्वरूप जो सुरसा कुछ देर पहले हनुमान जी को खा जाने की बात कह रही थी, अब वही प्रसन्न होकर हनुमानजी को आशीष देती हैं।

राम काजु सबु करिहहु तुम्ह बल बुद्धि निधान।आसिष देइ गई सो हरषि चलेउ हनुमान।।

अब सुरसा से आशीर्वाद प्राप्त कर हनुमानजी हर्षित होकर आगे की यात्रा प्रारंभ करते हैं।

3. हनुमानजी की निशिचरी से भेंट

सुरसा के बाद हनुमानजी की जिससे भेंट होती है वह समुद्र में रहने वाली एक राक्षसी है। जिसका नाम भी ज्ञात नहीं है। तुलसीदास जी उसे केवल निशिचरी के नाम से संबोधित करते हैं। वह निशिचरी आकाश में उड़ने वाले जीव-जंतुओं को जल में उनकी परछाईं देखकर ही पकड़ लेती थी। जिससे वे जंतु उड़ नहीं सकते थे और जल में गिर पड़ते थे। इस प्रकार वह सदा आकाश में उड़ने वाले जीव-जंतुओं को अपना शिकार एवं भोजन बनाया करती थी। उस निशिचरी ने हनुमानजी से भी वही छल करना चाहा। परन्तु हनुमानजी तुरंत उसकी कपट को पहचान लेते हैं तथा बिना कोई समय गवाएं उस राक्षसी का वध करके समुद्र पार करते हैं।

सोइ छल हनूमान् कहँ कीन्हा। तासु कपटु कपि तुरतहिं चीन्हा।।
ताहि मारि मारुतसुत बीरा। बारिधि पार गयउ मतिधीरा।।

इस प्रसंग में छुपे तथ्य पर विचार करने से हमें ज्ञात होता है कि हमारे जीवन में भी निशिचरी के समान कई लोग होते हैं। जिनका नाम भी हम नहीं जानते। वे हमारे परछाई अर्थात नाम, यश, प्रतिभा, सम्मान, अवसर, इत्यादि को छलपूर्वक ग्रसना चाहते हैं और किसी भी माध्यम से अपना शिकार बनाना चाहते हैं। इस निशिचरी को मनुष्य के भीतर पाये जाने वाले मनोविकारों

के प्रतीक के रूप में भी समझ सकते हैं। जो हमारी सफलता के लिये सबसे ज्यादा घातक है। सुन्दकाण्ड का यह प्रसंग हमें यह सूत्र देता है कि हम अपने व्यक्तित्व में छुपे अनाम व अंजान विकारों का बुद्धि पूर्वक पहचानकर, उनका बलपूर्वक दमन करें। इसके पश्चात ही सफलता की राह में आगे बढ़ा जा सकता है।

4. हनुमानजी की लंकिनी से भेंट

जब हनुमानजी मच्छर के समान सूक्ष्म रूप धरकर लंका में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं उस समय उनकी भेंट 'लंकिनी' नाम की एक राक्षसी से होती है। लंका की द्वारचारिका लंकिनी सूक्ष्म दृष्टि वाली है। वह हनुमानजी को अतिलघु रूप में अंधेरे में भी देख लेती हैं और कहती है कि तुम मेरा निरादर करके या मुझसे बचकर यहाँ से नहीं जा सकते।

मसक समान रूप कपि धरी। लंकहि चलेउ सुमिरि नरहरी।।
नाम लंकिनी एक निसिचरी। सो कह चलेसि मोहि निंदरी।।

लंकिनी इससे आगे हनुमानजी से कहती है कि अरे मूर्ख! तूने मेरा भेद नहीं जाना है। जितने चोर हैं, वे सब मेरे आहार हैं। इतना सुनते ही हनुमान्जी उस पर मुष्टिका प्रहार करते हैं, जिससे वह खून की उलटी करती हुई पृथ्वी पर गिर पड़ती है। हनुमानजी के मुष्टिका प्रहार से ही लंकिनी को समझ में आ जाता है कि ये मच्छर के सामान रूप वाले पुरुष कोई साधारण व्यक्ति नहीं है। फिर वह अपने को संभालकर उठी और डर के मारे हाथ जोड़कर विनती करने लगती है।

जानेहि नहीं मरमु सठ मोरा। मोर अहार जहाँ लगि चोरा।।
मुठिका एक महा कपि हनी। रुधिर बमत धरनीं ढनमनी।।
पुनि संभारि उठी सो लंका। जोरि पानि कर बिनय ससंका।।

इस प्रसंग को हम आज के सन्दर्भ में समझें तो लंकिनी एक प्रतिभावान प्रहरी है जो एक विशेष जिम्मेदारी के साथ लंका के प्रवेश द्वार में पहरा करती है। हनुमानजी से पहले ही सम्बोधन में वह 'मूर्ख' शब्द का प्रयोग करती है। उसके इस सम्बोधन से हनुमानजी भलीभांति जान जाते हैं कि लंकनी में संस्कार एवं व्यक्ति को पहचानने की सही समझ नहीं है। यहाँ लंकिनी की बातों में एक बड़ा विरोधाभास भी है। वह कहती है कि जो चोर है वह मेरे आहार हैं। वस्तुतः चोर तो रावण है जो सीताजी को चुराकर लंका ले आया है। यह बात लंकिनी भी जानती है मगर "वह असली चोर रावण को अपना आहार बनाने की जगह चोर को पकड़ने की चेष्ठा रखने वाले हनुमानजी को अपना आहार बनाने का प्रयास करती है।" अर्थात 'लंकिनी' जो कह रही है और उसकी जो जिम्मेदारी है वह उसके विपरीत कार्य करते हुए प्राप्त शक्तियों का दुरुपयोग कर रही थी। हनुमानजी मुष्टिका से प्रहार कर उसे सही कर्तव्यों का ज्ञान कराते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि जो लंकिनी पहले हनुमानजी को आहार समझ रही थी, अब वही उनके सहायक बनकर लंका में प्रवेश करने तथा सब कार्य सम्पन्न करने की प्रेरणा देती हैं।

प्रबिसि नगर कीजे सब काजा। हृदयँ राखि कोसलपुर राजा।।

5. हनुमानजी की विभीषण से भेंट

इस प्रसंग के अंतिम क्रम में हनुमानजी की भेंट विभीषण से होती है। जब हनुमानजी सीताजी की खोज में लंका के भीतर विचरण करते रहते हैं, तब उनकी दृष्टि एक ऐसे घर पर पड़ती है जहां श्रीराम के आयुध धनुष-बाण के चिन्ह अंकित थे। इसके साथ ही हनुमानजी उस घर में तुलसी के पौधों के समूह को देखकर प्रसन्न हो जाते हैं ।

रामायुध अंकित गृह सोभा बरनि न जाइ।
नव तुलसिका बृंद तहँ देखि हरष कपिराई॥

विभीषण के घर के परिदृश्य को बाहर से ही देखकर हनुमानजी जान जाते हैं कि यह किसी सज्जन का घर है। किंतु हनुमानजी मन में विचार करते हैं कि लंका एक मायावी नगरी है., यहां राक्षसों का ही वास है। इसलिये किसी पर सहज विश्वास करना ठीक नहीं है । हनुमानजी मन में यह विचार करते रहते हैं। उसी समय विभीषण जग जाते हैं।

लंका निसिचर निकर निवासा। इहाँ कहाँ सज्जन कर बासा॥
मन महुँ तरक करैं कपि लागा।तेहीं समय बिभीषनु जागा॥

जैसे ही विभीषण जागते हैं, हनुमानजी दूर से उनके क्रियाकलापों पर नज़र रखते हैं। कुछ देर बाद विभीषण के मुख से श्रीराम नाम का सुमिरन सुनते ही हनुमानजी जान जाते हैं कि ये अवश्य ही सज्जन व्यक्ति है और यह जानकर उनका हृदय हर्ष से भर जाता है।

राम राम तेहिं सुमिरन कीन्हा। हृदयँ हरष कपि सज्जन चीन्हा॥

लोगों को पहचानने का हनुमानजी का यह विशिष्ट तरीका है। विभीषण के घर में मंगल प्रतीक चिन्हों को देखने के बाद भी हनुमान जी के मन में संशय बना रहता है। किन्तु जब वे विभीषण के मुख से श्रीराम नाम का सुमिरन सुनते हैं तो उन्हें विश्वास हो जाता है कि विभीषण संत पुरुष हैं। क्योंकि हनुमानजी जानते हैं कि श्रीराम का नाम माया से परे है। श्रीराम के नाम का सुमिरन करने वाला व्यक्ति राक्षस नहीं हो सकता। हनुमानजी तय करते हैं कि मैं इस संतपुरुष से हठ पूर्वक परिचय करूँगा। क्योंकि उन्हें पता था कि साधु से मिलने से लाभ हो न हो, हानि कभी नहीं होती।

एहि सन हठि करिहउँ पहिचानी। साधु ते होइ न कारज हानी॥

और इस तरह हनुमानजी विभीषण का विचारपूर्वक पहचान कर मित्रता करते हैं। इस भेंट की भी अपनी एक विशेषता है। इससे पहले हनुमानजी की मैनाक, सुरसा, राक्षसी व लंकिनी से भेंट हुई थी। मगर वे सब के सब स्वयं आगे आकर हनुमानजी से मिले थे। इसके विपरीत विभीषण से मिलने के क्रम में हनुमानजी स्वयं आगे बढ़कर उनसे मिलते हैं और मित्रता करते हैं। और यही मित्रता आगे चलकर न केवल सीताजी की खोज में हनुमानजी की मदद करतें हैं बल्कि श्रीराम द्वारा रावण वध करने में भी सहायक होते हैं।

उपसंहार

हम सब भी अपने परिवार, समाज, कार्यालय, व्यवसाय एवं कर्म क्षेत्र में ऐसे ही पाँच प्रकार के लोगों से मिलते हैं। इसमें से पहले प्रकार के लोग 'मैनाक' जैसे होते हैं, जो हमारे हितैषी व शुभचिंतक बनकर, हमारे समक्ष सुख-सुविधा मुहैया कराकर या कई प्रकार के प्रलोभन देकर हमें बड़े लक्ष्य के प्रति समर्पित होने से अनजाने ही रुकावट बनते हैं।

दूसरे प्रकार के लोग 'सुरसा' के समान होते हैं जो साधन सम्पन्न एवं संस्कारी तो होते हैं। मगर अपने स्वभाव एवं अहंकार के कारण या तो हमारी परीक्षा लेते हैं या हमको नुकसान पहुंचाने की चेष्ठा करते हैं।

तीसरे प्रकार के लोग समुद्र की निसिचरि जैसे होते हैं। जिनका नाम, परिचय व उद्देश्य का ज्ञान हमें नहीं रहता मगर वे हमारी छाया अर्थात यश, वैभव, प्रसिद्धि, इत्यादि को देखकर आपको ग्रसने की योजना बनाते रहते हैं। हम इसे स्वयं के भीतर उपस्थित मनोविकार मान सकते हैं।

चौथे प्रकार के लोग 'लंकिनी' जैसे होते हैं। जो समाज में किसी विशेष जिम्मेदारी की तहत होते हैं। मगर वे समाज से प्राप्त शक्ति एवं संसाधन का दुरुपयोग कर हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इनकी आंखे इतनी पैनी होती है कि ये हमारी छोटी से छोटी गतिविधियों को भी पहचान लेते हैं और हमको आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास करते हैं।

पांचवा व अंतिम प्रकार के लोग 'विभीषण' जैसे होते हैं। जो समाज में धर्म, न्याय, सत्कर्म तथा पुरुषार्थ के पक्षधर होने कारण समाज में उपेक्षित होते हैं।

हम अपने कर्म क्षेत्र में बल और बुद्धि के समुचित प्रयोग करते हुए इन पांच प्रकार लोगों की यथाशीघ्र पहचान तथा सबसे यथायोग्य व्यवहार करने की कला हनुमानजी के चरित्र से सीखकर अपना मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

त्यागहु तम अभिमान
अलका प्रमोद

18 जुलाई को लखनऊ, भारत में जन्म। वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर। 24 कृतियाँ प्रकाशित, 2 प्रकाशनाधीन। 20 कृतियों के संपादन से सम्बद्ध। देश-विदेश से विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन व प्रसारण। कृतियों पर छात्रों द्वारा शोध। उर्दू, असमिया में रचनाओं का अनुवाद। पाठ्यक्रम में बालकहानी सम्मिलित। कहानी का नाट्य मंचन। पूर्व में 'जनसंदेश' में स्तम्भ लेखन। 45सम्मान/पुरस्कार प्राप्त।

'राम चरित मानस' धर्म ग्रंथ ही नहीं मानव समाज के लिये समाजनीति, राजनीति, अर्थनीति और धर्मनीति का शिक्षण है जो एक उत्कर्ष समाज निर्माण का सद्मार्ग दिखाता है। यह उसकी सोई हुई चेतना को जाग्रत करता नीति शास्त्र है जिसमें मानव के व्यवहारिक जीवन की सम्पूर्ण नीतियों का वर्णन है। राम चरित मानस आस्था का पर्याय तो है ही सामाजिक और व्यवहारिक नीतियों के रत्नों से परिपूर्ण वह सागर है जो चिन्तन मनन योग्य हैं। यह संभवतः एक मात्र ग्रन्थ है जिसमें मानव समाज की प्रत्येक काल- परिस्थिति में अनुकरणीय व्यवहार की व्याख्या की गयी है। कहना न होगा कि सम्पूर्ण मानस नीति के विभिन्न पक्षों की पाठशाला है जो हमारी संस्कृति का दर्पण तो है ही साथ ही समाज को संस्कारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रामायण में वर्णित घटनाएं दुष्प्रवृत्ति के प्रति चेताती है।

यद्यपि कवि श्रेष्ठ तुलसीदास ने काम, क्रोध, मद, अभिमान, लोभ, मोह, क्षोभ, राग, कपट सभी दुर्गुणों से दूर रहने का संदेश दिया परन्तु अभिमान को मानव प्रकृति के लिये सर्वाधिक निकृष्ट श्रेणी में मान कर कवि ने सम्पूर्ण मानस में बार-बार अहंकार के प्रति मानव को चेताने का प्रयास किया है। आदि से अंत तक विविध प्रसंगो के माध्यम से राम चरित मानस में अभिमान को त्यागने का विशेष संदेश है। सम्पूर्ण राम गाथा में जिसने भी अहंकार किया, वह चाहे कितना भी सामर्थ्यवान हो अंततः उसका नाश ही हुआ है। चाहे वह बालि हो, मेघनाथ हो या रावण जिसने भी अहंकार किया वह नष्ट हो गया। रावण का दंभ ही तो पूरे लंका कांड का कारण बना।

मानस में बाल कांड से ले कर उत्तर कांड तक विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से अहंकार को निकृष्ट मानव दुर्गुण सिद्ध किया गया है। बाल कांड में स्वयं भगवान शंकर ने विष्णु के रामावतार के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि-

बोले बिहसि महेस तब ज्ञानी मूढ़ न कोइ। जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ।।

अर्थात न कोई ज्ञानी, न ही कोई मूर्ख, श्री रघुनाथ जब जिसको जैसा करते हैं वह उसी क्षण वैसा ही हो जाता है। अतः कभी अहंकार नहीं करना चाहिये जो करते हैं, समाज में आगे नहीं बढ़ पाते।

सम्पूर्ण रामायण में बार-बार प्रत्येक विवेकशील व्यक्ति ने अहंकार त्यागने का आग्रह किया है। अयोध्या कांड में जब पिता दशरथ से माता कैकेयी ने भरत के लिये राजगद्दी और राम के वन गमन का वरदान माँगा तब राजा को अपने वचन की रक्षा के लिये राम को वन भेजना पड़ा। राम जब वन के लिये प्रस्थान करने लगे तो उनकी सहगामिनी सीता और राम के पग-पग पर अनुयायी अनुज, लक्ष्मण ने भी उनका अनुसरण किया तब राम को अपनी पत्नी और अनुज की रक्षा की चिन्ता हुई। वह अपनी समस्या के समाधान हेतु गुरू बाल्मीकि के आश्रम गये और उनसे पूछा कि सीता और लक्ष्मण को ले कर कहा जाऊँ, उत्तर में बाल्मिीकि ने कहा-

काम कोह मद मान न मोहा। लोभ न छोभ न राग न द्रोहा।।
जिन्ह कें कपट दंभ नहिं माया। तिन्ह कें हृदय बसहु रघुराया।।

अर्थात जिनके न तो काम, क्रोध, मद, अभिमान और मोह हैं, न लोभ है, न क्षोभ है, न राग है, न कपट, न दम्भ और न माया ही है, हे रघुराज! आप उनके हृदय में निवास कीजिये।

अरण्य कांड का एक प्रसंग है जब राम और उनके अनुज लक्ष्मण आपस में चर्चा कर रहे थे। लक्ष्मण ने अग्रज राम से कहा कि 'उस भक्ति के बारे में बताइये जिसके कारण आप सब पर दया करके मर्यादा पुरषोत्तम रूप में अन्य गुणों के साथ उनकी विनम्रता सर्वाधिक करते हैं' तो राम ने संतों के गुण बताते हुए कहा-

मम गुन गावत पुलक सरीरा। गदगद गिरा नयन बह नीरा।।

काम आदि मद दंभ न जाकें। तात निरंतर बस मैं ताकें।।'' मेरा गुण गाते समय जिसका शरीर पुलकित हो जाए, वाणी गदगद हो जाए, और नेत्रों से प्रेमाश्रुओं का जल बहने लगे और काम मद और दम्भ आदि जिसमें न हों, हे भाई! मैं सदा उसके वश में रहता हूँ। अतः यदि प्रभु की कृपा प्राप्त करनी है तो उनके प्रति प्रेम भक्ति तो वांछित है ही साथ में काम, मद और दंभ को त्यागना होगा।

लक्ष्मण के समान ही एक बार नारद मुनि ने भी प्रभु राम से संतों के लक्षण के विषय में जिज्ञासा प्रकट की थी। यह प्रसंग भी राम चरित मानस के अरण्य कांड में है। राम ने संतों के अनेक गुणों का वर्णन किया जिसमें उन्होंने एक बार फिर अभिमान रहित होने के लक्षण को दोहराते हुए कहा -

'सावधान मानद मदहीना। धीर धर्म गति परम प्रबीना।।'

अर्थात सावधान, दूसरों को मान देने वाले, अभिमान रहित, धैर्यवान, धर्म के ज्ञान और आचरण में अत्यंत निपुण हो।

आगे राम ने संतों को परिभाषित करते हुए पुनः कहा कि उनमें वैराग्य, विवेक, विनय, विज्ञान, परमात्मा के तत्व का ज्ञान और वेद पुराण का यथार्थ ज्ञान रहता है। वे दम्भ, अभिमान और मद कभी नहीं करते और कुमार्ग पर पैर नहीं रखते।

'बिरति बिबेक बिनय बिग्याना। बोध जथारथ बेद पुराना।।
दंभ मान मद करहिं न काऊ। भूलि न देहिं कुमारग पाऊ।।'

सम्पूर्ण रामायण इस बात की साक्षी है कि जिसने भी अभिमान किया उसका नाश हुआ। बाली का अपनी शक्ति का दर्प ही तो था जो उसके नाश का कारण बना था। बालि ने अपने भाई सुग्रीव से अपनी असीम शक्ति के अभिमान में दुर्व्यवहार किया और उसकी पत्नी को भी छीन लिया। जब सुग्रीव प्रभु राम की शरण में गये तो उन्होंने उसे शक्ति देते हुए बालि से लड़ने को भेजा परन्तु भावनावश वह अपने भाई से युद्ध नहीं कर पा रहा था तब अपने भक्त की रक्षा के लिये राम ने बालि जैसे अन्यायी का वध किया।

मानस के किष्किन्धा काण्ड में वर्णित है कि सुग्रीव को तिनके के समान जान कर वह महान अभिमानी बालि चला। दो नों भिड़ गये । बालि ने सुग्रीव को बहुत धमकाया और घूँसा मारकर जोर से गरजा। तब उस युद्ध में सुग्रीव की रक्षा के लिये प्रभु राम ने उसका अंत किया-

'अस कहि चला महा अभिमानी। तृन समान सुग्रीवहि जानी।।
भिरे उभौ बाली अति तर्जा। मुठिका मारि महासुनि गर्जा।।'

बालि ने मरते समय प्रभु राम से प्रश्न किया कि 'सुग्रीव आपको प्यारा है और मैं शत्रु ऐसा क्यों और आपने मुझे व्याध के समान क्यों मारा'तब राम ने कहा -

'मूढ़ तोहि अतिसय अभिमाना । नारि सिखावन करसि न काना।।
मम भुज बल आश्रित तेहि जानी। मारा चहसि अधम अभिमानी।।'

'हे मूढ़! तुझे अत्यंत अभिमान है। तूने अपनी स्त्री की सीख पर भी कान नहीं दिया । सुग्रीव को मेरी भुजाओं के बल का आश्रित जानकर भी अरे अधम अभिमानी तूने उसको मारना चाहा।'

यह प्रसंग एक बार पुनः सिद्ध करता है कि बालि ने इतना शक्तिशाली होते हुए भी अपने अभिमान के वशीभूत हो कर अपना नाश किया।

रावण का अभिमान तो सर्वविदित है जो उसके सभी गुणों पर भारी पड़ा, उसके दंभ ने उसकी नियति बहुत पहले ही निर्धारित कर दी थी। एक बार अपने दंभ में चूर रावण अनेक राजाओं को पराजित करता हुआ अयोध्या पर राज्य कर रहे इश्वाकु वंश के राजा अनरण्य के पास पहुँचा। अपनी शक्ति के मद में चूर उसने उन्हें भी युद्ध के लिये ललकारा। दोनों में भीषण युद्ध हुआ। युद्ध में अनरण्य का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया तो अभिमानी रावण इक्ष्वाकु वंश का अपमान और उपहास करने लगा। तब राजा अनरण्य ने उसे श्राप दिया कि 'तूने

व्यंग्यपूर्ण शब्दों से इक्ष्वाकु वंश का अपमान किया है इसलिये मैं तुझे श्राप देता हूँ कि महात्मा इक्ष्वाकु के इसी वंश में दशरथ नन्दन राम का जन्म होगा जो तेरा वध करेंगे।'

सुंदरकांड में वर्णित है कि राम जब सीता और लक्ष्मण के साथ वन में विचरण कर रहे थे तब सूर्पनखा ने दोनों भाइयों से विवाह का प्रस्ताव रखा और उनके द्वारा ठुकराने पर उसने सीता को मारना चाहा तब लक्ष्मण ने उसकी नाक काट ली थी और सूर्पनखा के भाई बाहुबली रावण ने बदला लेने के लिये सीता का हरण कर लिया। सीता का पता लगाने राम भक्त हनुमान लंका गये । वहाँ उनका रावण के सेवक राक्षसों और पुत्र से युद्ध हुआ जिसके बाद उन्हें मेघनाथ ने बाँध लिया। तब रावण के समक्ष आने पर उन्होंने राम की महिमा गाते हुए रावण को समझाया कि वह अभिमान छोड़ कर उनकी बात सुने और अपने पवित्र कुल का विचार करके भ्रम त्याग कर भक्त भयहारी राम को भजे। उन्होंने कहा-

'मोहमूल बहु सूल प्रद त्यागहु तम अभिमान। भजहु राम रघुनायक कृपा सिंधु भगवान।।'

अर्थात मोह ही जिसका मूल है ऐसे बहुत पीड़ा देने वाले तमरूपी अभिमान का त्याग कर दो और रघुकुल के स्वामी कृपा के समुद्र भगवान श्री रामचन्द्र का भजन करो।

यह रावण का दंभ ही तो था जिसने उसके विवेक को हर लिया और वह मूर्ख राम जैसे पराक्रमी की पत्नी माँ सीता का हरण कर लाया तथा उसके हितैषी आत्मीय जनों के बार-बार समझाने पर भी वह अनुचित कार्य करता रहा, उसने उनकी एक न सुनी।

रावण को उसकी पत्नी मंदोदरी, अनुज विभीषण, कुंभकर्ण, नाना और मंत्री मालवन्त, कालनेमि, रामदूत अंगद आदि ने समझाने का प्रयास किया परन्तु उसके नेत्रों पर दंभ का जो आवरण चढ़ा था उसने उसे कुछ भी न समझने दिया।

उसकी पत्नी मंदोदरी को जब रावण के कृत्य का पता चला तो उसने उसे राम की शक्ति बताते हुए सीता को वापस भेजने और प्रभु राम से युद्ध न करने का अनुरोध किया परन्तु उसने पत्नी की सलाह को हवा में उड़ा दिया । लंकाकांड में लिखा है कि मंदोदरी की बात सुन कर विनोद करते हुए रावण को सवेरा हो गया । तब स्वभाव से ही निडर और घमण्ड में अंधा लंकापति सभा में गया-

'एहि बिधि करत बिनोद बहु प्रात प्रगट दसकंध। सहज असंक लंकपति सभाँ गयउ मद अंध।।'

अपने अहंकार में डूबे रावण ने पत्नी की बात अनसुनी कर दी और अपनी सभा में जा कर बैठ गया।

'नाना बिधि तेहि कहेसि बुझाई सभाँ बहोरि बैठ सो जाई ।
मंदोदरीं हृदय अस जाना काल बस्य उपजा अभिमाना।'

अर्थात मंदादरी ने उसे बहुत तरह से समझा कर कहा पर वह सभा में जाकर बैठ गया। मंदोदरी ने हृदय में ऐसा जान लिया कि काल के वश में होने से पति को अभिमान हो गया है।

रावण के भाई विभीषण ने भी उसे समझाया और कहा कि "काम क्रोध अहंकार लोभ नरक पर ले जाने वाले रास्ते हैं इसलिये रावण तू इन सबका बहिष्कार कर सिर्फ राम का भजन कर जिस प्रकार संत लोग करते हैं"

'काम क्रोध मद लोभ सब नाथ नरक के पंथ। सब परिहहि रघुबीरहि भजहुँ भजहिं जेहि संत।'

पर रावण ने अपने भाई को दुत्कार दिया परिणामतः नीति का अनुयायी विभीषण प्रभु राम की शरण में चला गया। अपने दंभ में रावण ने मात्र स्वयं का नहीं वरन पूरी लंका का नाश किया। विचारणीय है कि यदि दंभ रावण जैसे बलशाली समर्थ राजा का नाश कर सकता है तो साधारण मानव की क्या बिसात?

यहाँ तक कि जब रावण के अनुज कुंभकर्ण को जो इन घटनाओं से अन्जान अपनी प्रकृति के अनुसार लम्बी निद्रा में लिप्त था जगा कर परिस्थि तियों से अवगत कराया गया और युद्ध करने के लिये कहा गया तो उसने भी रावण को समझाया था और अभिमान छोड़ने का आग्रह किया था-

'भल न कीन्ह तैं निसिचर नाहा। अब मोहि आइ जगाएहि काहा।।
अजहूँ तात त्यागि अभिमाना। भजहु राम होइहि कल्याना।।'

अर्थात, 'हे राक्षस राज तूने अच्छा नहीं किया। अब आ कर मुझे क्यों जगाया, हे तात! अब भी अभिमान छोड़ कर श्रीराम को भजो तो कल्याण होगा।' परन्तु रावण नहीं माना। तब परिणाम को जानते हुए भी अपने कर्तव्य की निर्वाह करते हुए लंका की रक्षा के लिये विवश कुंभकर्ण ने राम की सेना से युद्ध किया।

अभिमान का दुष्परिणाम लंका के ज्ञानी और अनुभवी अनेक लोगों को ज्ञात था पर उनके अनुभव और ज्ञान पर रावण का दंभ भारी पड़ा। रावण के नाना और मंत्री मालवन्त और कालनेमि ने भी रावण को समझाया था पर जिस रावण ने अपने भाइयों पत्नी किसी की नहीं सुनी वह उनकी क्या सुनता।

राम ने आक्रमण से पहले अपने दूत अंगद को भी लंका भेजा था। अंगद जब दूत बन कर रावण के दरबार में गये तो उन्होंने कहा कि उनके पिता बालि और रावण में मित्रता थी अतः वह समझाने आये हैं। उन्होंने रावण से कहा कि राज मद से या मोहवश तुम जगज्जननी सीता का हर लाये हो। अब तुम मेरे शुभवचन सुनो। प्रभु श्रीराम तुम्हारे सब अपराध क्षमा कर देंगे-

'नृप अभिमान मोह बस किंबा। हरि आनिहु सीता जगदंबा।।
अब सुभ कहा सुनहु तुम्ह मोरा। सब अपराध छमिहि प्रभु तोरा।।'

पर अभिमानी रावण ने उसे अपमानित किया अंततः अंगद ने कहा, 'तू राक्षसों का राजा और बड़ा अभिमानी है। परन्तु मैं तो श्री रघुनाथ के सेवक (सुग्रीव का दूत हूँ। जो मैं श्री राम के अपमान से न डरूँ तो तेरे देखते-देखते ऐसा तमाशा करूँ कि-

‘तैं निसिचरपति गर्ब बहूता। मैं रघुपति सेवक कर दूता।।
जौं न राम अपमानहिं डरऊँ। तोहि देखत अस कौतुक करऊँ।।’

अंत में अपने दंभ के कारण राम से युद्ध करके रावण जैसे शक्तिशाली राजा ने न केवल अपना अंत किया वरन अपने आत्मीयों सेना और नागरिकों को भी मृत्यु के घाट उतारा। धनधान्य से पूर्ण स्वर्ण नगरी लंका को भी हानि पहुँचाई।

जब राम लंका पर विजय प्राप्त कर सीता को वापस ले आये तब राम लक्ष्मण और सीता की शोभा देख कर देवराज इन्द्र भी मन ही मन स्तुति करने लगे। उन्होंने रावण के दुर्गुणों का बखान करते हुए उसे अभिमानी इंगित किया-

‘लंकेस अति बल गर्ब । किए बस्य सुर गंधर्ब।।
मुनि सिद्ध नर खग नाग। हठि पंथ सब कें लाग।।’

अर्थात लंकापति रावण को अपने बल का बहुत घमंड था। उसने देवता और गन्धर्व सभी को अपने बस में कर लिया था और वह मुनि सिद्ध मनुष्य पक्षी और नाग आदि सभी के हठपूर्वक पीछे पड़ गया था। रावण एक विद्वान शक्तिशाली राजा था परन्तु अभिमान के दुर्गुण ने उसके सभी गुणों को व्यर्थ कर दिया और न केवल धरती वरन देवलोक में भी देवताओं ने उसके अभिमान की ही निंदा की।

सम्पूर्ण मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने अभिमान को आदि से अंत तक बार-बार दुर्गुण के रूप में यहाँ तक कि उन्होंने उसकी एक दुखकारी रोग के रूप में व्याख्या की है। उत्तरकांड में जब गरुड़ काकभुशुण्डि से सात प्रश्न पूछते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर, सबसे बड़ा सुख, सबसे बड़ा दुख, संत-असंत के भेद और सहज स्वभाव, सबसे महान पाप और पुण्य कौन सा है तथा मानस रोगों को समझा कर कहिये तो काकभुशुण्डि इसी संदर्भ में अन्य बातों के साथ बताते हैं कि-

‘अहंकार अति दुखद डमरुआ। दंभ कपट मद मान नेहरुआ।।
तृस्ना उदरबृद्धि अति भारी। त्रिबिधि ईषना तरुन तिजारी।।’

अर्थात अहंकार अत्यंत दुख देने वाला गाँठ का रोग है। दम्भ, कपट, मद और मान, नसों का रोग है। तृष्णा बड़ा भारी उदर वृद्धि रोग है। तीन प्रकार की प्रबल इच्छाएं -पुत्र धन और मान, प्रबल तिजारी हैं।

सार यह है कि सम्पूर्ण राम चरित मानस में यही संदेश है कि कोई कितने भी गुणों से सम्पन्न हो परन्तु यदि उसमे अहंकार आ गया तो सब व्यर्थ है। मनुष्य का अहम् सदैव सर्वोपरि रहा है कहना न होगा कि अहंकार जैसे दुर्गुण का दुष्परिणाम समझने के लिये अपनी चेतना को जाग्रत रखने के लिये तथा अपना जीवन सँवारने के लिये राम चरित मानस की शिक्षा को जीवन में आत्मसात् करना ही हितकारी है और अहंकार का त्याग ही जीवन को धन्य बनाएगा।

विश्व में रामकथा की पताका

राजेश श्रीवास्तव

रामायण केन्द्र भोपाल के निदेशक तथा ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ़ रामायण के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ राजेश श्रीवास्तव हिन्दी के प्राध्यापक हैं। हिन्दी, अंग्रेजी तथा दर्शनशास्त्र में एम ए, सागर विश्वविद्यालय से पी-एच. डी. तथा डी. लिट उपाधि प्राप्त हैं। वर्ल्ड रामायण कांफ्रेस जबलपुर 2016 तथा 2020 में फेकल्टी के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 'विश्व हिन्दी सम्मेलन मारीशस 2018 में विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए। पुस्तके- रामअयन, रक्षायन, डायरी में रामकहानी।

रामायणकाल में एकछत्र साम्राज्य की स्थिति एक गणतंत्र की ही भाँति है। हिमालय और विंध्यपर्वत श्रृंखलाओं के मध्य आर्यावर्त्त के अनेक स्वतंत्र राज्य थे। अंग, काशी, कोशल, कैकेय, मगध, मिथिला, बंग, विशाला, सिंधु, सौवीर, सौराष्ट्र, आदि अनेक राज्यों की स्थिति राष्ट्र के समान थी। इनमें बहुत दशरथ के अधीन थे। दशरथ कैकेयी के सामने स्पष्ट करते हैं कि जहाँ तक सूर्य का चक्र घूमता है वहाँ तक सारी पृथ्वी मेरे अधिकार में है। द्रविड़, सिन्धु सौवीर, सौराष्ट्र, दक्षिण भारत के सारे प्रदेश तथा अंग, बंग, मगध, मत्स्य, काशी और कोशल इन सभी समृद्धशाली देशों पर मेरा आधिपत्य है।

यावदावर्तते चक्रं तावती मे वसुंधरा। द्राविड़ाः सिन्धुसौवीराः सौराष्ट्राः
दक्षिणापथाः बंगांगमगधा मत्स्याः समृद्धाः काशीकोसलाः। (अयोध्या- 10/37)

राम बाली को स्मरण कराते हुए भी इस ओर संकेत करते हैं कि पर्वत, वन और काननों से युक्त यह सारी पृथ्वी ईक्ष्वाकुवशी राजाओं की है। कर देने वाले सामन्त नरेशों के समुदाय और विभिन्न देशों के निवासी अयोध्या की शोभा बढ़ाते हैं। (1/5/14)

राम साहित्य की मीमांसा करते मुझे लगता है कितनी ही जातियां नष्ट हो गयी अपने इतिहास के साथ। कितनी ही भाषाएं जिन्हें हम नहीं जानते। जिन्हें हम खोज भी नहीं पाए। हमारे ईर्दगिर्द उपलब्ध अबोले साहित्य को परखने में ही हम लाचार से हो जाते हैं तो उस अलिखित, अबोले साहित्य तक हम कैसे पहुँच सकते हैं जिसे काल के गाल ने चुपचाप निगल लिया है और जिसके संकेत सूत्र मात्र भी हमें बहुत ही मुश्किल से कठिनतम शोध के पश्चात कभीकभार मिल जाते हैं। राम साहित्य का वास्तविक इतिहास कैसा भी रहा हो किन्तु राम की संस्कृति के सूत्र वाल्मीकि से बहुत पहले के हैं, इसमें मुझे तनिक भी संदेह नहीं है।

रामकथा पर शोध करने वालों के दावे लगातार बढ़ रहे हैं। एक पाठक मित्र ने सूचित किया है कि इटली के लुइज पियो तेस्सी तोरी (जन्म 13 दिसंबर 1887 को इटली के उदीने शहर में) ने 1911 में फ्लोरेंस विश्वविद्यालय से रामचरित और रामायण' विषय पर पीएचडी की उपाधि

प्राप्त की थी। दूसरा शोधकार्य लंदन में 1918 में जे एन कार्पैनर ने किया। भारत में तुलसीदास पर पहली पीएचडी 1938 में नागपुर विश्वविद्यालय से श्री बलदेव प्रसाद मिश्र ने की थी। 1949 में हरिशचन्द्र राय ने लंदन से पीएचडी तथा फादर कामिल बुल्के ने प्रयाग विश्वविद्यालय से डी. फिल. की डिग्री (1949) रामकथा: उद्गम और विकास विशय पर प्राप्त की।

वाल्मीकि रामायण में सात कांड, पांच सौ सर्ग और चौबीस हज़ार श्लोक हैं। रामकथा का यही आदि सूत्र माना जाता है। रघुवंश की प्रस्तावना में कालिदास ने कहा है कि पूर्ववर्ती कवियों ने अपनी रचनाओं से रामकथा के मानकों को छिद्रित कर वाणी के प्रवेश के लिए पहले से ही सुराख बना दी है और इसलिए उनका काम उसी तरह आसान हो गया है जैसे हीरे की नोक से मणियों में धागा पिरोना।

"अथवा कृत-वाग्द्वारे वंशेऽस्मिन् पूर्व-सूरिभिः।
मणौ वज्र-समुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः।" (रघुवंश 1/4)

कवि कालिदास के कथन का तात्पर्य है : वाल्मीकि-प्रमुख पूर्वज मनीषियों ने रामाय़ण आदि ग्रन्थ रचकर सूर्य-सम्भूत वंश (रघुवंश) के बारे में वाणी का द्वार उन्मुक्त कर दिया है। सूची से बिद्ध मणि में सूत्र जैसे प्रवेश करता है, उसी प्रकार उसी वाणी-द्वार में प्रवेश कर मैं रघुवंश का वर्णन कर सकूँगा।

इससे लगता है कालिदास के समय तक अनेक रामायणों की रचना हो गई थी।

भारत की संस्कृति राम की संस्कृति है। यहाँ के कण-कण में राम बसते हैं। हर जन के हृदय में राम जहां– जहां भक्ति, वहां–वहां राम। विश्व के कोने –कोने में राम की धूम। भारत वंश का जहां–जहां प्रचार-प्रसार हुआ, वहां–वहां रामभक्त पहुंचे।राम की भक्ति मनुष्य मात्र को शान्ति और प्रेम देने वाली है, इसीलिए संवेदनशील मनुष्य राम से दूर हो ही नहीं सकता।इसमें भी आश्चर्य यह कि अनेक देश राम की स्मृतियों को संजोए बैठे हैं। रामकथा के सूत्र राम को भारत के साथ लंका तक ही ले जाते हैं लेकिन अनेक देशों में ऐसे साक्ष्य मिलते हैं जिनसे यह लगता है कि रामकथा की पहुँच यहाँ कैसे ? मारीशस भारत से बहुत दूर समुद्र के बीच एक छोटा–सा टापू। लेकिन सम्पूर्ण मारीशस राममय।

एक भक्त का यह तर्क समझ में आता है कि सियाराम मय सब जग जानी। लेकिन विश्व के अनेक देशों में मिलने वाला रामकथा का साहित्य, कलामंडित राममंदिरों की भव्यता और पौराणिक सूत्र यह प्रमाणित करते हैं कि रामकथा का क्षेत्र केवल भारतभूमि नहीं है उस पर सबका अधिकार है और वह समूचे विश्व में फैली हुई है।

रामकथा की तीन धाराएं भारत से समूचे विश्व की और प्रवाहित हुईं। पहली आध्यात्मिक, दूसरी सांस्कृतिक और तीसरी शैक्षणिक। आध्यात्मिक धारा मुख्यत: रामचरित मानस के माध्यम से गयी, जिसे प्रवासी भारतीय ले गये - मजदूर, व्यापारी या पेशेवर अधिकारी बनकर। यह धारा बहुत सशक्त है जो फिजी, मॉरिशस, ट्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम आदि प्रवासी भारतीय देशों के

अतिरिक्त अमरीका, यूरोप, एशिया और आस्ट्रेलिया महाद्वीप के देशों में विद्यमान है और निरंतर विकासमान है। सांस्कृतिक धारा भारत के पड़ोसी देशों थाईलैंड, म्यांमार, कम्बोडिया, लाओस, मलेशिया, इंडोनेशिया आदि में प्रवाहित है, जिसमें रामकथा के महानायक श्रीराम को भगवान न मानकर सर्वगुण सम्पन्न महापुरुष माना गया है। तीसरी धारा को हम शैक्षणिक मान सकते हैं जो मुख्यत: अमरीकी, यूरोपीय और एशियाई देशों की उच्च शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन, अध्यापन, शोध और अनुवाद के माध्यम से पहुंची। ये तीनों धाराएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। किन्तु यह बात भी ध्यान में रखने की है कि रूस में रामचरित मानस का अनुवाद भारत की स्वतंत्रता के तुरंत बाद हुआ और चीन में वाल्मीकि रामायण तथा मानस का अनुवाद क्रमश: सत्तर और अस्सी के दशक में हो सका।

सांस्कृतिक रूप से भी रामकथा का पिछले कुछ दशकों में एशियाई देशों के साथ आदान प्रदान हुआ है। अनेक देशों के रामलीला दल भारत आये और भारत से रामलीला दल सारे विश्व के देशों में भेजे गये। अमरीका के न्यूयार्क में एक प्रसिद्ध भारतीय संत स्वामी ब्रह्मानंद की प्रेरणा से रामायण बैले का गठन हुआ जिसके अधिकांश पात्र अमरीकी थे ।

नेपाल भारत से लगा हुआ सबसे निकटवर्ती देश है और सांस्कृतिक रूप से भी भारत के अधिक निकट है। नेपाल के राष्ट्रीय अभिलेखागार में वाल्मीकि रामायण की दो प्राचीन पांडुलिपियाँ सुरक्षित हैं। इनमें से एक पांडुलिपि के किष्किंधा कांड की पुष्पिका पर तत्कालीन नेपाल नरेश गांगेय देव और लिपिकार तीरमुक्ति निवासी कायस्थ पंडित गोपति का नाम अंकित है। इसकी तिथि (सं. 1076) 1019 ई. है। दूसरी पांडुलिपि की तिथि नेपाली संवत् 795 अर्थात 1674-76 ई. है। नेपाल में रामकथा का विकास वाल्मीकि रामायण तथा अध्यात्म रामायण के आधार पर हुआ है।

नेपाली साहित्य में भानुभक्त कृत रामायण को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। नेपाल के लोग इसे ही अपना आदि रामायण मानते हैं। यद्यपि भानुभक्त के पूर्व भी नेपाली रामकाव्य परंपरा में गुमनी पंत और रघुनाथ भक्त का नाम उल्लेखनीय है। रघुनाथ भक्तकृत रामायण सुंदरकांड की रचना उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हुई थी । इसका प्रकाशन नेपाली साहित्य सम्मेलन, दार्जिलिंग द्वारा कविराज दीनानाथ सापकोरा की विस्तृत भूमिका के साथ 1932 में हुआ। नेपाल में स्थित हनुमानढोका वहां रहने वाले भारतीयों एवं अन्य नेपालियों की आस्था का केंद्र है। यहां प्रतिष्ठित हनुमान जी की मूर्ति देखने लायक है।

मलेशिया में रामकथा के ग्रन्थ का नाम है 'हिकायत सिरी राम'। मुस्लिम बहुल मलेशिया में रामकथा पर आधारित नाटकों का मंचन बहुत लोकप्रिय है । मलेशिया के लोकजीवन में नगरों, व्यक्तियों, नदियों तथा अन्य स्थानों के नाम रामायण से लिए गए लगते हैं। मलेशिया के जनजीवन में रामायण मनोरंजन व प्रेरणा का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। यहां चमड़े की पुतलियों द्वारा रात को रामायण के प्रसंगों का मंचन किया जाता है, यहाँ भारतीय मूल के लोगों के अतिरिक्त मूल मलय लोगों में भी भारतीय संस्कृति के प्रति गहरा रुझान है।

थाईलैंड के अधिकांश निवासी बौद्ध धर्म के उपासक हैं फिर भी यहां राम को भक्तिभावना के साथ देखा जाता है। यहां के अनेक मन्दिरों में राम की मूर्तियां आज भी स्थापित हैं। थाईलैंड के लोगों का यह विश्वास है कि रामायण की कई घटनाएं उनके अपने देश में घटी थी। थाईलैंड की सांस्कृतिक जीवनधारा श्रीराम की जीवनदृष्टि में पूर्णत: समाहित है। थाईलैंड की एक नदी का नाम भी सरयू है। ठीक भारत की तरह वहां भी सरयू अयोध्या के निकट ही बहती है। थाईलैंड में एक स्थान का नाम अयोध्या भी है। यही नहीं, यहां श्रीराम के पुत्र लव के नाम पर लवपुरी (लोपबुरी) भी है।

भगवान बुद्ध के प्रभाव वाले इस देश में राम और बुद्ध के बीच कोई विभाजन रेखा दिखाई ही नहीं देती। इसका सबसे बड़ा प्रमाण बैंकाक स्थित शाही बुद्ध मंदिर है। जिसमें नीलम की मूर्ति है। यह मंदिर थाईलैंड के सुप्रसिद्ध मंदिरों में से एक है तथा दूर-दराज से श्रद्धालु यहां दर्शनार्थ आते हैं। इस मंदिर की दीवारों पर संपूर्ण रामकथा चित्रित है। यही नहीं, थाईलैंड की अपनी स्थानीय रामायण भी है। जिसे ‘रामकियेन’ के नाम से जाना जाता है। इस रामायण के रचियता नरेश राम प्रथम थे। उन्हीं के वंशज आज भी थाईलैंड में शासक हैं। थाईलैंड के विश्व प्रसिद्ध नेशनल म्यूजियम में भी श्रीराम के दर्शन सुगमतापूर्वक किए जा सकते हैं। वहां खड़े धनुर्धारी राम की आकर्षक प्रतिमा आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करती है। वहां प्रस्तुत होने वाले शास्त्रीय नृत्यों में भी रामकथा के अनेक प्रसंग प्रदर्शित किए जाते हैं।

थाईलैंड के राजभवन परिसर स्थित वाटफ्रकायों (सरकत बुद्ध मंदिर) की भित्तियों पर संपूर्ण थाई रामायण 'रामकियेन' को चित्रित किया गया है। ऐसा अनुमान किया जाता है कि इन चित्रों का निर्माण 'रामकियेन' की रचना के बाद 1798 ई. में हुआ था। थाई सम्राट चूला लौंग तथा उनके साहित्यमंडल के मित्रों ने मिलकर इन भित्तिचित्रों में रुपादित रामकथा को काव्यबद्ध किया था। उन पद्यों को शिलापट पर उत्कीर्ण करवाकर उन्हें यथास्थान भित्तिचित्रों के सामने स्तंभों में जड़वा दिया गया।

थाइलैंड के निकटवर्ती देश कम्बोडिया में हिन्दू धर्म और रामकथा का विशेष प्रभाव है। यहां रामकथा के ग्रन्थ का नाम है ‘रामकेर’, (रामकीर्ति नामक गद्यग्रन्थ)जिसका पाठ भी किया जाता है। विश्व में भगवान विष्णु का सर्वाधिक विशाल मंदिर ‘अंगकोरवाट’ कंबोडिया में ही है। यह भारत और कंबोडिया के सांस्कृतिक सौहार्द का प्रतीक है । अंगकोर वाट मंदिर में भगवान बुद्ध, शिव और श्रीराम की मूर्तियां भी प्रतिष्ठित हैं तथा रामायण के कई प्रसंगों को सुंदर ढंग से दीवारों पर उकेरा गया है । इन प्रसंगों में सीता की अग्नि परीक्षा, अशोकवाटिका में हनुमान का आगमन, लंका में श्रीराम-रावण युद्ध, बाली-सुग्रीव युद्ध तथा रावण के दरबार में अंगद द्वारा पैर जमाने के दृश्यों की सजीवता देखते ही बनती है। वहां आन्कोर के विराट वास्तुकलाप में बारहवीं शती के सम्राट सूर्यवर्मन द्वतीय के कार्यकाल के रामायण और महाभारत के दृश्य अंकित हैं। नृत्य अभिनय के कथानक प्राय रामकथा से ही लिए जाते हैं ।

रामायण का प्रसार इंडोनेशिया में भी खूब है। नवी शताब्दी में प्राम्बानन के शैव मंदिर में रामायण पर आधारित चित्र उत्कीर्ण हैं। इंडोनेशिया में काकविन रामायण ही आदिकाव्य है। कवि योगेश्वर ने 11 वि शताब्दी में रामायण की रचना की। संस्कृत के अनेक छंदों रामकथा का सुन्दर वर्णन इसमें देखने को मिलता है।

इंडोनेशिया में बाली द्वीप हिंदू संस्कृति का उत्तम उदाहरण है। ऐसा कहा जाता है कि बाली के हर गांव में तीन मंदिर होते हैं, जो क्रमश: ब्रह्मा, विष्णु और महेश को समर्पित हैं, देखने में ये सभी एक तरह के ही होते हैं। पूरे बाली में हनुमान, राम तथा भीम की मूर्तियां देखने को मिलती हैं। इन प्रतिमाओं के निचले हिस्से पर सफेद-काले चेकदार कपड़े पहनाए जाते हैं, जो अच्छाई व बुराई के प्रतीक हैं।

जावा में राम को पुरुषोत्तम के रूप में सम्मानित किया जाता है। वहां अनेक मन्दिरों में वाल्मीकि-रामायण के श्लोक उद्धृत हैं। वहां 'सरयू' नाम से एक नदी भी है। लाओस में रामकथा पर दो ग्रन्थ उपलब्ध हैं। प्रथम 'फालाक फालाम' तथा दूसरा 'फोमचक्र'। लाओस के कई बौद्ध विहारों में भी रामकथा के चित्र उरेहे गये हैं। लाओस का उपमु बौद्ध विहार राम कथा-चित्रों के लिए विख्यात है। विहार के लगभग बीस मीटर लंबी और सवा पाँच मीटर ऊँची दीवार पर वहाँ की रामायण 'फ्रलक-फ्रलाम' अर्थात् 'प्रिय लक्ष्मण प्रियराम' की कथा क्षेत्रीय पृष्ठभूमि में रुपायित है। 'फ्रलक-फ्रलाम' राम जातक के नाम से भी विख्यात है। उपमुंग विहार की चित्रावली में राम कथा का आरंभ लाओ रामायण के अनुसार रावण के जन्म से हुआ है और लंका युद्ध के बाद राम की अयोध्या वापसी तक की कथा का संक्षेप में निर्वाह भी हुआ है, किंतु इसमें कुछ प्रसंग अन्यत्र से भी संकलित हैं। यह चित्रावली लाओस लोक कला का उत्कृष्ट नमूना है। इसकी पृष्ठभूमि में चित्रित प्रकृति और परिवेश मनमोहक हैं।

वियतनाम (प्राचीन नाम चम्पा) में प्राचीन काल में हिन्दू राज्य स्थापित था। उस समय वहां रामकथा का बहुत अधिक प्रभाव था, जिसके प्रमाण हमें आज भी यत्र-तत्र देखने को मिलते हैं।

बर्मा में 1800 ई। के लगभग 'रामायागन' के नाम से रामकथा लिखी गयी। इस ग्रन्थ ने वहां पर्याप्त लोकप्रियता प्राप्त की है। बर्मा में राम पर आधारित नाम मिलते हैं। वहां एक गांव का नाम रामवती है। वहां कई स्थानों पर राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के चित्र भी अंकित मिलते हैं।

राम कथा का प्रचार-प्रसार चीन और जापान में भी बहुत हुआ है। मैक्सिको और मध्य अमरीका में भी रामकथा की चर्चा होती है। पेरू में तो राजा अपने को सूर्यवंशीय राम के वंशज ही मानते थे।

अंग्रेजी भाषा में वाल्मीकि रामायण का प्रथम अनुवाद फ्रेडरिक सालमन ने 1883 में किया। 'रामचरित मानस' का अंग्रेजी अनुवाद सर्वप्रथम एफ।एस। ग्राउज ने सन् 1871 में किया। फैंच भाषा के विद्वान 'गार्सा द तासी' ने सुन्दर कांड का अनुवाद किया और डेनीविलि ने फ्रेंच भाषा

में स्वतंत्र रूप से रामकथा लिखी। इटली के विद्वान डॉ। लुहजीपियो टे सीटेरी ने रामकथा पर शोध करके फ्लोरेंस विश्वविद्यालय से पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है।

हालैंड, जर्मनी और पुर्तगाल में भी रामकथा के अनुवाद हुए हैं। रूस के प्रसिद्ध हिन्दी समर्थक अलैक्सेई बारान्निकोव ने रामचरित मानस का रूसी भाषा में अनुवाद किया और सम्पूर्ण रूस तथा निकटवर्ती अन्य देशों में रामकथा का प्रचार किया। सोवियत लेखिका श्रीमती नतलिया गुलेवा ने रामकथा पर बच्चों के लिए रंगमंचीय नाटक तैयार किये हैं।

रूस में तीसरी से नौंवी शताब्दी के बीच तिब्बती और खेतानी भाषा में लिखी संक्षिप्त रामकथाएं प्राप्त होती हैं। अमरीकी विद्वान मीलो क्लेवलैंड ने बाल साहित्य के रूप में 'एडवेंचर आफ राम' शीर्षक से रामकथा की रचना की है।

चीनी साहित्य में राम कथा पर आधारित कोई मौलिक रचना नहीं है। सन 472 में ची-चिया-य ने त्सा-पाओ-त्सांग-चिग नामक चीनी रामायण की रचना की। इस ग्रन्थ के उपसंहार में रामराज्य का गुणगान है। बौद्ध धर्म के ग्रन्थ त्रिपिटक के चीनी संस्करण में रामायण से सम्बंधित दो रचनाएं देखने को मिलती हैं– अनामकं जातकम और दशरथ कथानम। फथर कामिल बुल्के के अनुसार तीसरी शताब्दी में अनामकं जातकम का कांग-सांग-हुई ने चीनी भाषा में अनुवाद किया था जिसका मूल भारतीय पाठ अप्राप्य है। चीनी अनुवाद लियेऊ-तुत्सी-किंग नामक पुस्तक में सुरक्षित है।

फिजी में पहुंचे अप्रवासी भारतीयों के घरों में आरती और हनुमानचालीसा के पाठ आम तौर पर सुने जा सकते हैं। कैनेडा के घनी आबादी वाले व्यावसायिक शहर टोरंटो में भगवान राम, शिव, गणेश एवं मां काली के कई मंदिर हैं। कैनेडा के ब्रैंप्टन, मिसिसागा, मारकहम, नॉर्थ यॉर्क, ओकविले, रिचमंडहिल, स्केरबरो आदि कई शहरों में कई हिंदू मंदिर हैं।

श्रीलंका का तो भारत और भारतीय संस्कृति से अटूट सम्बन्ध है। रामकथा और लंका एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। लंका के रावण को ही भारतीय संस्कृति में बुराइयों के प्रतीक के रूप में माना गया है। श्रीलंका के संस्कृत एवं पाली साहित्य का प्राचीन काल से ही भारत से घनिष्ट संबंध था। भारतीय महाकाव्यों की परंपरा पर आधारित 'जानकी हरण' के रचनाकार कुमार दास के संबंध में कहा जाता है कि वे महाकवि कालिदास के अनन्य मित्र थे। कुमारदास (512-21 ई.) लंका के राजा थे। इतिहासकारों ने उनकी पहचान कुमार धातुसेन के रुप में की है। कालिदास के 'रघुवंश' की परंपरा में विरचित 'जानकीहरण' संस्कृत का एक उत्कृष्ट महाकाव्य है। इसकी महनीयता इस तथ्य से रेखांकित होती है कि इसके अनेक श्लोक काव्यशास्त्र के परवर्ती ग्रंथों में उद्धृत किये गये हैं। इसका कथ्य वाल्मीकि रामायण पर आधारित है।

सिंहली साहित्य में रामकथा पर आधारित कोई स्वतंत्र रचना नहीं है। मरकत बुद्ध मंदिर में रामकथा के 178 चित्र हैं जिनमें सीता के जन्म से रामराज्याभिषेक तक की कथा के साथ जानकी के निर्वासन से उनकी अयोध्या वापसी तक के संपूर्ण वृत्तांत का चित्रण हुआ है।

साइबेरिया के बुर्यात प्रदेश में जहां हमेशा बर्फ ही रहती है, मोंगोलो के आभ्यंतर और बाह्य भागों में, और रूस की महानदी बोलगा के तट पर रहने वाले काल्पुकों में भी राम का चरित सुनाया जाता रहा है। सम्राट कुबलाई खान के गुरु साचा पंडित आनंदध्वज (1182-1251) ने एर्देनियाँ सांग सुवाशिदी लिखी। इसका पूर्ण संस्कृत नाम सुभाषितरत्ननिधि है। इसमें रामायण का सारांश मिलता है।

मॉरीशस पर लंबे समय तक फ्रांस का आधिपत्य रहा है, यहां अंग्रेजी और फ्रेंच के साथ क्रियोल भाषा बोली जाती है । क्रियोल भाषा हिंदी और फ्रेंच को मिलाकर बनाई गई भाषा है जो यहाँ के निवासियों की बहुत पसंद की भाषा है । हिंदी और भोजपुरी बोलने वालों की संख्या भी बहुत है। बोलने में कठिनाई भले हो पर यहाँ के लोग हिंदी को खूब समझते हैं ।

मॉरीशस में भारतीयता को पहचान पाना कठिन नहीं है। यहाँ की संस्कृति भारतीय रंग में ही रची बसी है। इतिहास में रुचि रखने वाले लोग जानते हैं कि भारत में जब अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के बीच संघर्ष चल रहा था, तब अपनी स्थिति बेहतर बनाने के लिए अंग्रेजों की नजर मॉरीशस पर गई। उन्होंने मॉरीशस पर आक्रमण किया और इसे फ्रांसीसियों से छीन लिया। फ्रांसीसियों ने हारकर सत्ता तो अंग्रेजों के हवाले कर दी, पर अपनी सांस्कृतिक शक्ति को बचाए रखा। उन्होंने यहां के भारतीयों के साथ हिंदी व फ्रेंच को मिलाकर नई बोली का आविर्भाव किया, उसे ही अब क्रियोल के नाम से जानते हैं। भारतीय संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित होने देने में फ्रांसीसियों ने परोक्ष योगदान किया। लगभग दो सौ वर्ष पूर्व जब भारतीय यहां पहुंचे, तो उन्होंने इसे 'मारीच देश' कहा था। रामायण की अनुगूंज आज भी यहां भारतीयों की आस्था का केंद्र है। श्री रामचरित मानस की चौपाइयां यहां कष्ट में फंसे लोगों के लिए संजीवनी बूटी का काम करती हैं। मॉरीशस में आज भी भारतवंशियों के आंगन में हनुमान जी के चबूतरे और लाल झंडियां सांस्कृतिक मूल्यों के विजय की लघुपताकाएं बनकर लहरा रही हैं।

मारीशस में रामायण सेंटर की स्थापना 2001 में हुई । विश्व में मारीशस एकमात्र देश है जिसकी संसद में रामायण पर चर्चा हुई और एक विधेयक पारित कर देश में रामायण सेंटर आरम्भ किया गया । 15 अगस्त 2002 के दिन तुलसी जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री सर अनिरुद्ध जगन्नाथ ने रामायण सेंटर का शिलान्यास किया। रामायण सेंटर की तर्ज पर भोपाल में भी रामायण केंद्र स्थापित कर इस केंद्र में विश्व की समस्त रामायणों तथा उससे सम्बंधित साहित्य को संग्रह करने का हमारा लक्ष्य है।

हरि अनंत हरिकथा अनंता

शैल अग्रवाल

पिछले दो दशक से हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में निरंतर लेखन। दो कहानी संग्रह, एक निबंध संग्रह और दो कविता संग्रह सहित पांच पुस्तकें प्रकाशित। निबंध, कहानी, संस्मरण, कविताएं, लघुकथा, हाइकू और बाल साहित्य आदि सैंकड़ों रचनाएं देश विदेश की प्रमुख पत्रिका व संकलनों में। रेडियो, दूरदर्शन व अंतर्राष्ट्रीय मंचों से रचना पाठ। रचनाएँ मराठी, नेपाली, मलयालम व अंग्रेजी में अनुवादित। मार्च 2007 से ब्रिटेन से निकलने वाली लोकप्रिय व विचारोत्तेजक 'लेखनी' नामक ई. पत्रिका का संपादन और प्रकाशन।

तुलसीदास के 'हरि अनंत हरिकथा अनंता' की तरह ही विविध आयामी और नवों रसों से भरपूर रामकथा भारत ही नहीं, विश्व के कई देशों में प्रचलित है। असल में देखा जाए तो आदिकवि वाल्मीकि कृत रामायण में जिन-जिन स्थानों का उल्लेख है, भौगोलिक उन सभी क्षेत्रों में साहित्य और संस्कृति के किसी न किसी रूप में रामकथा का समावेश आज भी उपस्थित है।

राम के प्रति जिज्ञासा और समर्पण जहाँ विश्वव्यापी है, रामकथा कब और किसने शुरु की निश्चय ही एक जटिल शोध का ही विषय है। रामकथा का प्राचीनतम उल्लेख बृह्मांड पुराण में है। जिसके अनुसार सर्वप्रथम रामकथा भगवान शंकर ने देवी पार्वती जी को सुनाई थी, जिसे पास बैठे कौवे ने भी सुना। उसी कौवे का पुनर्जन्म कागभुषंडी जी के रूप में हुआ था। और यही नहीं, उन्हें पूर्व जन्म में सुनी वह रामकथा पूरी तरह से याद भी रही। तब उन्होंने वही राम कथा अपने शिष्यों को सुनाई। इस तरह से इस कथा का आगे प्रचार-प्रसार हुआ। भगवान शंकर के मुख से निकली यह रामकथा 'अध्यात्म रामायण' के नाम से भी जानी जाती है, इसमें श्रीराम को ईश्वर का अवतार माना गया हैं, जो शरणागत के रक्षक और तारक हैं। वक्त के साथ-साथ कथा की यह लोककल्याणकारी धारणा और भी मजबूत होती चली गयी। तुलसी के मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अवतरण ने तो मानो इस विश्वास पर सील ही लगा दी। रक्षा कवच की तरह रामायण और हनुमान चालीसा कितनों की संरक्षक रही है, इसका प्रमाण आज भी अधिकांश भारतीयों के घरों में रामायण की उपस्थिति से पहचाना जा सकता है। आश्चर्य नहीं कि जहाँ-जहाँ भारतीय पहुंचे, रामायण भी पहुंची।

अन्नामी, बाली, बांग्ला, कम्बोडियाई, चीनी, गुजराती, जावाई, कन्नड़, कश्मीरी, खोटानी, लाओसी, मलेशियाई, मराठी, ओड़िया, प्राकृत, संस्कृत, संथाली, सिंहली, तमिल, तेलुगु, थाई,

तिब्बती, कावी आदि कई भाषाओं में अबतक माना जाता है कि तीन सौ से भी अधिक रामायण लिखी जा चुकी है। पर सभी रामायण की कथा में कुछ न कुछ फेरबदल है क्योंकि इनमें से कईयों में श्रीराम के बारे में ऐसे प्रसंग मिलते हैं जो मूल वाल्मीकि रामायण में नहीं हैं। बुद्ध ने पूर्व जन्मों का वृत्तांत कहते हुए शिष्यों को रामकथा सुनाई, जहाँ राम बोधिसत्व यानी तत्वज्ञानी हैं और राम व बुद्ध दोनों ही विष्णु के अवतार हैं। जैन रामायण में दैवत्व से अधिक कर्म प्रधान राम का चरित उकेरा गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामकथा को संस्कृत नहीं, जनजन की भाषा अवधी में लिखा। भारत के खोए आत्मविश्वास के लिए एक सुदृढ़ संदेश के साथ और भारत ही नहीं, आज लवकुश के मुंह से गायी यह गाथा विश्व के कई देशों में जीवन का प्रेरक गीत बन गई।

वाल्मीकि रामायण और अन्य रामायण में एक बड़ा अंतर यह है कि वाल्मीकि रामायण को तथ्यों और घटनाओं के आधार पर लिखा गया था, जबकि अन्य रामायण को जनश्रुतियों के आधार पर। इसीलिए विद्वान आजभी वाल्मीकि रामायण को ही मूल रामायण कहते हैं। पर एक बात तो निश्चित है कि जीवन के हर प्रश्न और प्रसंग को समेटे प्रेरक यह रामकथा आजभी भारत ही नहीं, विश्व के कई देशों में न सिर्फ प्रचलित है, बल्कि नित नए रूप लेती अमरबेल-सी फल-फूल रही है। हाल ही में मौरिशस जाने का मौका मिला था। वहाँ पर तो रामायण मानो लोगों के जीवन में धड़कती है। घर-घर में ध्वजा और कलश सहित मंदिर, राम हनुमान की पूजा,और रामभजन संध्या व अखंड रामायण जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इसी तरह फिजी, नेपाल, वर्मा कई ऐसे देश हैं जहाँ रामकथा के मंचन अभिनय आदि आज भी नियमित रूप से होते हैं। हाट-बाजारों में मूर्तियाँ बिकती हैं। हस्तकला और चित्रों में रामकथा अंकित होती रहती है। देखा जाए तो आदिकवि वाल्मीकि कृत रामायण में जिन-जिन स्थानों का उल्लेख है, भौगोलिक दृष्टि से उन सभी क्षेत्रों के साहित्य और संस्कृति में किसी न किसी रूप में रामकथा आज भी जुड़ी हुई है। यह बात दूसरी है कि कई देशों में रामकथा पर आधारित ये विदेशी कृतियाँ विचित्र तथ्यों से परिपूर्ण हैं। कहीं रावण साधु बनकर सीता को हरता है तो कहीं सेवक। स्थानीय संस्कृति और मान्यताओं से पूर्णतः अनुरंजित इन राम कथाओं को कहीं तो बोद्ध जातक कथाओं का जामा पहनाया गया है, तो कहीं इनका इस्लामीकरण भी हुआ है। कुछ संक्षिप्त हैं तो कुछ अत्याधिक विस्तृत भी।

राम कथा की विदेश-यात्रा के संदर्भ में वाल्मीकि रामायण का उल्लेख इस अर्थ में भी प्रासंगिक होगा कि यह कथा उन सभी स्थलों पर आज भी किसी न किसी रूप में जीवित है और स्थानीय व दर्शक जनसमुदाय को लुभाती है। बर्मा, थाईलैंड, कंपूचिया, लाओस, वियतनाम, मलयेशिया, इंडोनेशिया, फिलिपींस, तिब्बत, चीन, जापान, मंगोलिया, तुर्किस्तान, श्रीलंका और नेपाल की प्राचीन भाषाओं में राम कथा पर आधारित बहुत सारी साहित्यिक कृतियाँ मौजूद है। अनेक देशों में यह कथा शिलाचित्रों की विशाल शृंखलाओं में अंकित है और इसके शिलालेखी प्रमाण भी मिलते है। कई देशों में प्राचीन काल से ही विवधरूपों में रामलीला का प्रचलन है और कुछ देशों में रामायण के घटना स्थलों का स्थानीकरण भी हुआ है।

रामकथा साहित्य के विदेश गमन की तिथि और दिशा निर्धारित करना कठिन काम है, फिर भी दक्षिण-पूर्व एशिया के शिलालेखों से तिथि की समस्या का निराकरण कुछ हद तक तो हो ही जाता है। अनुमान है कि ईसा की प्रारंभिक शताब्दियों में ही रामायण वहाँ पहुँच गयी थी। अन्य साक्ष्यों से यह भी प्रतीत होता है कि रामकथा की प्रारंभिक धारा सर्वप्रथम दक्षिण-पूर्व एशिया की ओर ही बही थी।

पंद्रहवी शताब्दी में इंडोनेशिया के इस्लामीकरण के बावजूद वहाँ जवानी भाषा में सेरतराम, सेरत कांड, राम केलिंग आदि अनेक रामकथा काव्यों की रचना हुई, जिनके आधार पर अनेक विद्वानों द्वारा वहाँ के राम साहित्य का विस्तृत अध्ययन भी किया गया है।

दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण कृति प्राचीन जावानी भाषा में रचित रामायण काकाबीन है जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी का पूर्वार्ध है। रचनाकार महाकवि योगीश्वर हैं।

इंडोनेशिया के बाद हिंद-चीन भारतीय संस्कृति का गढ़ माना जाता रहा है। इस क्षेत्र में पहली से पंद्रहवीं शताब्दी तक भारतीय संस्कृति का प्रभाव था। पर चौंकाने वाली बात यह है कि कंपूचिया के अनेक शिलालेखों में रामकथा की चर्चा तो हुई है, किंतु उस पर आधारित मात्र एक कृति रामकेर्ति ही अब उपलब्ध है, और वह भी खंडित रुप में। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह हे कि चंपा (वर्तमान वियतनाम) के एक प्राचीन शिलालेख में वाल्मीकि के मंदिर का तो उल्लेख है, किंतु वहाँ रामकथा के नाम पर मात्र लोक कथाएँ ही अब उपलब्ध हैं।

लाओस के निवासी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। उनका कहना हे कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहाँ रामकथा पर आधारित चार रचनाएँ उपलब्ध है- फ्रलक फ्रलाम (रामजातक), ख्वाय थोरफी, ब्रह्मचक्र और लंका नोई। लाओस की रामकथा का अध्ययन कई भारत के विद्वानों ने भी किया है।

थाईलैंड का रामकथा साहित्य बहुत समृद्ध है। रामकथा पर आधारित कई रचनाएँ वहाँ उपलब्ध हैं- (१) तासकिन रामायण, (२) सम्राट राम प्रथम की रामायण, (३) सम्राट राम द्वितीय की रामायण, (४) सम्राट राम चतुर्थ की रामायण (पद्यात्मक), (५) सम्राट रामचतुर्थ की रामायण (संवादात्मक), (६) सम्राट राम षष्ठ की रामायण (गीति-संवादात्मक)।

आधुनिक खोजों के अनुसार बर्मा में रामकथा साहित्य की १६ रचनाएं हैं, जिनमें रामवत्थु प्राचीनतम कृति है।

मलयेशिया में रामकथा से संबद्ध चार रचनाएँ उपलब्ध है- (१) हिकायत सेरी राम, (२) सेरी राम, (३) पातानी रामकथा और (४) हिकायत महाराज रावण। फिलिपींस की रचना महालादिया लावन का स्वरुप रामकथा से बहुत मिलता-जुलता है, किंतु इसका कथ्य बिल्कुल विकृत है।

चीन में रामकथा बौद्ध जातकों के माध्यम से पहुँची थीं। वहाँ अनामक जातक और दशरथ कथानम का क्रमश: तीसरी और पाँचवीं शताब्दी में अनुवाद किया गया था। दोनों रचनाओं के चीनी अनुवाद तो उपलब्ध हैं, किंतु जिन रचनाओं से चीनी अनुवाद हुआ, वे अनुपलब्ध हैं। तिब्बती रामायण की छह पांडुलिपियाँ तुन-हुआन नामक स्थल से प्राप्त हुई हैं। इनके अतिरिक्त वहाँ राम कथा पर आधारित दमर-स्टोन तथा संघ श्री द्वारा रचित दो अन्य रचनाएँ भी मिलती हैं।

एशिया के पश्चिमोत्तर सीमा पर स्थित तुर्किस्तान के पूर्वी भाग को खोतान कहा जाता है। इस क्षेत्र की भाषा खोतानी है। खोतानी रामायण की प्रति पेरिस पांडुलिपि संग्रहालय से प्राप्त हुई है। इस पर तिब्बत्ती रामायण का प्रभाव साफ दिखता है। चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित मंगोलिया में राम कथा पर आधारित जीवक जातक नामक रचना है। इसके अतिरिक्त वहाँ तीन अन्य रचनाएँ भी हैं जिनमें रामचरित का विवरण मिलता है। जापान के एक लोकप्रिय कथा संग्रह होबुत्सुशु में भी संक्षिप्त रामकथा संकलित है। इसके अतिरिक्त वहाँ अंधमुनिपुत्रवध की कथा भी है। श्री लंका में कुमार दास के द्वारा संस्कृत में जानकीहरण की रचना हुई थी। वहाँ सिंहली भाषा में भी एक रचना है, मलयराजकथाव। नेपाल में रामकथा पर आधारित अनेकानेक रचनाएँ हैं जिनमें भानुभक्त कृत रामायण सर्वाधिक लोकप्रिय है।

रामायण शब्द का यदि हम संधिविच्छेद करें तो राम और अयन दो शब्द निकलते हैं। अयन का अर्थ है यात्रा; अर्थात् 'रामायण' का विश्लेषित रुप 'राम का अयन' है जिसका अर्थ है 'राम का यात्रा पथ',. यह मूलत: राम की दो विजय यात्राओं पर आधारित है जिसमें प्रथम यात्रा यदि प्रेम-संयोग तथा आनंद-उल्लास से परिपूर्ण है, तो दूसरी क्लेश, क्लांति, वियोग, व्याकुलता, विवशता और वेदना से आवृत्त। विश्व के अधिकतर विद्वान दूसरी यात्रा को ही रामकथा का मूल आधार मानते हैं। एक श्लोकी रामायण में राम वन गमन से रावण वध तक की कथा वर्णित है।

अदौ राम तपोवनादि गमनं हत्वा मृगं कांचनम्।
वैदेही हरणं जटायु मरणं सुग्रीव संभाषणम्।
वालि निग्रहणं समुद्र तरणं लंका पुरी दाहनम्।
पाश्चाद् रावण कुंभकर्ण हननं एतद्धि रामायणम्।

जीवन के पेचीदा यथार्थ को रूपायित करने वाली राम कथा में सीता का अपहरण और उनकी खोज अत्यधिक रोमांचक व मार्मिक है। रामकथा की विदेश-यात्रा के संदर्भ में सीता की खोज-यात्रा को विशेष महत्व भी दिया गया है। वाल्मीकि रामायण के किष्किंधा कांड के चालीस से तेतालीस अध्यायों के बीच इसका विस्तृत वर्णन हमें मिलता है जो 'दिग्वर्णन' के नाम से विख्यात है। वानर राज बालि ने विभिन्न दिशाओं में जाने वाले दूतों को अलग-अलग दिशा निर्देश दिए थे, इन निर्देशों से एशिया के तत्कालीन भूगोल की जानकारी मिलती है।

कपिराज सुग्रीव ने पूर्व दिशा में जाने वाले दूतों के सात राज्यों से सुशोभित यवद्वीप (जावा), सुवर्ण द्वीप (सुमात्रा) तथा रुप्यक द्वीप में यत्नपूर्वक जनकसुता को तलाशने का आदेश दिया।

इस क्रम में यह भी कहा गया कि यव द्वीप के आगे शिशिर नामक पर्वत है जिसका शिखर स्वर्ग को स्पर्श करता है और जिसके ऊपर देवता तथा दानवों का निवास है।

यनिवन्तो यव द्वीपं सप्तराज्योपशोभितम्।
सुवर्ण रूप्यक द्वीपं सुवर्णाकर मंडितम्।
जवद्वीप अतिक्रम्य शिशिरो नाम पर्वत:।
दिवं स्पृशति शृंगं देवदानव सेवित:।१

दक्षिण-पूर्व एशिया के इतिहास का आरंभ इसी दस्तावेती सबूत से होता है। इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप में तीसरी शताब्दी को उत्तरार्ध से ही भारतीय संस्कृति की उपस्थिति के ठोस सबूत मिलते हैं। बोर्नियों द्वीप के एक संस्कृत शिलालेख में मूलवर्मा की प्रशस्ति उत्कीर्ण है जो इस प्रकार है-

श्रीमत: श्री नरेन्द्रस्य कुंडगस्य महात्मन:।
पुत्रोश्ववर्मा विख्यात: वंशकर्ता यथांशुमान्।।
तस्य पुत्रा महात्मान: तपोबलदमान्वित:।
तेषांत्रयानाम्प्रवर: तपोबलदमान्वित:।।
श्री मूलवर्मा राजन्द्रोयष्ट्वा वहुसुवर्णकम्।
तस्य यज्ञस्य यूपोयं द्विजेन्द्रस्सम्प्रकल्पित:।।२

इसी शिला लेख में मूल वर्मा के पिता अश्ववर्मा तथा पितामह कुंडग का उल्लेख है। बोर्नियों में भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा के स्थापित होने में भी काफी समय लगा होगा। तात्पर्य यह कि भारतवासी मूल वर्मा के राजत्वकाल से बहुत पहले उस क्षेत्र में पहुँच चुके थे।

जावा द्वीप और उसके निकटवर्ती क्षेत्र के वर्णन के बाद द्रुतगामी शोणनद तथा काले मेघ के समान दिलाई दिखाई देने वाले समुद्र का उल्लेख हुआ है जिसमें भारी गर्जना होती रहती है। इसी समुद्र के तट पर गरुड़ की निवास भूमि शल्मलीक द्वीप है जहाँ भयंकर मानदेह नामक राक्षस रहते हैं जो सुरा समुद्र के मध्यवर्ती शैल शिखरों पर लटके रहते है। सुरा समुद्र के आगे घृत और दधि के समुद्र हैं। फिर, श्वेत आभावाले क्षीर समुद्र के दर्शन होते हैं। उस समुद्र के मध्य ऋषभ नामक श्वेत पर्वत है जिसके ऊपर सुदर्शन नामक सरोवर है। क्षीर समुद्र के बाद स्वादिष्ट जलवाला एक भयावह समुद्र है जिसके बीच एक विशाल घोड़े का मुख है जिससे आग निकलती रहती है।

'महाभारत' में एक कथा है कि भृगुवंशी और्व ऋषि के क्रोध से जो अग्नि ज्वाला उत्पन्न हुई, उससे संसार के विनाश की संभावना थी। ऐसी स्थिति में उन्होंने उस अग्नि को समुद्र में डाल दिया। सागर में जहाँ वह अग्नि विसर्जित हुई, घोड़े की मुखाकृति (वड़वामुख) बन गयी और उससे लपटें निकलने लगीं। इसी कारण उसका नाम वड़वानल पड़ा। आधुनिक समीक्षकों की मान्यता है कि इससे प्रशांत महासागर क्षेत्र के किसी ज्वालामुखी का संकेत मिलता है। वह स्थल

मलस्क्का से फिलिप्पींस जाने वाले जलमार्ग के बीच का हो सकता है। यथार्थ यह है कि इंडोनेशिया से फिलिप्पींस द्वीप समूहों के बीच अक्सर ज्वालामुखी के विस्फोट होते रहे हैं जिसके अनेक ऐतिहासिक प्रमाण भी मिलते हैं। दधि, धृत और सुरा समुद्र का संबंध श्वेत आभा वाले क्षीर सागर की तरह जल के रंगों के संकेतात्मक प्रतीक मात्र भी हो सकते हैं।

बड़वामुख से तेरह योजना उत्तर जातरुप नामक सोने का पहाड़ है जहाँ पृथ्वी को धारण करने वाले शेष नाग बैठे हैं। उस पर्वत के ऊपर ताड़ के चिन्हों वाला सुवर्ण ध्वज फहराता है। यही ताड़ ध्वज पूर्व दिशा की सीमा है। उसके बाद सुवर्णमय उदय पर्वत है जिसके शिखर का नाम सौमनस है। सूर्य उत्तर से घूमकर जम्बू द्वीप की परिक्रमा करते हुए जब सौमनस पर स्थित होते हैं, तब इस क्षेत्र में स्पष्ट रूप में उनके दर्शन होते हैं और सौमनस सूर्य के समान प्रकाशमान हो उठता हैं। उस पर्वत के आगे का क्षेत्र अज्ञात है।

जातरुप का अर्थ सोना है। अनुमान किया जाता है कि जातरुप पर्वत का संबंध प्रशांत महासागर के पार मैक्सिको के स्वर्ण-उत्पादक पर्वतों से ही रहा होगा। मक्षिका का अर्थ सोना होता है। मैक्सिको शब्द भी मक्षिका से ही विकसित माना गया है। यह भी संभव है कि मैक्सिको की उत्पत्ति सोने के खान में काम करने वाली आदिम जाति मैक्सिका से हुई है। मैक्सिको में एशियाई संस्कृति के प्राचीन अवशेष मिलने से इस अवधारणा की और भी पुष्टि हुई है।

बालखिल्य ऋषियों का उल्लेख विष्णु-पुराण और रघुवंश, दोनों में हुआ है, जहाँ उनकी संख्या साठ हज़ार और आकृति अँगूठे से भी छोटी बतलायी गयी है। कहा गया है कि वे सभी सूर्य के रथ के घोड़े हैं। इससे अनुमान किया जाता है कि यह सूर्य की असंख्य किरणों का ही मानवीकरण है। उदय पर्वत का सौमनस नामक सुवर्णमय शिखर और प्रकाशपुंज के रूप में बालखिल्य ऋषियों के वर्णन से प्रतीत होता है कि यह प्रशांत महासागर में सूर्योदय के भव्य दृश्य का ही भावभीना एवं अतिरंजित चित्रण है।

वाल्मीकि रामायण में पूर्व दिशा में जाने वाले दूतों के दिशा निर्देशन की तरह ही, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशा में जाने वाले दूतों को भी मार्ग का निर्देश दिया गया। उत्तर में ध्रुव प्रदेश, दक्षिण में लंका के दक्षिण के हिंद महासागर क्षेत्र और पश्चिम में अटलांटिक तक की भू-आकृतियों का काव्यमय चित्रण है, जिससे समकालीन एशिया महादेश के भूगोल की भरपूर जानकारी मिलती है। इस संदर्भ में उत्तर-ध्रुव प्रदेश का एक मनोरंजक चित्र उल्लेखनीय है।

बैखानस सरोवर के आगे न तो सूर्य तथा ना ही चंद्रमा दिखाई पड़ते हैं और न कोई नक्षत्र या मेघमाला ही। उस प्रदेश के बाद शैलोदा नामक नदी है, जिसके तट पर वंशी की ध्वनि करने वाले कीचक नाम के बाँस मिलते हैं। इन्हीं बाँसों का बेड़ा बनाकर लोग शैलोदा को पारकर उत्तर-कुरु तक जाते है, जहाँ सिद्ध पुरुष निवास करते हैं। उत्तर-कुरु के बाद समुद्र है जिसके मध्य भाग में सोमगिरि का सुवर्णमय शिखर दिखाई पड़ता है। वह क्षेत्र सूर्य से रहित है, फिर भी वह सोमगिरि के प्रभा से सदा दैदीप्य रहता है। लगता है कि यह उत्तरीध्रुव प्रदेश का वर्णन है, जहाँ

छह महीनों तक सूर्य दिखाई नहीं पड़ता और छह महीनों तक क्षितिज के छोर पर उसके दर्शन भी होते हैं, तो तुरंत ही आँखों से ओझल हो जाता है। ऐसी स्थिति में सूर्य की प्रभा से उद्भासित सोमगिरि के हिमशिखर निश्चय ही स्वर्णमय ही दिखते होंगे और सूर्य से रहित होने पर भी उत्तर-ध्रुव पूरी तरह से अंधकारमय नहीं।

सतु देशो विसूर्योऽपि तस्य मासा प्रकाशते।
सूर्य लक्ष्याभिविज्ञेयस्तपतेव विवास्वता।

इस विषय में कई महत्वपूर्ण शोध भी हुए हैं जिनके द्वारा वाल्मीकी द्वारा वर्णित स्थानों को विश्व के आधुनिक मानचित्र पर पहचानने का प्रयत्न किया गया है। बोर्नियो द्वीप, जावा–सुमात्रा और प्रशान्त महासागर से लेकर उत्तरी ध्रुव जहां छह-छह महीने सूरज नहीं निकलता; इन सभी जगहों को इस महाकाव्य में पहचाना जा सकता है।

भारतवासी जहाँ कहीं भी गये वहाँ की सभ्यता और संस्कृति को तो प्रभावित किया ही, वहाँ के स्थानों के नाम आदि भी बदलकर उनका भारतीयकरण किया। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के ही नाम पर हुआ था। जावा के एक मुख्य नगर का नाम योग्याकार्टा है। 'योग्या' संस्कृत के अयोध्या का विकसित रुप है और जावानी भाषा में कार्टा का अर्थ नगर होता है। इस प्रकार योग्याकार्टा का अर्थ अयोध्या नगर हुआ। मध्य जावा की एक नदी का नाम सेरयू है और उसी क्षेत्र के निकट स्थित एक गुफा का नाम किस्केंदा अर्थात् किष्किंधा है। जावा के पूर्वीछोर पर स्थित एक शहर का नाम सेतुविंदा है जो निश्चय ही सेतुबंध का जावानी रुप है। इंडोनेशिया में रामायणीय संस्कृति से संबद्ध इन स्थानों का नामकरण कब हुआ, यह तो कहना कठिन है, किंतु मुसलमान बहुल इस देश का प्रतीक चिन्ह गरुड़ निश्चय ही भारतीय संस्कृति से अपने सरोकार को जरूर उजागर करता है।

मलाया स्थित लंग्या सुक अर्थात् लंका के राजकुमार ने चीन के सम्राट को ५१५ई. में दूत के माध्यम से एक पत्र भेजा था जिसमें लिखा था कि उसके देश को एक मूल्यवान संस्कृति की जानकारी है, जिसके भव्य नगर के महल और प्राचीर गंधमादन पर्वत की तरह ऊँचे और विशाल हैं। मलाया के राजदरबार के पंडितों को संस्कृत का ज्ञान था, इसकी पुष्टि संस्कृत में उत्कीर्ण वहाँ के प्राचीन शिला लेखों से हो जाती है। गंधमादन उस पर्वत का नाम था जिसे मेघनाद के वाण से आहत हुए लक्ष्मण के उपचार हेतु, हनुमान औषधि लाने के लिए उखाड़कर लाये थे। मलाया स्थित लंका की भौगोलिक स्थिति के संबंध में क्रोम नामक डच विद्वान का मत है कि यह राज्य सुमत्रा द्वीप में था, किंतु ह्विवटले ने प्रमाणित किया है कि यह मलाया द्वीप में था।

बर्मा का पोपा पर्वत ओषधियों के लिए विख्यात है। वहाँ के निवासियों का विश्वास है कि लक्ष्मण के उपचार हेतु पोपा पर्वत के ही एक भाग को हनुमान उखाड़कर ले गये थे और उस पर्वत के मध्यवर्ती खाली स्थान को दिखाकर आज भी पर्यटकों को बताया जाता है कि पर्वत के इसी भाग को हनुमान उखाड़ कर लंका ले गये थे और वापसी यात्रा के दौरान उनका संतुलन

बिगड़ जाने से वे पहाड़ के साथ जमीन पर आ गिरे थे और यहां पर एक बहुत बड़ी झील बन गयी। इनवोंग नाम से विख्यात यह झील अभी भी बर्मा के योमेथिन जिले में है। बर्मा के इस लोकाख्यान से इतना तो स्पष्ट है ही , कि वहाँ के लोग प्राचीन काल से ही रामायण से परिचित थे और उन लोगों ने उससे अपने को जोड़े रखने का भी प्रयत्न रखा है।

थाईलैंड का प्राचीन नाम स्याम था और द्वारावती (द्वारिका) उसका एक प्राचीन नगर था। थाई सम्राट रामातिबोदी ने १३५० ई. में अपनी राजधानी का नाम अयुध्या (अयोध्या) रखा था, जिसपर ३३ राजाओं ने राज्य किया। ७ अप्रैल १७६७ ई. को बर्मा के आक्रमण से इसका पतन हुआ। अयुध्या का भग्नावशेष थाईलैंड की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है। अयुध्या के पतन के बाद थाई नरेश दक्षिण के सेनापति चाओ-फ्रा-चक्री को नागरिकों द्वारा १७८५ई. में राजा घोषित कर दिया गया, जिसका अभिषेक भी राम प्रथम के नाम से ही हुआ। राम प्रथम ने बैंकॉक में अपनी राजधानी की स्थापना की। राम प्रथम के बाद चक्री वंश के सभी राजाओं द्वारा अभिषेक के समय राम की उपाधि धारण की जाती है। वर्तमान थाई सम्राट राम नवम हैं।

थाईलैंड में लौपबुरी (लवपुरी) नामक एक प्रांत है। इसके अंतर्गत वांग-प्र नामक स्थान के निकट फाली (वालि) नामक एक गुफा है। कहा जाता है कि वालि ने इसी गुफा में थोरफी नामक महिष का वध किया था। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि थाई रामायण रामकियेन में दुंदुभि दानव की कथा में थोड़ा परिवर्तन है। इसमें दुंदुभि राक्षस के स्थान पर थोरफी नामक एक महाशक्तिशाली महिष है जिसका वालि द्वारा वध किया जाता है। वालि नामक गुफा से प्रवाहित होने वाली जलधारा का नाम सुग्रीव है। थाईलैंड के ही नखोन-रचसीमा प्रांत के पाक-थांग-चाई के निकट थोरफी पर्वत है जहाँ से वालि ने थोरफी के मृत शरीर को उठाकर २००कि.मी. दूर लौपबुरी में फेंक दिया था। सुखो थाई के निकट संपत नदी के पास फ्राराम गुफा है। उसके पास ही एक सीता नामक गुफा भी है।

दक्षिणी थाईलैंड और मलयेशिया के रामलीला कलाकारों का विश्वास है कि रामायण के पात्र मूलत: दक्षिण-पूर्व एशिया के निवासी थे और रामायण की सारी घटनाएँ इसी क्षेत्र में घटी थी। ये मलाया के उत्तर-पश्चिम स्थित एक छोटे द्वीप को लंका मानते हैं। उनका विश्वास है कि दक्षिणी थाईलैंड के सिंग्गोरा नामक स्थान पर सीता का स्वयंवर रचाया गया था जहाँ राम ने एक ही बाण से सात ताल वृक्षों को बेधा था। सिंग्गोरा में आज भी सात ताल वृक्ष हैं। जिस प्रकार भारत और नेपाल के लोग जनकपुर के निकट स्थित एक प्राचीन शिलाखंड को राम द्वारा तोड़े गये धनुष का टुकड़ा मानते हैं । उसी प्रकार थाईलैंड और मलेशिया के लोगों को भी विश्वास है कि राम ने उन्हीं ताल वृक्षों को बेध कर सीता को प्राप्त किया था।

वियतनाम का प्राचीन नाम चंपा है। थाई वासियों की तरह वहाँ के लोग भी अपने देश को राम की लीलभूमि मानते है। उनकी इस मान्यता की पुष्टि सातवीं शताब्दी के एक शिलालेख से भी होती है जिसमें आदिकवि वाल्मीकि के मंदिर का उल्लेख है जिसका पुनर्निमाण प्रकाश धर्म नामक सम्राट ने करवाया था। प्रकाशधर्म (६५३-६७९ ई.) का यह शिलालेख अपने आप में

अनूठा है, क्योंकि आदिकवि की जन्मभूमि भारत में भी उनके किसी प्राचीन मंदिर का अवशेष अब उपलब्ध नहीं।

परमात्मा की खोज में भटकती आत्मा की अनंत यात्रा की तरह ही राम की यह कहानी भी कई-कई परिवर्तन और रहस्यमय रूपों से गुजरी है और प्रमाणिकता के अनगिनत वाद-विवादों के बावजूद आज भी अपना वर्चस्व बनाए हुए है। अतः इस संदर्भ में कम-से-कम यह तो पूर्ण विश्वास से कहा ही जा सकता है कि मनसा वाचा कर्मणा हमें प्रेरित करने वाले और भारतीय संस्कृति के आदर्श राम मात्र एक काल्पनिक चरित्र नहीं थे, उनका सशरीर अवतरण अवश्य ही हुआ था और ईश्वर की तरह भौतिक रूप में भले ही वे आज हमारे बीच न भी हों, परन्तु रामकीर्ति की सुवासित मलय आज भी दसों दिशाओं में बह रही है...उन्हें महका रही है। और विश्व के कोने-कोने बिखरे रामभक्तों के लिए इस प्राचीन रामकथा में आज भी अपार शक्ति निहित है, भवसागर को समझने की भी और इससे पार लगाने की भी- जीवन तमस को चीरने वाली सर्वाधिक दैदीप्य मणि है रामकथा। तुलसी दास ने भी तो कहा है-

राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरेहुँ जो चाहसि उजियार॥

रामराज्य की पूर्व पीठिका भरत-राज्य

प्रभुदयाल मिश्र



योग, वेद और वेदान्त के अध्येता श्री प्रभुदयाल मिश्र, सागर विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में परास्नातक हैं। उन्होंने अध्यात्म और दर्शन की आधार भूमिका में दो दर्जन से भी अधिक कविता, उपन्यास, समालोचना, अनुवाद और विनिबन्ध ग्रन्थों की रचना की है। इनमें 'वेद की कविता', 'मैत्रेयी', 'ईश्वर का घर है संसार' और 'सूर्या' बहुत चर्चित हुई हैं। उच्च प्रशासकीय सेवाओं से निवृत्त श्री मिश्र वर्तमान में भोपाल, मध्य प्रदेश में रह रहे हैं तथा वेदों के शोध और सम्प्रसार में लगे महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम् के संस्थापक अध्यक्ष हैं।

जब राम को राज्याभिषिक्त किए जाने की घोषणा होती है तो राम सर्वाधिक मूल एक महत्वपूर्ण व्यवस्था का यह प्रश्न उठाते हैं –

जनमे एक संग सब भाई। भोजन सयन केलि लरिकाई॥ 2.10.C5
करनबेध उपबीत बिआहा। संग संग सब भए उछाहा॥ 2.10.C6
बिमल बंस यहु अनुचित एकू। बंधु बिहाइ बड़ेहि अभिषेकू॥ 2.10.C7

अर्थात् श्री राम राज्य में उत्तराधिकार के स्थान पर योग्य शासक के चयन के पक्षधर थे। यह प्रजातन्त्र का मूल स्वरूप है जिसके आदि प्रवर्तक राम कहे जा सकते हैं। स्वयं अपने परम प्रतापी सूर्य वंश की इस सुस्थापित परिपाटी पर प्रश्न उठाकर राम राजकुलों के परवर्ती शासन काल में उत्पन्न होने वाले उस कलह और षड्यंत्र कार्य का मूलोच्छेद करने को जैसे प्रतिसंकल्पित थे जो वर्तमान युग में संलुप्तप्राय है। यहाँ राम ने यह नहीं कहा है कि क्षमता और आवश्यकता की दृष्टि से वे अपने स्थान पर भरत को राजा बनाए जाने की बात कर रहे हैं, किन्तु आगे जाकर यही स्पष्ट होता है कि राम के अनुसार उनके स्थान पर अयोध्या का राजा प्रथमतः भरत को बनाया जाना ही योग्यतर विकल्प है।

यहाँ हमें रामराज्य को लेकर कुछ अन्य बातें समझ लेना भी उचित है। लोकमानस में रामराज्य के संबंध में रामचरित मानस के उत्तरकाण्ड में दोहा क्रमांक 19/4 से आरंभ- रामराज्य बैठे त्रैलोका से दोहा क्रमांक 31 तक जो लोक की आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक प्रगति का विवर्णन है वह जैसे मानवीय विकास की पराकाष्ठा थी जो स्वाभाविक रूप से सभी कालों में धरती के लिए वरेण्य हो जाती है। यह राम के राज्य का व्यावहारिक निदर्शन है। यह व्यवस्था पूर्ण जनतान्त्रिक थी। श्री राम द्वारा बुलाई गई उस सामान्य सभा की घोषणा से स्पष्ट हो जाता है जो उत्तरकाण्ड में दोहा क्रमांक 42 से 47 तक में वर्णित है। यहाँ राम ने अपने आपको जैसे अपनी प्रजा के नियंत्रण में छोडते हुये यहाँ तक कह दिया है–

जौं अनीति कछु भाषौं भाई। तौ मोहि बरजहु भय बिसराई॥ 7.43.C6

निश्चित ही रामराज्य की इस परिकल्पना का मूल भारतीय शास्त्र और संहिताओं में विद्यमान है। तुलसी ने जैसे इस सब का समाहार करते हुये ही दोहावली (508) में लिखा –

तुलसी प्रजा सुभाग ते भूप भानु सो होय।
बरसत हरषत लोग सब करखत लखै न कोय॥

अर्थात एक राजा प्रजा से कर उसी प्रकार 'कर' ग्रहण करता है जैसे सूर्य जल का बिना देखे आकर्षण करता है किन्तु लोगों को प्रसन्न करते हुये उसकी परिपूर्ण वर्षा कर देता है। अयोध्याकाण्ड में भरत के लिए राम स्वयं राजा और प्रजा के अन्तः सम्बन्धों की जैविक अविभाज्यता का यही आदर्श प्रस्तुत करते हैं –

मुखिआ मुखु सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक ॥ 2.315.D1
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक॥ 2.315.D2

यहाँ तक कि स्वामी और सेवकों के संबंध का पैमाना भी लगभग इसी समता मूलक समाज का परिचायक है –

सेवक कर पद नयन से मुख सो साहिबु होइ ॥ 2.306.D1
तुलसी प्रीति कि रीति सुनि सुकबि सराहहिं सोइ॥ 2.306.D2

वाल्मीकि रामायण के अनुसार तो भरत के चित्रकूट पहुँचते ही विक्षिप्तप्राय भरत को राम राजा के कर्तव्य बोध का बहुत विस्तृत पाठ अपनी प्रश्नाकुलता में अयोध्याकाण्ड के स्कन्ध 100 के 76 श्लोकों में सहसा समझा जाते हैं। इस शिक्षा में राजनीति, कूटनीति, व्यवहार और प्रशासन के अनेक सूत्र विद्यमान हैं। श्लोक 61 में राम के आदर्श में एक राजा को गुरु, वृद्ध, तपस्वी, देवता और अतिथियों की श्रेणी में मार्ग के वृक्ष को भी नमस्कार करना अभीष्ट है !

कच्चिद्गुरूंश्च वृद्धान्श्च तापसान्देवतातिथीन्।
चैत्यांश्च च सर्वांसिद्धार्थान्ब्राहम्णांश्च नमस्यसि॥

राजा को निश्चित ही आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ और सम्पन्न होना आवश्यक है। इसके लिए व्यय की तुलना में आय अधिक रहने का सिद्धान्त सर्वमान्य है –

आयस्ते विपुल: कच्चित् कच्चिदल्पसे व्यय:। (वाल्मीकि रामायण 100/54)

जैसे इसी के समाधान में स्वयं वाल्मीकि ने उत्तरकाण्ड में भरत के व्यवहार से इसे तब प्रमाणित भी कर दिया है जब वनवास से लौटने पर भरत ने राम को सूचना दी कि उनका राज्य कोश दश गुना बढ़ चुका है क्योंकि प्रजा ने स्वेच्छा से ही करों का भुगतान किया है तथा उन्होने इस अवधि में कोई अतिरिक्त कर भी आयत नहीं किया है।

राम के वनवास की कथा से जहां राम के अवतारत्व की सिद्धि होती है वहीं भरत के चरित्र की अर्थवत्ता का भी अभिनव उद्घाटन होता है। भरत के संबंध में सामान्य धारणा यही बनती है कि भरत ने अयोध्या का राज्य स्वीकार न कर बहुत बड़े त्याग का परिचय दिया। आम तौर पर रामायण के अध्येता भरत के भ्रातृत्व की पराकाष्ठा इस घटना में ही देखकर इसे उनके चरित्र विकास की परिपूर्णता मान लेते हैं। किन्तु यहाँ भरत के चरित्र का जो बहुत सूक्ष्म और गहन पक्ष है वह जैसे छूट जाता है। विचारणीय है कि भरत के चरित्र का वस्तुतः वह पक्ष क्या है जो उन्हें स्वयं राम, वशिष्ठ, जनक, कौशल्या, देवगणों तथा गोस्वामी तुलसी के काव्यत्व का परिमाण बनाता है?

यह स्पष्ट है कि भरत वन में ही राम को राज्याभिषिक्त करने की तैयारी से चित्रकूट पहुँचते हैं। उन्हें विश्वास है कि श्री राम 'आपुन जानि' उनका त्याग नहीं करेंगे। वे यह भी जानते थे कि उनके राज्यारोहण और राम के वनवास में महाराज दशरथ की रंचमात्र सहमति नहीं थी और न ही इसकी कोई राजाज्ञा ही प्रसारित हुई थी। इस सब के परे यदि भरत को राजा बना ही दिया गया था तो वे श्री राम के लिए इस पद को छोडने के लिए स्वत: ही प्रस्तुत थे। इतने सब के बाद अन्य अनेक विकल्प भी उनके पास थे –

1. जैसे भरत का शत्रुघ्न के साथ स्वयं बन जाना ('सानुज पठिइय मोहि बन' 2.268.D1)
2. दोनों भाइयों का लौटना और भरत का राम के साथ वन जाना ('सानुज पठइअ मोहि बन कीजिअ सबहि सनाथ' 2.268.D1)
3. भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न तीनों भाइयों का बन जाना
4. सीता के साथ राम का लौटना ('नतरु जाहिं बन तीनउ भाई। बहुरहिं सीय सहित रघुराई ॥' 2.269.C1), और
5. भरत का जीवन भर का वन प्रवास ले लेना- 'कानन करहु जनम भर बासू। इहिते अधिक न मोर सुपासू ॥' (2.256.C8) इतने सब के बाद भरत का स्वत: लौट आने का निर्णय ही क्या उनके विवेक की पराकाष्ठा नहीं हो जाता?

चित्रकूट में राम के प्रत्यागमन प्रस्ताव को लेकर तीन महत्वपूर्ण राज-सभाएं हुईं। इनमें से प्रत्येक में श्री राम ने निर्णायक भूमिका भरत को ही प्रदान की। और सबसे बड़ा आश्चर्य यही रहता है कि भरत ने राम को लौट चलने का आग्रह नहीं किया जबकि तीनों बार श्री राम ने अंतिम तौर पर निर्णय लेने का अधिकार भरत के ऊपर ही छोड़ रखा था।

1. प्रथम सभा में गुरु वशिष्ठ की स्थापना यही है – 'मोरे जान भरत रुचि राखी। जो कीजिय सो सुभ सिव साखी ॥' (2.258.C8) और राम का भी इसमें यही कहना था- 'भरतु कहहिं सोइ किएँ भलाई। अस कहि राम रहे अरगाई ॥' (2.259.C8) तथा –

'मनु प्रसन्न करि सकुच तजि कहहु करों सो आजु।' (अयो. 2/62) किन्तु इस महती सभा में अंतत: भरत की निर्णायक स्थापना यही है –

'स्वारथ नाथ फिरें सबही का। किएँ रजाइ कोटि विधि नीका॥' (2/267/3)

अर्थात् राम के लौटने में मात्र सभी अपना स्वार्थ ही देखते हैं जबकि उनकी आज्ञा पालन इससे करोड़ों गुना श्रेष्ठ है। अत: वे राम पर ही निर्णय छोडते हुये कह देते हैं –

प्रभु प्रसन्न मन सकुच तजि जो जेहि आयसु देब ॥ 2.269.D1
सो सिर धरि धरि करिहि सबु मिटिहि अनट अवरेब ॥ 2.269.D2

2. दूसरी सभा जनक जी के आने के बाद सम्पन्न होती है। इसकी पूर्व पीठिका में अवध और मिथिला की महारानियाँ, महाराज जनक और सुनयना तथा महाराज जनक और गुरु वशिष्ठ परस्पर गहन परामर्श करते हैं किन्तु उन्हें कोई योग्य विकल्प सुलभ नहीं होता। इस सभा में राम शपथ पूर्वक यह तक कह देते हैं-

राउर राय रजायसु होई। राउरि सपथ सही सिर सोई॥ 2.296.C8

यहीं गोस्वामी तुलसीदास ने भरत की बुद्धि को भगवान के वराह अवतार के प्रतीकार्थ में सभी के शोक की उद्धारकर्ता प्रतिपादित किया है। इस सभा में भरत श्री राम से ही बिना किसी आग्रह के योग्य आदेश प्रसारित करने का अनुरोध करते हैं क्योंकि उनके मत में राम की योग्य सेवा मात्र यही होगी –

'अग्या सम न सुसाहिब सेवा' (2.301.C4)। इसी अवसर पर राम सेवक और स्वामि की जैविक सत्ता के रूप में अविभाज्यिता का वह सिद्धान्त प्रतिपादित करते हैं जिसके पश्चात भरत को अपने अभिप्राय की सिद्धि स्वीकार करने की भी कठिनाई नहीं रह जाती – नाथ भयउ सुखु साथ गए को। (2.307.C6)।

3. अंतिम सभा भरत को 'पांवरी' का 'अवलंब' प्रदान करने के लिए सम्पन्न होती है जिन्हें प्राप्त कर भरत को इतना संतोष प्राप्त हो जाता है कि 'अस सुख जस सिय राम रहे ते' – मानो राम और सीता ही उनके साथ लौट चले हों!

भरत के भ्रातृत्व का यह आदर्श मानस के व्याख्याकार महाभारत काल तक खींचकर यह तर्क देते हैं कि यदि कौरव और पांडव, चाहे पांडु और धृतराष्ट्र की बात हो अथवा युधिष्ठिर और दुर्योधन की, द्वापर युग में अस्तित्व में रहता तो महाभारत युद्ध की आवश्यकता ही उत्पन्न न होती। किन्तु कुछ और विचारपूर्वक देखने पर यही स्पष्ट होता है कि श्री राम के राज्याभिषेक के पूर्व भरत का राज्यारोहण एक परमावश्यक स्थिति थी/ है। अत: सूत्र रूप में इसके समर्थन में कुछ आधार निम्न निर्धारित हो जाते हैं –

1. राम का राज्य वर्तमान युग के बहुमत का शासन का न होकर सर्वानुमति की व्यवस्था है। रामराज्य की स्थापना में अल्पमत के तौर पर मात्र 2 – मंथरा और कैकेयी की स्थिति भी स्वीकार्य नहीं की जा सकती।

2. राम का राज्य धर्मयुक्त सत्य के स्तम्भ पर ही स्थापित होगा। धर्म और सत्य की इस अंतरंगता पर महाभारत और रामचरित मानस में लगभग समान बात कही गई है – नास्ति सत्यात्परो धर्म: (महाभारत 156/24) और -धरम न दूसर सत्य समाना (मानस 2/95)। श्रुति में जो ऋत् है, वह सृष्टि का शाश्वत विधान है। स्रष्टा के इस सनातन दर्शन का सभी को अपनी समग्र चेष्टा में पालन करना सत्यनिष्ठा है। अत: महाराज दशरथ द्वारा कैकेयी के वचन पालन की प्रतिबद्धता राम और भरत के लिए सर्वथा अवलंबनीय है। इसमें व्याख्या, व्यवस्था और परिमार्जन का उनके लिए कोई विकल्प शेष रहने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

3. राम के 'धर्मरथ' में सत्य और शील का अद्भुद् समन्वय है। रामराज्य का सत्य निष्ठुर और निष्प्राण नहीं है। इसमें सत्य की ध्वजा और शील की पताका फहराती है- सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका (6/80)। मानस मनीषी पंडित राम किंकर जी उपाध्याय ने इस भाव की उत्तम व्याख्या करते हुये यही प्रतिपादित किया है कि रामराज्य के इस ध्वज की ध्वजा के सत्य स्वरूप श्री भरत तथा शीलवान स्वयं श्री राम हैं। सत्य को जीवन में तप, त्याग और आत्मानुशासन की जो अनेक परीक्षाएँ देनी होती हैं, उनका सम्पूर्ण साक्षात्कार भरत के चरित्र में किया जा सकता है।

4. स्पष्ट है कि राम के पूर्व भरत का राज्य अन्तरिम ही है, किन्तु उनके चरित्र में राजा का आदर्श और प्रजा के अधिकार तथा कर्तव्य बोध का प्रादर्श फलीभूत होता है जो राम के राज्य की दीर्घकालिकता की पूर्व पीठिका सिद्ध होता है।

रावण का लक्ष्मण को नीति-ज्ञान

मंगलेश मुजमेर 'मंगल'

श्री मंगलेश मुजमेर 'मंगल' जी ने करीब ७० साहित्यिक रचनाएँ प्रकाशित की हैं। आकाशवाणी और कई कवि सम्मेलनों में उन्होंने काव्य-पाठ भी किया है।देश-विदेश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं और संस्थाओं ने उन्हे समय-समय पर कई पुरस्कारो / उपाधियो से सम्मानित भी किया हैं।

नाभि में गड़े हुए 'राम-बाण' से मरणासन्न अवस्था में पड़े अति विद्वान पर अहंकारी ब्राह्मणाचार्य लंकापति 'रावण' के दिलो-दिमाग में उसके जीवन-पर्यंत का अर्जित ब्राह्मणत्व का तत्व ज्ञान, अनुभव, पराक्रम के साथ साथ जाने-अनजाने किए गए तमाम बुरे कार्यों की अनुभूतियाँ, किसी चल-चित्र की भाँति एक के बाद एक कौंध रहीं थीं। वह 'रावण' जिसने नव-ग्रहों को अपने वश में कर रखा था, जिसने सैंकड़ों साल तक इस धरा, आकाश-पाताल पर राज किया और जिसने 'हरि-विष्णु' को अवतार लेने हेतु विवश कर दिया था, आज पर-नारी (श्री सीताजी) को छल से अपहरण करने तथा अनेक स्त्रियों का शील भंग करने के कारण अपने अहंकार-वश मृत्यु के आगोश में जाने को विवश है।

महर्षि वाल्मीकि रामायण के अनुसार चक्रवर्ती राजा रावण स्वयं में भगवान शिव का परम भक्त था। विभिन्न पौराणिक कथाएँ भी प्रतिपादित करतीं हैं कि श्रीरामजी रावण को महा विद्वान ब्राह्मण मानते थे। रावण के दस सिर सांकेतिक दृष्टि से आध्यात्म- विषयक चार वेद और छ: शास्त्रों को मिलाकर कुल दस धर्म-ग्रन्थों का प्रकांड ज्ञाता बताते हैं। अत: उसे दस शीश से भी उपकृत किया गया है। यद्यपि रावण की दिमागी क्षमता तो अत्याधिक थी अपितु उसके हृदय में अभिमान बढ़ जाने से वह दिल से 'अहम् ब्रह्मास्मि' का राग अलापते हुए स्वार्थी और व्यभिचारी बन गया। जिन्दा होते हुए भी वह मृत जैसा ही हो गया था। उसके इन दुर्गुणों को नज़रान्दाज कर अन्तत: श्री राम जी ने मरणासन्न अवस्था में पड़े महा विद्वान रावण से शाश्वत ज्ञान प्राप्त करने के लिए अनुज लक्ष्मणजी को रावण के सम्मुख जाने को कहा। यद्यपि लक्ष्मण जी उस अहंकारी रावण जिसने माँ सीता का, छलपूर्वक अपहरण करने का घोर पाप किया था, से कतई भी कोई ज्ञान प्राप्त करना दिल से नहीं चाहते थे पर चूँकि अग्रज श्रीराम जी का यह आदेश था, अत: उन्होंने सहर्ष रावण के पास जाकर उसके सिर के समीप खड़े हो उससे शाश्वत नीति-ज्ञान देने हेतु प्रार्थना की, पर रावण ने लक्ष्मण जी को अनदेखा कर दिया। उससे कुछ भी नहीं कहा। तब लक्ष्मणजी निराश हो कर लौटे और श्रीराम जी के पास पहुँचे। श्रीराम ने लक्ष्मण से पूछा कि, 'श्री रावण ने तुम्हें क्या ज्ञान दिया?' लक्ष्मण जी ने कहा 'मैंने श्रीरावण के सिर के समीप होकर उनसे नीतिगत ज्ञान देने हेतु प्रार्थना की परन्तु उन्होंने मुझसे कुछ भी नहीं कहा,अत: मैं निराश लौट आया'। तब श्रीराम ने लक्ष्मण को समझाया कि जब कभी भी किसी से दीक्षा

या ज्ञान प्राप्त करना हो तो शिष्य के रूप में उसके सिर के पास नहीं, अपितु आदर के साथ उसके चरणों में खड़े होकर निवेदन करना चाहिए। वैसे भी चरणों के पास खडे व्यक्ति पर सीधे लेटे व्यक्ति की सीधी नजर पडती है !तब श्री लक्छमन जी ने पुन: रावण के चरणों के समीप खड़े होकर नीतिगत ज्ञान देने की सविनय प्रार्थना की। जब रावण ने श्रीरामजी द्वारा आदेशित लक्ष्मण जी को ज्ञान प्राप्त करने की चाहत के साथ अपने चरणों में खड़े पाया तो आखिर उसने मन ही मन यह अनुभूत किया कि भले ही वह श्रीरामजी की तुलना में इस युग का बड़ा शिव भक्त, विद्वान, वीर, मानवतावादी और भविष्य दृष्टा हैं पर उनसे जीत पाना उसके लिए असंभव था। श्रीरामजी ने उस वीर खरदूषण का सहज ही वध कर दिया था। रावण के उस समय के डर से भरे मनोभाव का स्पष्ट उल्लेख तुलसी कृत रामायण में भी है -

खरदूषण मो सम बलवन्ता, तिनहि को मारहि विनु भगवन्ता।

लक्ष्मण जी के विशेष अनुरोध को स्वीकार कर परस्पर चर्चा करते हुए आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संदर्भ में रावण ने उन्हें निम्नानुसार नीति-सम्मत शाश्वत ज्ञान दिया -

1. आध्यात्मिक संदर्भ में -
   - कभी भी नव ग्रहों को साधने का प्रयास मत करो अन्यथा कोई भी ईश्वरीय शक्ति कभी भी तुम पर प्रचंड वार करेगी, जिसे तुम्हारा कोई भी शस्त्र काट नहीं सकेगा।
   - जन -सेवा ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। वैसे भी मानव-सेवा, माधव- सेवा के समतुल्य होती है। यह शाश्वत सत्य तुलसीदास जी ने भी रामायण में प्रतिपादित करते हुए लिखा है कि,

     पर हित धर्म सरिस नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई।

     इस संदर्भ में राष्ट्रीय गीतकार श्री इन्द्रजीत सिंह तुलसी ने भी बहुत खूब कहा है कि-

     मेरे मालिक मेरी बख्श देना खता, फूल-पूजा के तुझको चढ़ा न सका;
हाथ बन्दों की खिदमत में मसरूफ थे, हाथ खाली न थे पूजा के लिए।

2. सामाजिक संदर्भ में -
   - जीवन में यदि आपने अपने भेद किसी को बताए हैं तो उस व्यक्ति को कभी भी अपने से दूर मत करना।
   - कभी भी किसी नारी का अपमान मत करो क्योंकि यदि गाय में समस्त देवी-देवता वास करते हैं तो नारी में उनकी शक्तियाँ वास करतीं हैं।

3. राजनैतिक संदर्भ में –
   - अपने शत्रु को सदा बड़ा मान कर उसे अन्तत: छोटा बनाने का प्रयास करो, जैसा कि श्रीरामजी ने सिद्ध कर दिखाया है।
   - रावण ने लक्ष्मण जी से यह भी कहा कि, अत्यंत ज्ञानवान और शूरवीर होते हुए भी मैंने अमरता प्राप्त करने के ध्येय से ही श्रीराम से युद्ध किया है। वैसे तो इस धरती,

पाताल और स्वर्ग में ऐसा कोई भी नहीं है जो मुझे पराजित कर सके पर अनेक वर्षों की शिव साधना से मैं जान चुका था कि मेरी यह सांसारिक अमरता निश्चित ही समाप्त हो जाएगी। मेरी नाभि का अमृत मुझे सदा के लिए अमर नहीं रख सकता परंतु नाभि में उतरा हुआ यह राम-बाण निश्चित ही मुझे अमर कर देगा। इसीलिए मैंने जगत के पालनहार से बैर लिया, इतने अहंकारों का स्वाँग रचा कि श्रीराम जी को मेरा यह अहंकार चूर करने के लिए आना ही पड़ा। मैं चाह कर भी अपनी अमरता खोना नहीं चाहता था। भले इसी तरह से ही सही श्रीरामजी के साथ 'मैं-रावण', अमर तो हो जाऊँगा क्योंकि श्रीरामजी की चर्चा मुझ रावण के बिना कभी पूर्ण नहीं होगी। ऐसा कर मैंने अपने अनुज विभीषण को बताए अपने भेद के प्रकट होने के भय से भी अब मुक्ति भी पा ली है। अब मैं अमर हूँ। अब मेरा कोई भेदी नहीं है। यह अमृत लिए अब मैं चिर विश्रामावस्था में चला जाऊँगा।

- रावण ने श्री लक्ष्मण को अंत में गूढ़ रहस्य बताते हुए यह भी कहा कि जीवन के अंतिम पहर में मुझसे नीतिगत ज्ञान प्राप्त करने हेतु श्रीराम जी ने मेरे अनुज विभीषण के बजाय तुम्हे मेरे पास इसलिये भेजा ताकि तुम यह जान सको कि उसे कभी ग्यान प्राप्त नहीं होगा क्योंकि विभीषण घर का भेदी होने का पश्चाताप नहीं कर सकेगा। उस पर मेरी मृत्यु का ऋण सदा बना रहेगा। घर का भेदी लंका ढ़ाए की कहावत जब तक जीवन्त रहेगी, तब तक मुझ रावण को भी मुक्ति नहीं मिलेगी। भावार्थ यही है कि घरों में जब तक आपसी फूट रहेगी, अहंकार को कभी मोक्ष नहीं मिलेगा।

संदर्भ:

1) neetasinghal.com
2) rgyan.com
3) wordzz.com
4) India TV news.com

महात्मा गाँधी एवं रामायण

सी. कामेश्वरी, सपना सिंह

डॉ. सी. कामेश्वरी सम्प्रति भारतीय विद्या भवन, भवन्स विवेकानन्द महाविद्यालय, सिकन्दराबाद में भाषा विभागाध्यक्षा हैं | लेखन में रुचि रखने के कारण देश-विदेश में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियों में भाग लेती हैं और उत्तम प्रपत्र प्रस्तुति भी प्राप्त कर चुकी हैं। हिन्दी मिलाप, गृहशोभा, सरिता पत्र-पत्रिकाओं में इनके सामाजिक लेख छपते रहते हैं, अनेक कहानियों, लेखों, पुस्तकों, उपन्यासों का सफल अनुवाद अंग्रेज़ी एवं तेलुगु से हिन्दी में किया है। विषय विशेषज्ञ, निर्णायक, विशेष अतिथि, मुख्य अतिथि के रूप में भी रह चुकी हैं।

कु. सपना सिंह, भारतीय विद्या भवन, भवन्स विवेकानन्द महाविद्यालय, सिकन्दराबाद में विज्ञान में की छात्रा हैं। अपनी वाक कला कौशल में परंगत होने के कारण सपना सिंह अन्तर्महाविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेती रहती है और श्रोताओं, निर्णायकों की भूरि-भूरि प्रशंसा प्राप्त करती रहती हैं। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका में हिन्दी लेखों, कहानियों, कविताओं का सह-संपादन किया। विज्ञान पत्रिका - साइफ के संपादन में भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

सार

एक सच्चे कर्मनिष्ठ व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। मोहनदास कर्मचंद गाँधी, महात्मा, बापू के नाम से जाने जाने वाले गाँधी जी ऐसे ही कर्मनिष्ठ लोगों में से एक हैं, जिनका जीवन भारतीयों के लिए आदर्शप्राय रहा है। उन्होंने अपनी कर्मनिष्ठता, शक्ति एवं युक्ति से भारतीयों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया। उनका जीवन कहीं न कहीं श्री राम के जीवन से प्रभावित था। राम शान्ति के संवाहक थे, तो गाँधी जी शान्ति के पुजारी सिद्ध होते हैं। राम ने सत्य के मार्ग पर चलकर रामराज्य की स्थापना की तो, गाँधी जी ने शान्ति से स्वराज्य की स्थापना की। राम ने धर्म और न्याय के लिए राजसी ठाठ-बाट का त्याग किया, गाँधी जी ने सत्य के राह पर अग्रसर होने के लिए अपना तन-मन समर्पित कर दिया। गाँधी जी ने 'सत्य को ही ईश्वर घोषित किया है। वे ईश्वर राम को मन, वचन और कर्म से सत्य के रूप में देखते थे' (देशबंधु-5.3.2009)। गाँधी की गाथा, राम की गाथा से अभिन्न नहीं है।

मुख्य बिन्दुः राम एवं गाँधी, सत्य, अहिंसा, न्याय, धर्म, कर्मनिष्ठ के पर्याय

प्रस्तावना

रामायण हम भारतीयों के लिए एक मुख्य ग्रन्थ है । वाल्मीकि कृत रामायण एवं तुलसीदास कृत रामचरितमानस हमारे आधार ग्रन्थ हैं और मानव जीवन को सुधारने के लिए आवश्यक सभी मूल्यों को प्राप्त करने के लिए ये सहायक ग्रन्थ सिद्ध होते हैं । राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक क्षेत्र में होने वाली सभी समस्याओं का समाधान हमें रामायण में मिल जाते हैं । रामायण के सभी पात्र, चाहे वे सकारात्मक हों या नकारात्मक उनसे हमें सीख अवश्य प्राप्त होती है । आदर्श पिता, माता, भ्राता, परिवार, संतान, गुरु-शिष्य संबंध, मौलिक एवं नैतिक गुणों को आत्मसात करने के लिए कोई न कोई पात्र हमारे सामने प्रत्यक्ष उपस्थित हो जाते हैं और उनका हम स्वाभाविक अनुकरण करने लगते हैं ।

समय के प्रवाह में एक मनुष्य दूसरे मनुष्य के लिए आदर्शप्राय बन जाता है । उसकी विशेषताएँ, उसका व्यक्तित्त्व, उसकी छवि इतनी आकर्षित होती है कि उन्हें हम अपना प्रिय बना लेते हैं और उनके गुणों को आत्मसात करने लगते हैं । व्यवहार कुशलता, समानता की भावना, मृदु एवं प्रिय भाषण, युक्ति संगत बातें, सभी को साथ लेकर चलने की भावना, भेदभाव हीन व्यवहार, आकर्षित व्यक्तित्त्व, उनकी छवि को और भी पुष्ट करने लगती हैं । बापू के नाम से जाने जाने वाले मोहनदास कर्मचंद गाँधी के लिए सूर्यवंशी राजा रामचन्द्र आदर्श थे। राम और गाँधी जी के जीवन में बहुत सी समानताएँ दृष्टिगोचर होती हैं । दोनों ही अपनों के लिए त्याग-भावना लिए हुए रहते थे । दोनों ने अपना समस्त जीवन दूसरों के लिए समर्पित कर दिया । राम अपने राजसी सुख-भोग का त्याग कर माता-पिता की इच्छानुसार वनवास जाने को तत्पर हो गए थे । गाँधी जी ने समाज और देश में व्याप्त भेदभावना को मिटाने के लिए अन्न-वस्त्र का त्याग कर तन-मन के साथ देशोद्धार में लग गए थे । दोनों ही का जीवन आज के मानव के लिए आदर्शप्राय है और हमेशा रहेगा ।

विस्तार

मानव भक्ति और श्रद्धा के साथ भगवान में विश्वास रखकर उनकी नित्य पूजा और अर्चना करता है । भगवान को किसी ने भी प्रत्यक्ष रूप में नहीं देखा है, किन्तु उसे गूँगे की गुड़ की भांति अनुभव अवश्य किया है । 'मानव सेवा ही माधव सेवा है, राम सेवा है, मानते हुए अनेक महापुरुषों ने अपने जीवन को लोक कल्याण हेतु समर्पित कर दिया, इनमें से एक हैं - महात्मा गाँधी । राम उत्तर वैदिक काल के दिव्य महापुरुष और मर्यादापुरुषोत्तम माने जाते हैं तो गाँधी भारत के भाग्य विधाता, युग प्रवर्तक और अंग्रेज़ों की दासता से भारतीयों को मुक्त कराने वाले महायोद्धा सिद्ध हुए ।

रामायण हमें ज्ञान, भक्ति, नीति, सदाचार का पाठ पढ़ाता है । किसी भी जाति, वर्ग या वर्ण के लोग रामायण का पाठ कर उसे ग्रहण करने में सक्षम दिखाई पड़ते हैं । महात्मा गाँधी के जीवन से जुड़ी अनेक प्रसंगों का अध्ययन करने पर हमें यह ज्ञात होता है कि गाँधी जी रामायण से अत्याधिक प्रभावित हुए थे और श्री रामचन्द्र जी को वे अपना आदर्श मानते थे । वे राम के गुणों का अनुकरण अपने जीवन पर्यंत करते रहे । वे स्वयं कहते हैं कि, 'रामायण एक साहित्य या इतिहास नहीं है, इसका आचरण हमें हर दिन, हर पल अपने जीवन में करते रहना

चाहिए'। (CWMG 88. 155) उनके अनुसार, 'सद्व्यवहार का सतत प्रयास मनुष्य में निहित बुराई को समूल नष्ट कर देती है' । (Gandhiji's concept of value-based living -K.S. Narayanaswamy, 1999) । 'नई ऊँचाई को छूने के लिए हमें अपनी मानसिक और मौलिक मूल्यों पर निरन्तर कार्य करना चाहिए' ।

गाँधी ने एक बार कहा था कि, 'मैं रामायण को सभी भक्ति साहित्य में सबसे बड़ी पुस्तक मानता हूँ। मेरे हृदय ने पहले ही सत्य के रूप में ईश्वर को जान लिया था। उनके उच्चतम गुण और नाम को पहचान लिया था। मैं सत्य को राम के नाम से पहचानता हूँ। संकट के समय एक ही नाम ने मुझे बचाया है और अभी भी मुझे बचा रहा है' । (Young India, 1925)

उनके लिये राम सत्य के अवतार थे और सत्याग्रह के मार्गदर्शक। जिस तरह राम ने राज्याभिषेक से ठीक पहले, वनवास के प्रति उत्साह दिखाया था, भरत को सिंहासन पर बिठाना स्वीकार किया था, वह किसी भी पीढ़ी के लिए आदर्शप्राय है।

रघुकुल के राजा श्री राम के लिए आदिकवि वाल्मीकि ने जो भी लिखा है, वह महात्मा गाँधी पर भी उपयुक्त होता है - आत्मनियंत्रित, संयमशील, बुद्धिमान, न्यायप्रिय, वाणी में कुशल, दृढ़संकल्पी व सत्य की पहचान रखने वाले दिव्य पुरुष।

बापू का जीवन धर्म, राजनीति, आत्ममूल्यांकन, कर्म और मोक्ष का पर्याय रहा है। इन सभी ने उन्हें अन्याय, साम्राज्यवाद, शोषण और भेदभाव के विरुद्ध दृढ़ता के साथ सामना करने में सक्षम बनाया है। उन्होंने 'यंग इंडिया' में लिखा है, 'अपने राज्य को त्यागकर और सत्य एवं वचन-पालन के लिए वन में रहकर राम ने दुनिया के लिए महान आचरण का दृष्टांत प्रस्तुत किया है' । (Young India, 1925)

भारत के राष्ट्र पिता का मानना था कि रामनाम के साथ-साथ धर्म पालन का भी महत्त्व है। वे कहते हैं, 'मैं धर्म पालन का अभ्यास किए बिना अहिंसा का अभ्यास नहीं कर सकता और अहिंसा का अभ्यास किए बिना सत्य की खोज असम्भव है और सत्य के सिवा कोई धर्म नहीं है' । (Navjivan, 1924)

'सत्य राम है, नारायण है, अल्लाह है' । बापू ने राम को न केवल एक आदर्श पुरुष के रूप में बल्कि एक आदर्श पति, सत्य, अहिंसा, न्याय, समानता और विषम परिस्थितियों के स्वामी के रूप में देखा था। उन्होंने दमनकारी अंग्रेज़ी शासन के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों को प्रेरित करने के लिए अयोध्या के राजा का आह्वान किया था। महात्मा गाँधी ने अंग्रेज़ों के शासन की तुलना रावणराज्य से की थी। उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अंग्रेज़ों द्वारा शासित भारत को रावणराज्य कहा था। उनके शब्दों में - 'वर्तमान सरकार कोई रामराज्य नहीं है। यह रावणराज्य तुल्य है और उसे मुक्त होना ही होगा' । उन्होंने भारतीयों से आग्रह किया था, कि वे दीवाली तभी मनाए जब देश रावणराज्य (ब्रीटिश राज्य) से मुक्त हो जाए, तब तक हमारे लिए ये वनवास तुल्य है, उमंग से हीन नीरस मनोवृत्ति से दीवाली मनाना वास्तविक भाव से शून्य हो कर मनाना होगा' । (Navjivan, 1920)

बापू ने राम को अपने अंत:करण में स्थित माना है। उनका मानना है कि उनका जीवन श्री राम का है और वे उन्हीं के लिए जीवित हैं। उनके शब्दों में - 'मैं उन्हें सभी पुरुषों में देखता हूँ, इसीलिए सभी पिता, भाई और अपनी आयु के सभी मनुष्यों में उन्हें पाता हूँ' । भंगी (अछूत) और ब्राह्मण में मैं, एक ही राम को देखता हूँ और उन दोनों को नमन करता हूँ' । (Navjivan, 1924)

बापू ने हमेशा सबको एक समान माना था, फिर चाहे वह एक अछूत हो या ब्राह्मण। राम ने गुह को बिना किसी भेदभाव के अपने गले लगा लिया था और पादप्रक्षालन करने की अनुमति भी दे दी थी। गाँधी जी के लिए सभी धर्म एक समान थे और उन्होंने देशवासियों को यही समझाने का प्रयास किया था कि चाहे तुम ईश्वर को किसी भी नाम से याद करो, वह सभी के लिए एक ही है। उन्होंने भारतीयों को लिखे गए तालिसमान में कहा था कि यदि हम अपने भीतर के डर को हटाना चाहते हैं तो राम नाम से उपयुक्त कोई उपाय नहीं है। राम नाम एक अमोघ मंत्र है, वह निराकार है, वह महान है' । (Navjivan, 1946)

महात्मा गाँधी ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत करते हुए भारतीयों को स्वराज्य पाने के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने कहा था, हम पूरी तरह से भारतीयों द्वारा प्रशासित एक सरकार बना सकते हैं। हमारे सामने हमारे देश में राम-राज्य का उदाहरण है। हमें अंग्रेज़ी हुकूमत पर निर्भर होने की ज़रूरत नहीं है' । (CWMG 1921)

बापू का मानना था कि भारत एक सफल देश तब तक नहीं बन सकता जब तक हम सभी देशवासियों को बराबर नहीं मानेंगे। भेदभाव की भावना को उन्होंने राष्ट्र की कमज़ोरी माना है। जैसे उन्होंने राम के प्रति अपने प्रेम व आदर भाव को व्यक्त किया है, वैसे ही अछूतों के प्रति अपनी प्रेम भावना को आदर भाव माना है। उन्होंने लिखा है कि 'जहाँ अछूतों का अनादर हो वहाँ मैं नहीं रह सकता, ठीक उसी तरह जहाँ राम नाम का उच्चारण नहीं हो रहा है वहाँ एक रामभक्त नहीं रह सकता' । (CWMG 1925)

वे इस बात पर ज़ोर देकर कहते हैं कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके गुणों से होती है न कि उसकी जाति से' । वे अपनी बात की पुष्टि करते हुए कहते हैं कि 'क्षत्रिय में ब्राह्मण के गुण होने चाहिए यथा युधिष्ठिर और रामचन्द्र। (CWMG 1926) वे कहते हैं कि पाण्डव क्षत्रिय थे लेकिन उनमें ब्राह्मण के गुण थे और यही कारण है कि ये आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गए हैं।

निष्कर्ष

अन्तत: हम यह कह सकते हैं कि बापू ने अपने जीवन में रामायण से प्रभावित हो कर अनेक महत्त्वपूर्ण अंशों को अपने जीवन में अपनाया है और रामायण से सीख प्राप्त कर उनको अपने जीवन में अमल करने का प्रयास भी किया है। उन्होंने अपनी पुस्तक 'मई एक्स्पेरिमेन्ट्स विथ ट्रूथ' में अपने जीवन में सत्य को खोजने की बात कही है। भारतीय संस्कृति का सम्मान करने और इसकी रक्षा करने को कहा है। गाँधी जी का दृढ़ता के साथ मानना था कि कोई भी

सभ्यता बिना सांस्कृतिक तत्वों और मानवीय मूल्यों के निर्मित नहीं हो सकती, यदि वह निर्मित होती है तो उस का अस्तित्व दीर्घ काल तक सम्भव नहीं है। वे कहते हैं कि जो व्यक्ति राम को स्मरण करना चाहते हैं, उनके लिए राम का रूप भिन्न-भिन्न होता है। हरेक व्यक्ति के लिए राम, अपनी-अपनी कल्पना के अनुरूप अलग-अलग रूप लिए हुए होना चाहिए। वह राम जो अन्त:करण पर राज कर सके। वह राम जो त्रुटि रहित हो, निराकार हो। वे दृढ़ता के साथ कहते हैं कि अहंकार से शून्य होकर ही हम उस राम को प्राप्त कर सकते हैं। (CWMG Vol. 36 – 164 & 165) अन्त में मैं अपने प्रपत्र को विराम देती हुई, गाँधी जी की कामना को व्यक्त करना चाहूँगी। वे कहते हैं कि, यदि भारत देश पुन: राम, सीता, लक्ष्मण और भरत को उत्पन्न कर सकेगा तो बिना विलम्ब के इसकी प्रगति शुरू हो जाएगी। (CWMG Vol. 9 - 499)

संदर्भ ग्रंथ

1. Gandhiji heritage portal - The collected works of Mahatma Gandhi (1-100)
2. Young India – epaper
3. Gandhiji's concept of value-based living - K.S. Narayanaswamy
4. Navjivan - e-newspaper
5. Wikipedia
6. Deshbandu – epaper
7. Ramayana – Valmiki
8. My experiments with truth

“हनुमान चालीसा” का विश्लेषणात्मक अध्ययन

राजीव रंजन

*राजीव रंजन, नालंदा, बिहार (भारत) में जन्म। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से चीनी साहित्य में स्नातकोत्तर। चीन के उत्तर- पूर्व नार्मल विश्वविद्यालय से चीनी भाषा में विशेष प्रवीणता। आर्ट ऑफ़ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय योग शिक्षक। भारतीय एवं चीनी संस्कृति, भारत चीन संबंध, योग, आयुर्वेद तथा आध्यात्म पर अनेक पत्र पत्रिकाओं में आलेख प्रकाशित। **सम्प्रति** दिल्ली विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में चीनी भाषा के प्राध्यापक।*

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र विशेष रूप से हनुमान चालीसा पर आधारित है। इस शोधपत्र में हनुमान चालीसा में प्रतिपादित शिक्षण व्यवस्था, स्वास्थ्य, एवं सामाजिक संरचना पर विचार-विमर्श करना आपेक्षित है। हनुमान चालीसा का प्रारंभ शिक्षण व्यवस्था से होता है। “जय हनुमान ज्ञान गुण सागर” इस चौपाई में गृहीत ‘ज्ञान गुण सागर’ यह वाक्य तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था का द्योतक है। जहाँ हनुमान चालीसा में शिक्षा पर बल दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। शास्त्रों में भी यह तथ्य बार बार अध्ययन का विषय बनता है कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही किसी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में समर्थ हो पाता है। हनुमान चालीसा में प्रतिपादित ‘अतुलित बल धामा’ वाक्य स्वास्थ्य पर बल देता है। इस वाक्य में बल शब्द से यह शिक्षा दी गई है की हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। हनुमान चालीसा में केवल शिक्षा, स्वास्थ्य या कार्यकुशलता पर ही बल न देकर भारतीय संस्कृति को भी समझने एवं संस्कृति के अनुकूल आचरण करने की शिक्षा दी गई है। हनुमान चालीसा में भ्रातृ आश्रम व्यवस्था भी वर्णित है। प्रस्तुत शोधपत्र में सभी संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श करना अपेक्षित है।

कुंजीभुत शब्द : हनुमान चालीसा, भारतीय संस्कृति, ज्ञान, गुण

प्रस्तुत शोध पत्र गोस्वामी तुलसीदासजी कृत हनुमान चालीसा पर आधारित है, हनुमान चालीसा आदिकवि वाल्मीकि कृत रामायण एवं गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित राम चरित मानस में वर्णित राम कथा से जुड़ी हुई सर्वाधिक प्रासंगिक कथानायक रुद्रावतार वीर हनुमान के चरित्र से संबंधित है। गोस्वामी तुलसीदास ने तत्कालीन भारतीय परिवेश मे भक्ति को लेकर अपने लेखन के माध्यम से जन जन तक भक्ति आंदोलन को पहुचने के लिए जहाँ मर्यादापुरषोत्तम श्री राम के चरित्र मानस को लोक भाषा मे लिखकर रामकथा को जन – जन तक पहुँचाया वहीँ हनुमान चलीसा लिखकर उन्होंने विशेष रूप से भक्ति आंदोलन को एक नई

दृष्टि प्रदान की, आकार प्रकार की दृष्टि से भले ही हनुमान चालीसा केवल चालीस चौपाईयो में सीमित है, किन्तु इसमें प्रतिपाद्य विषय अपने आप में विशाल कलेवर लिए हुए है तुलसीदास ने हनुमान चालीसा के माध्यम से गागर मे सागर भरने का कार्य किया है। जिस प्रकार उपनिषद साहित्य का निचोड़ ज्ञान गीता में प्राप्त होता है उसी प्रकार रामायण और राम चरित मानस में प्रतिपादित अंजनिपुत्र हनुमान के चरित्र का मुख्य तथ्य हमें हनुमान चालीसा में प्राप्त होता है। हनुमान का चरित्र नवविधा भक्ति में दास भक्ति का श्रेष्ठतम उदाहरण है। हनुमान का चरित्र मानव न होकर भी भगवान के सभी भक्तों में उत्तम माना गया है।

हनुमान चालीसा के अध्ययन से पता चलता है कि इसमें शिक्षा, शिक्षण व्यवस्था छात्र स्वास्थ्य,समाज आश्रम व्यवस्था,भारतीय वेश भूषा, भारतीय जीवन दर्शन के विषय में विस्तृत रूप से विमर्श किया गया है। हनुमान चालीसा का प्रारंभ जहां ज्ञान विज्ञान से हुआ है वहीं अंतिम चौपाई में भारतीय जीवन स्तर पर भी बल दिया गया है। ज्ञान और गुण ये दो शब्द व्यक्ति के बौद्धिक विकास एवं नैतिक विकास से है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण मे मुख्य भूमिका निभाता है बल्कि व्यक्ति को ज्ञान के साथ गुणवान होना आवश्यक है। इससे पता चलता है कि तत्कालीन भारतीय समाज में ज्ञान का कितना महत्व था। महाकवि तुलसीदास यह मानते हैं कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में ज्ञान का महत्व सर्वाधिक है। हनुमान चालीसा के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि तत्कालीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था में गुरु के माध्यम से शिष्यों को बौद्धिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दी जाती थी तुलसीदास के द्वारा प्रथम चौपाई मे ज्ञान और गुण शब्द ग्रहण तत्कालीन शिक्षण व्यवस्था के स्वरूप को दर्शाता हैं। गीता में भी भगवान कृष्ण ने यह प्रश्न उठाया है कि तत्कालीन वैश्विक परिदृश्य में वह कौन है जो चराचर जगत के कल्याण की बात करता है। गीतोक्त "सर्वभूतहिते रता:" यह श्लोकांश सर्वभूत अर्थात सभी प्राणियों के प्रति प्रेम की भावना रखने की प्रेरणा देता है। इस प्रकार हम देखते हैं रामायण, गीता, मानस और हनुमान चालीसा एक दूसरे के संपूरक हैं। तीनों के अध्ययन से यह ज्ञात हुआ की प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था में ज्ञान विज्ञान के साथ साथ सभी प्राणियों के प्रति समान व्यवहार एवं प्रेम पर विशेष बल दिया जाता था। इस शिक्षा व्यवस्था की हमारे विश्व को आवश्यकता है। यदि विश्व इस शिक्षा व्यवस्था पर चले तो हमें कई वैश्विक समस्याओं से लड़ने में सहयोग मिल सकता है।

हनुमान चालीसा मे शिक्षा के साथ शिक्षण और शिक्षा व्यवस्था के साथ –साथ स्वास्थ्य पर बल दिया गया है एक स्वस्थ्य व्यक्ति ही किसी भी कार्य करने मे समर्थ होता है, भारतीय ऋषियों का मानना है कि तत्वज्ञान भी निर्बल नहीं होता। इसका अर्थ है कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही मोक्ष संबंधी तत्व ज्ञान करने मे समर्थ हो सकता है, "अतुलित बल धामा "तत्कालीन भारतीय समाज मे स्वस्थ और स्वास्थ्य का संकेत करता है। बल शब्द पूर्ण रूप से प्राणी के स्वास्थ्य से संबंधित है हनुमान चालीसा से हमे शिक्षा मिलती है कि सभी प्राणी स्वस्थ रहे।

आज विश्व की इस प्रकार के नैतिक शिक्षा की नितांत आवश्यकता है कि सभी प्राणी स्वस्थ रहे। इक्कीसवीं शताब्दी में भौतिक रूप से विकसित अर्थव्यवस्था ने विश्व को अंधा बना दिया

है, जिसने अर्थ पर केंद्रित होकर प्राणियों के हित की बात करना छोड़ दिया है। वायुमंडलीय प्राणी आज दिन प्रतिदिन और समुद्री जलचर लगातार प्रदूषित होकर लुप्त होते जा रहे है। भारतीय चिंतन सर्वदा विश्व के समस्त प्राणियों के हित की बात करता है, हमें आर्थिक विकास के साथ-साथ प्राणियों के प्रति संवेदनशील भी होना आवश्यक है। हमें हनुमान चालीसा से सीखने को मिलता है हनुमान चालीसा में ही नहीं बल्कि वाल्मीकि रामायण में भी इस बात पर बल दिया गया है कि विश्व मे ऐसा कौन है जो सभी प्राणियों की रक्षा करने मे समर्थ है यह प्रश्न ब्रह्मर्षि वाल्मीकि रामायण के प्रारंभ मे उठाया गया है, ब्रह्मर्षि वाल्मीकि ने सर्वभूतेषु को हित: की माध्यम से वर्तमान विश्व को संबोधित करते हुए यह जानना चाहा है की आज कौन सभी प्राणियों के हित की बात करना चाहता है। इस प्रकार हम देखते है की भारतीय शिक्षण व्यवस्था हमें न सिर्फ मनुष्य बल्कि चींटी से लेकर हाथी तक के हित की चिन्ता करने की प्रेरणा प्रदान करता है। हनुमान चालीसा मे भारतीय सामाजिक व्यवस्था एवं भारतीयों का जीवन दर्शन से संबंधित तथ्य भी प्राप्त होते है । “ कंचन वरन विराज सुमेसा “इस वाक्य के अंदर सुमेसा शब्द भारतीय जीवन स्तर को प्रदर्शित करता है। भारतीय समाज मे समुचित परिधान पर बल दिया जाता था। इससे पता चलता है की प्राचीन भारतीय समाज कितना सुसभ्य और सुसंस्कृत था ।

“काँधे मूँज जनेऊ साजे “इस चौपाई मे जनेऊ साजे यह वाक्यांश भारतीय आश्रम व्यवस्था एवं आश्रम व्यवस्था के अनुकूल जीवन दर्शन का दिवदर्शन कराता है, यज्ञोपवीत भारतीय संस्कृति के 16 संस्कारों मे एक महत्वपूर्ण संस्कार हैं जो भारतीय शिक्षण व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है। प्राचीन शिक्षा व्यवस्था मे पाठशाला मे प्रवेश करने हेतु इस संस्कार का अनुष्ठान किया जाता था इससे उस छात्र की जाति, धर्म, गुण का पता चलता था। इस संस्कार के बाद ही पाठशाला मे पढ़ने योग्य समझ जाता था।

“विधावान गुणी अति चातुर “इस वाक्यांश में विद्यावान शब्द विद्वता ज्ञान का प्रतीक है वही गुण शब्द काव्य के उत्कर्ष का आधायक है और चातुर शब्द बुद्धिमता का धोतक है, व्यक्ति के विकास मे उसका विशेष महत्व है। “भक्ति के दृष्टि से भी हनुमान चालीसा का विशेष महत्व है। प्रसंगता बताया जाता है कि जिस समय तुलसीदास के द्वारा राम चरित मानस या हनुमान चालीसा लिखा जा रहा था, वह कल खंड भारतीय इतिहास का संक्रमण काल था जिसमें भारतीय संस्कृति को मुस्लिम आततायीयों द्वारा पददलित किया जा रहा था, हिन्दू जन में निराशा की भावना घर कर रही थी, तब तुलसीदास ने रामकथा के माध्यम से भारतीय समाज को एक नई दिशा प्रदान किया। भक्त और भगबन के प्रति जो श्रद्धा प्रेम और विश्वास की झांकी राम चरित मानस और हनुमा चालीसा में मिलता है वह अन्यत्र दुर्लभ है। भक्ति आंदोलन की सफलता मे तुलसीदास का विशेष योगदान है, जब तुलसीदास क्षेत्रीय भाषा में मानस और चालीसा लिखी तो इनका पूरा जोर से विरोध हुआ किन्तु वह तनिक भी विचलित नहीं हुए क्योंकि भक्ति और साधन से अपने आत्मविश्वास को प्रज्ञा अवस्था में स्थित कर चुके थे। भारतीय संस्कृति मे या भारतीयों के जीवन दर्शन मे हनुमान चालीसा का विशेष योगदान है

यदि आज भारतीय विश्व स्तर पर अपने को स्थापित कर सकने मे सक्षम हो पा रहा है तो उसमे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और हनुमान के चरित्र का ही प्रभाव है। विवेकानंद महात्मा गांधी इसके ऐतिहासिक प्रमाण है। हनुमान चालीसा मे प्रतिपादित हनुमान का चरित्र आज विश्व के लिए अनुकरणीय है । हनुमान चालीसा के अध्ययन से पता चलता है कि इसमे विदेश कीर्ति की दृष्टि से भी इस पर विमर्श हुआ है। हनुमान चालीसा मे प्रश्न उठाया गया की एक देश से दूसरे देश के मध्य आपसी संबंध की जानकारी कैसे और किस प्रकार से दूत के माध्यम से प्रगाढ़ किया जाय। दूत कैसा हो। दूत के विषय मे बताया गया है कि वही दूत अपने देश की सभी प्रकार से रक्षा करने के लिए समर्थ है जो उस देश के राष्ट्राध्यक्ष के अनुकूल आचरण करे। दूसरे देश के राष्ट्रधयक्ष से संबंधित सभी प्रकार के सूचनाओ को प्राप्त करने मे समर्थ व कुशल हो नैतिक एवं बौद्धिक दृष्टि से दूत को समर्थ होना चाहिए वर्तमान राज व्यवस्था मे विदेश सचिव का पद या विदेश मंत्रणा एवं सलाह के लिए नियुक्त किया जाता है "तुम्हारों मंत्र विभिषण माना" इस वाक्य मे मंत्र शब्द बौद्धिक मंत्रणा का प्रतीक है। दूत दूसरे देश में जाकर अपने देश के अनुकूल दूसरे देश की स्थिति को सम्यक रूप से जानकर वैदेशिक नीति को बल प्रदान करता है। हनुमान यदि विभीषण को अपने पक्ष में न किए होते तो राम को सहजता पूर्वक लंका पर विजय प्राप्त नहीं होता। यह तभी संभव हो पाया क्योंकि हनुमान जैसे दूत राम जैसे राजा के पास उपलब्ध थे। विदेश नीति की दृष्टि से हम देखते हैं की हनुमान चालीसा का कितना महत्व है I राजदूत को प्रशिक्षित करते समय इस प्रकार की नैतिक शिक्षा यदि दी जाए तो हो सकता है की भारत के वैश्विक संबंध सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बन सके। आज विश्व परस्पर संवाद हीनता के कारण तृतीय विस्व युद्ध के कागार पर खड़ा है। "तुम्हरो मंत्र विभीषण माना (17)."

"सूक्ष्म रूप धरी सियहीं दिखावा" यह वाक्यांश कार्यकुशलता एवं कार्य के प्रति जिम्मेवारी का उदाहरण है। हनुमान ने यथा परिस्थिति के अनुकूल अपने व्यक्तित्व को उस प्रकार से दर्शाया है जिस प्रकार की उस परिदृश्य में आवश्यकता थी। हनुमान के चरित्र में कार्य कुशलता और ज्ञान उनमें विलक्षण व्यक्तित्व का द्योतक है। जब जहाँ जिस प्रकार का अवसर प्राप्त होता है, हनु मान उसको अपने अनुकूल बना लेते थे। वस्तुतः इस शोध पत्र में हनुमान के चरित्र पर विचार करना उद्देश्य नहीं है अपितु वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हनुमान जैसे व्यक्तित्व की कितनी आवश्यकता है यह दिखाना है । " यही इस शोध पत्र का मुख्य विषय है" उदाहरणतः इस शोध पत्र में हनुमान के चरित्र का वर्णन करते हुए मानवीय मूल्यों पर बल दिया गया है ताकि हनुमान चालीसा में प्रतिपादित संदेश विश्व भर को प्राप्त हो सके। शिक्षा, स्वास्थ्य, और संस्कृति की दृष्टि से हनुमान चालीसा में प्रतिपादित बौद्धिक एवं नैतिक शिक्षा हमारे लिए आज भी महत्व रखता है। यदि आज विश्व व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व स्तर पर अपने को एक नई स्फूर्ति के साथ खड़ा होना चाहता है तो उसे हनुमान के जैसा ज्ञानवान, शीलवान, गुणवान, कार्यकुशल, सलाहकार, भक्त और ईमानदार बनना पड़ेगा।

ब्रह्मर्षि वाल्मीकि रामायण के अनुसार वानर राज सुग्रीव और प्रभु श्री राम के मिलन के समय जब सुग्रीव ने राम के पास हनुमान को भेजा था तो हनुमान अपने बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए मानव रूप में श्रीराम से मिले। यहाँ हनुमान की कार्यकुशलता का परिचय मिलता है। हनुमान के कुशल व्यवहार को राम ने हनुमान के विषय में कहा था की आप भवाविद के कार्य कुशलता को समझने में समर्थ हैं।

हनुमान का व्यक्तित्व उनकी भाषा शैली के लिए भी जाना जाता है। श्रीराम ने हनुमान के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन्हें वाक्पटु कहा था। आज विश्व को हनुमान जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है। डॉ कलाम ने ट्रांसेडेन्ट नामक किताब में लिखा है कि व्यक्ति नहीं उसका व्यक्तित्व बड़ा होता है। जब हम हनुमान चालीसा पर अध्ययन करते हैं तो पता चलता है कि आकार और प्रकार की दृष्टि से इतने सूक्ष्म ग्रंथ में इतनी सारी ज्ञानरक्षी भरी पड़ी है जिसको आधार बनाकर की शोध कार्य किए जा सकते हैं। हनुमान चालीसा के चालीस दोहे में प्रत्येक दोहे के अंदर जिन शब्दों को ग्रहण किया गया है वे एक एक शब्द भारतीय एवं भारतीयों का जीवन स्तर, शिक्षण व्यवस्था को प्रदर्शित करता है। आज के वैश्विक परिवेश में इस प्रकार के भारतीय ग्रंथों का अध्ययन अध्यापन इसलिए भी आवश्यक हो जाता है कि यही एकमात्र साधन है जो विश्व के सभी समस्याओं को कुशलता पूर्वक हल करने में सफल हो सकता है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से भी इसपर शोध कार्य किए जा सकते हैं। हनुमान चालीसा में हर शब्द अपने आप में पूर्णता को समेटे हुए है। एक एक शब्द को अधिकृत कर के ग्रंथ लिखे जा सकते हैं।

रामायण में वर्णित नदियाँ

सी. कामेश्वरी, के. मीना रानी

डॉ. सी. कामेश्वरी सम्प्रति भारतीय विद्या भवन, भवन्स विवेकानन्द महाविद्यालय, सिकन्दराबाद में भाषा विभागाध्यक्षा हैं। लेखन में रुचि रखने के कारण देश-विदेश में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियों में भाग लेती हैं और उत्तम प्रपत्र प्रस्तुति भी प्राप्त कर चुकी हैं। हिन्दी मिलाप, गृहशोभा, सरिता पत्र-पत्रिकाओं में इनके सामाजिक लेख छपते रहते हैं, अनेक कहानियों, लेखों, पुस्तकों, उपन्यासों का सफल अनुवाद अंग्रेज़ी एवं तेलुगु से हिन्दी में किया है। विषय विशेषज्ञ, निर्णायक, विशेष अतिथि, मुख्य अतिथि के रूप में भी रह चुकी हैं।

श्रीमती के. मीना रानी भारतीय विद्या भवन, भवन्स विवेकानन्द महाविद्यालय, सिकन्दराबाद में संस्कृत की अध्यापक हैं। उन्होंने ऋगवेद, रामायण, महाभारत, भगवद् गीता का गहन अध्ययन किया है। इनमें वर्णित अनेक पात्रों एवं विविध विषयों का विश्लेषण वे निराले ढंग से करती हैं। अनेक अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रपत्र प्रस्तुत कर 'उत्तम प्रपत्र' पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी हैं। अपने वाक् कौशल के कारण इनको दूरदर्शन और अन्य सम्मेलनों में भाग लेना का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

प्रस्तावना

वेद तुल्य रामायण आदि काव्य है। मानव जीवन का आधार ग्रन्थ रामायण है। भारतीय संस्कृति की पहचान उसके साहित्य में है। उपनिषद्, पुराण, ब्राह्मण ग्रन्थ, भगवद् गीता, रामायण, रामचरितमानस जैसे महान ग्रन्थ आज भी हमारी सभ्यता की महानता को विशिष्टता प्रदान करते हैं। हमारे साहित्य की महानता हमारे महाकाव्यों में है, ऐसा कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं है।

रामायण महाकाव्य, भगवान, देवता, राजा-महाराजा के क्षेत्र से निकलकर मानव जीवन के निकट पहुँचता है। यह एक सेतु के समान है जो परलोक के धरातल से निकलकर इहलोक में प्रवेश करता है। वाल्मीकि कृत रामायण की यह विशिष्टता है कि इसमें मानव जीवन से संबंधित राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक विषयों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। रामायण का अध्ययन सूक्ष्म से सूक्ष्म तन्तुओं को झंकृत करने की क्षमता रखता है। जहाँ एक ओर रामायण अपने विभिन्न पात्रों के द्वारा आदर्श रूप स्थापित कर हमें प्रेरणा प्रदान करती है वहाँ दूसरी ओर यह हमें उन सभी प्रान्तों से अवगत करवाती है जहाँ-जहाँ पात्रों से हम पाठकों का परिचय प्राप्त होता है। मानव-दानव, प्रकृति-पर्यावरण का पाठ भी हम इससे सीख सकते हैं।

प्रकृति और पर्यावरण मानव जीवन के बहुत निकट है। इन्हीं पर आधारित होकर, मानव अपने जीवन में अनेक बदलाव करता है। यहाँ तक की उसका रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान में भी वह अनेक परिवर्तन करने लगता है।

प्रकृति में जल अहम् स्थान रखता है। जल ही जीवन है, जीवन का आधार जल है। जल के बिना मनुष्य जीवन अधूरा है। यह संसार पाँच महातत्वों से बना है - जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश। इनमें जल मुख्य है। जल का मुख्य स्रोत नदियाँ हैं। नदियाँ कल-कल करतीं अपनी कर्ण-मधुर ध्वनि से मनुष्य को पुलकित करती हैं और अपने मीठे जल से लोगों की प्यास बुझाती हैं | श्रम मिटाने के लिए भी हम नदियों का सहारा लेते हैं। प्रात:काल से ही मनुष्य अपने दैनन दिन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नदियों पर आधारित हो जाता है। शयन समय तक के अधिकतर कार्य जल के द्वारा ही सम्पन्न होते हैं। नदियों की विशिष्टता मानव जीवन में अत्यन्त है। ये नदियाँ जो मानव जीवन में इतना महत्व रखती हैं, इसे समझने के लिए यदि हम रामायण का आधार लेंगे तो इससे हमें अनेक दृष्टान्त प्राप्त होंगे।

मानव-समाज एवं मानव-जीवन के लिए आवश्यक अनेक विषयों की जानकारी हमें रामायण से प्राप्त होती है। रामायण के अध्ययन से हमें अनेक नदियाँ, जो हमारे लिए जल का मुख्य स्त्रोत हैं, उनका उद्गम स्थल, उनके बहने की दिशा, आस-पास का प्रांत, पर्वत मालाओं, ऋषि-मुनियों के आश्रम, संगम स्थल की समस्त जानकारी प्राप्त होती है। आइए, इन से परिचय प्राप्त करें।

रामायण में वर्णित नदियाँ:

वाल्मीकि कृत रामायण के बालकाण्ड के द्वितीय सर्ग के प्रारम्भ में हम सर्वप्रथम तमसा नदी से साक्षात्कार होता है। कहते हैं कि तमसा नदी गंगा नदी के निकट है, इसका पानी कीचड़ से शून्य है और स्वच्छ है।

अकर्दममिदं तीर्थं भरद्वाज निशामय।
रमणीयं प्रसन्नाम्बु सन्मनुश्यमनो यथा॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : द्वितीय सर्ग: 5 श्लोक:)

राम-लक्ष्मण, विश्वामित्र के साथ जाते हुए अयोध्या से डेढ़ योजन दूर पर सरयू के दक्षिण तट पर पहुँचते हैं। वहाँ वे विश्वामित्र से बला एवं अतिबला नामक दो मन्त्र समुदाय प्राप्त करते हैं। विश्वामित्र उस विद्या को प्रदान करने से पहले सरयू के जल से आचमन करने को कहते हैं। राम उस जल से आचमन कर अत्यन्त शीतलता का अनुभव करते हैं।

गुरुकार्याणि सर्वाणि नियुज्य उशिकात्मजे।
ऊषुस्तां रजनीं तत्र सरय्वां त्रय: ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : द्वाविंश: सर्ग: 23 श्लोक:)

वहाँ से आगे बढ़ते हुए राम-लक्ष्मण गंगा और सरयू के शुभ संगम पर पहुँचते हैं जहाँ वे दिव्य त्रिपथगा नदी के दर्शन करते हैं।

तौ प्रयान्तौ महावीर्यौ दिव्यां त्रिपथगां नदीम्।
ददृशाते ततस्तत्र सरय्वा: संगमे शुभे॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : त्रयोविंश: सर्ग: 5 श्लोक:)

तत: प्रभाते विमले कृताह्निकमरिन्दमौ।
विश्वामित्रं पुरस्कृत्य नद्यास्तीरमुपागतौ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : चतुर्विंश: सर्ग: 1 श्लोक:)

विश्वामित्रस्तथेत्युक्त्वा तानृषीन् प्रतिपूज्य च।
ततार सहितस्ताभ्यां सरितं सागरंगमाम्॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : चतुर्विंश: सर्ग: 4 श्लोक:)

गंगा नदी के मध्य पहुँचने पर उन्हें तुमुलध्वनि सुनाई देती है, पूछे जाने पर विश्वामित्र बताते हैं कि यह मानस है और विस्तार से उस नदी की जानकारी देते हैं।

कैलासपर्वते राम मनसा निर्मितं परम्।
ब्रह्मणा नरशार्दोल तेनेदं मानसं सर:॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : चतुर्विंश: सर्ग: 8 श्लोक:)

सर:प्रवृत्ता सरयू: पुण्या ब्रह्मसरश्च्युता।
तस्मात् सुस्राव सरस: सायोध्यामुपगूहते॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : चतुर्विंश: सर्ग: 9 श्लोक:)

अयोध्यापुरी के समीप, मानसरोवर से एक नदी निकलती है, ब्रह्म सर से निकलने के कारण यह पवित्र नदी सरयू के नाम से विख्यात है। उसका जल गंगा में मिलता है, उन्हें मालूम होता है कि दो नदियों के जलों के संघर्ष से ही यह भारी आवाज़ हो रही है।

श्रीराम, लक्ष्मण, ऋषियों सहित विश्वामित्र के साथ मिथिला प्रस्थान करते हैं और मार्ग मध्य शोणभद्र नदी के तट पर पड़ाव डालते हैं।

सुमागधी नदी रम्या मागधान् विश्रुताऽऽययौ।
पंचानां शैलमुख्यानां मध्ये मालेव शोभते॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : द्वात्रिंश: सर्ग: 9 श्लोक:)

यह रमणीय (सोन) नदी दक्षिण-पश्चिम की ओर से बहती हुई मगध देश में आयी है, इसीलिये यहाँ यह सुमागधी के नाम से विख्यात है। यह पाँच श्रेष्ठ पर्वतों (विपुल, वराह, वृषभ, ऋषिगिरि (मातंङ्ग) तथा चैत्यक) के बीच में माला की भाँति सुशोभित है। यह नदी महात्मा वसु से संबंध रखती है। यह दक्षिण-पश्चिम से आकर पूर्वोत्तर दिशा की ओर प्रवाहित होती है।

इसके दोनों तट पर स्थित सुन्दर क्षेत्र उपजाऊ है जिसके कारण ये सदा शस्य श्यामला मालाओं से सुशोभित होती है।

विश्वामित्र यह बात भी स्पष्ट करते हैं कि उनकी बड़ी बहन सत्यवती, पति का अनुसरण करने वाली थीं। वे स्वर्ग लोक चली जाती हैं, वही परम उदार महानदी कोशिकी के रूप में प्रकट होकर इस भूतल पर प्रवाहित होने लगती हैं। वह जगत के हित के लिये हिमालय का आश्रय लेकर नदी के रूप में प्रवाहित होती हैं। शोणभद्र पार कर विश्वामित्र आदि गंगा के तट पर पहुँचकर उस रात वहीं वास करते हैं और श्रीराम द्वारा पूछे जाने पर विश्वामित्र, गंगा नदी की उत्पत्ति की कथा बताते हैं।

हिमवान नामक एक पर्वत है, जो समस्त पर्वतों के राजा और सब प्रकार के धातुओं का बहुत बड़ा खजाना हैं। उनकी दो कन्याएँ हैं - गंगा एवं उमा।

तस्यां गंगेयमभवज्ज्येष्ठा हिमवत: सुता।
उमा नाम द्वितीयाभूत् कन्या तस्यैव राघव॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे : बालकाण्डे : पंचत्रिंश: सर्ग: 16 श्लोक:)

अयोध्या में सगर नाम से प्रसिद्ध एक धर्मात्मा राजा राज्य करते थे। उनकी पहली पत्नी केशिनी से एक पुत्र असंजस और दूसरी पत्नी गरुड़ जी की बहन सुमति से साठ हज़ार पुत्रों की प्राप्ति होती है। राजा सगर जब अश्वमेघ यज्ञ कर रहे थे तब इन्द्र ने उनके घोड़े को चुरा लिया था। अथक प्रयास करने पर भी जब उन्हें अश्व नहीं मिला तो सगर-पुत्र धरती खोदने लगते हैं। ब्रह्मा जी यह देखकर क्रोधित हो जाते हैं और उनको भस्म कर देते हैं। उन्हें ढूँढ़ने के लिए अंशुमंत (सगर के बेटे अस्मंजस का बेटा) निकल पड़ता है।

गरुड़ अंशुमंत से कहते हैं कि यदि गंगा का पानी इनका स्पर्श करेगी तो उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होगी। अंशुमंत इस बात की जानकारी अपने नाना सगर को देता है। सगर अनेक प्रकार से प्रयास करते हैं परन्तु वे असफल होते हैं एवं मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। अंशुमंत भी इसी प्रयास में स्वर्ग की प्राप्ति कर लेता है। अंशुमंत का पुत्र दिलीप भी गंगा को पृथ्वी पर लाने की अथक चेष्टा करते हैं परन्तु विफल ही होते हैं। उनका बेटा भगीरथ, अपनी पितृ कामना-पूर्ति के लिए एक हज़ार वर्ष कठोर तपस्या करते हैं। ब्रह्मा जी उससे प्रसन्न होते हैं। वे यह सचेत करते हैं कि गंगा की तीव्रता को मात्र महेश्वर ही धरती पर संभाल सकते हैं। गंगा ने जब यह अंहकार पा लिया कि वे अपने प्रवाह से पाताल में चली जाएँगीं, तब महेश्वर उन्हें अपनी जटा में बाँध लेते हैं। भगीरथ को जब इस बात की जानकारी प्राप्त होती है तो वे पुन: उन्हें धरती पर लाने के प्रयास में लग जाते हैं। शिवजी प्रसन्न हो कर गंगा को हिमालय में 'बिन्दु सरोवर' में छोड़ देते हैं। यहाँ पर यह सात भागों में विभक्त होकर प्रवाहित होने लगती हैं। ह्लादिनी, पावनी और नलिनी पूर्व दिशा की ओर बहने लगती हैं। सुचक्षु, सीता और महानदी सिन्धु पश्चिम की ओर बहने लगती हैं। सातवीं धारा भगीरथ के रथ का अनुसरण करने लगती हैं।

ह्लादिनी पावनी चैव नलिनी च तथैव च।
तिस्र: प्राचीं दिशं जग्मुर्गङ्गा: शिवजला: शुभा: ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: बालकाण्डे : त्रिचत्वारिंश: सर्ग: 12 श्लोक:)

सुचक्षुश्चैव सीता च सिन्धुश्चैव महानदी।
तिस्रश्चैता दिशं जग्मु: प्रतीचीं तु दिशं शुभा: ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: बालकाण्डे : त्रिचत्वारिंश: सर्ग: 13 श्लोक:)

सप्तमी चान्वगात् तासां भगीरथरथं तदा।
भगीरथोऽपि राजर्षिर्दिव्यं स्यन्दनमास्थित: ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: बालकाण्डे : त्रिचत्वारिंश: सर्ग: 14 श्लोक:)

गंगा की यह धारा कहीं तेज, कहीं टेढ़ी और कहीं चौड़ी होकर बहती है। कहीं बिल्कुल नीचे की ओर गिरती है और कहीं ऊँचाई की ओर उठती हुई, कहीं समतल भूमि पर धीरे-धीरे बहती हुई और कहीं अपने ही जल से, जल में बारम्बार टक्कर लगाती रहती है। (श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: बालकाण्डे : त्रिचत्वारिंश: सर्ग: 23-24 श्लोक:)

भगीरथ के पीछे प्रवाहित होती-होती वे यज्ञ सम्पन्न कर रहे राजा जह्नु के यज्ञ मण्डप को बहा ले जाती हैं। राजा जह्नु कुपित होकर गंगा का पान कर लेते हैं। देवता, गन्धर्व एवं ऋषि जब महात्मा जह्नु की स्तुति करते हैं तो वे प्रसन्न होकर अपने कानों के छिद्रों से उन्हें छोड़ देते हैं। जह्नु की कन्या जाह्नवी के नाम से गंगा पुन: प्रवाहित होने लगतीं हैं। गंगा के जल में आप्लावित होकर सगर-पुत्रों को स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

गंगा त्रिपथगा नाम दिव्या भागीरथीति च।
त्रीन् पथो भावयन्तीति तस्मात् त्रिपथगा स्मृता ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: बालकाण्डे : चतुश्चत्वारिंश: सर्ग: 6 श्लोक:)

कहते हैं कि गंगावतरण की कथा सुनने से आयु, धन, यश, पुत्र और स्वर्ग की प्राप्ति होती है। ब्राह्मणों, क्षत्रियों तथा दूसरे वर्ण के लोगों को भी यह कथा देवता और पितरों को प्रसन्न करने वाली है। (श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: बालकाण्डे : चतुश्चत्वारिंश: सर्ग: 21-22 श्लोक:)

विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण जनकपुर में प्रवेश करते हैं। वहाँ से राम-सीता स्वयंवर, दशरथ का राम-राज्याभिषेक, मंथरा की कुप्रेरणा से कैकेयी का वर माँगना आदि वृत्तान्त लोकविदित हैं।

अयोध्याकाण्ड में राम, सीता और लक्ष्मण के साथ वन-गमन करते हैं तब वे पुन: पंचचत्वारिंश: सर्ग में तमसा नदी को पार करते दिखते हैं। जब वे कोसल जनपद को पार करते हैं तब शीतल एवं सुखद जल से युक्त होकर बहनेवाली वेदश्रुति नामक नदी को पार करते हैं।

ततो वेदश्रुतिं नाम शिववारिवहां नदीम्।
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अयोध्याकाण्डे एकोनपंचाशः सर्ग: 10 श्लोक:)

वहाँ से दक्षिण दिशा की ओर चलते-चलते वे गोमती नदी को पार करते हैं, जो शीतल जल का स्रोत थीं और इसके कछार में बहुत सी गौएँ विचरतीं थीं।

गोमतीं चाप्यतिक्रम्य राघव: शीघ्रगैर्हयै: ।
मयूरहंसाभिरुतां ततार स्यन्दिकां नदीम् ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अयोध्याकाण्डे एकोनपंचाश: सर्ग: 12 श्लोक:)

गोमती नदी को लाँघ कर श्रीरघुनाथ जी ने मोरों और हंसों के कलरवों से व्याप्त स्यन्दिका नामक नदी को भी पार किया।

प्रेक्षामि सरितां श्रेष्ठां सम्मान्यसलिलां शिवाम्।
देवमानवगन्धर्वमृगपन्नगपक्षिणाम् ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अयोध्याकाण्डे पंचाश: सर्ग: 29 श्लोक:)

यत्र भगीरथीं गङ्गां यमुनाभिप्रवर्तते।
जग्मुस्तं देशमुद्दिश्य विगाह्य सुमहद् वनम् ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अयोध्याकाण्डे चतु:पंचाश: सर्ग: 10 श्लोक:)

गंगा-यमुना का संगम स्थल बड़ा ही पवित्र और एकान्त है। वहाँ की प्राकृतिक छटा मनोरम है, निकट में ही मुनिवर भरद्वाज का आश्रम है। वहाँ से एक कोस की दूरी पर नीलवन हैं, जो चीड़, बेर और बाँस के कारण रमणीय हो गई है।

वनगमन के समय राम का सीता और लक्ष्मण के साथ चित्रकूट पर्वत, कुबेर नगरी वस्वैकसारा (अलका), इन्द्रपुरी नलिनी की शोभा का वर्णन है जो सौगन्धिक कमलों से युक्त पुष्करिणी है।

अथ शैलाद् विनिश्क्रम्य मैथिलीं कोसलेश्वर: ।
अदर्शयच्छुभजलां रम्यां मदाकिनीं नदीम् ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अयोध्याकाण्डे पंचनवतितम: सर्ग: 1 श्लोक:)

राम, लक्ष्मण एवं सीता के साथ पुण्यसलिला रमणीय मन्दाकिनी नदी के दर्शन करते हैं। हंस और सारसों से सेवित, नाना प्रकार के पुष्पों के कारण इसकी शोभा बढ़ जाती है। हरिनों के झुण्ड इसका पानी पीकर इसे गंदा कर देते हैं फिर भी ये घाट मन को आनन्दित करती है। मोतियों के समान स्वच्छ जल यहाँ बहता दिखायी देता है।

अरण्यकाण्ड के एकादश: सर्ग में हम पंचाप्सर तीर्थ की रमणीयता के अनेक प्रसंग पाते हैं, जो माण्डकर्णि मुनि के तप द्वारा निर्मित है।

इदं पंचाप्सरो नाम तटाकं सार्वकालिकम्।
निर्मितं तपसा राम मुनिना माण्डकर्णिना ॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अरण्यकाण्डे एकादश: सर्ग: 11 श्लोक:)

मुनिवर अगस्त्य की सहायता से उन्हें पंचवटी का परिचय प्राप्त होता है जो गोदावरी के तट पर स्थित है। यह स्थल वृक्षावलियों से घिरी हुई है, नाना प्रकार के पक्षी इसका जल ग्रहण करने के लिए आते हैं। आसपास पर्वत माला है, जिसके कारण इसकी शोभा और भी बढ़ जाती है। विभिन्न प्रकार की धातुओं, श्रृंगार रचनाओं, पुष्प, गुल्मों, लता-वल्लरियों, वृक्षों से यह प्रान्त घिरा हुआ है।

तत्पश्चात् ऋष्यमूक पर्वत के पास स्थित पम्पा सरोवर से हमारा साक्षात्कार होता है। यह पर्वत पम्पा के पूर्वभाग में स्थित है, जिसके पश्चिम में शबरी का आश्रम है।

सप्तानां च समुद्राणां तेषां तीर्थेषु लक्ष्मण।
उपस्पृष्टं च विधिवत् पितरश्चापि तर्पिता:॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: अरण्यकाण्डे पंचसप्ततितम: सर्ग: 5 श्लोक:)

किष्किन्धाकाण्ड के प्रारम्भ में भी हमें पम्पा सरोवर की सुन्दरता का वर्णन प्राप्त होता है जो सब ओर फूलों से लदे हुए, नाना प्रकार के वृक्षों, पीने योग्य स्वच्छ जल से युक्त कमलों से व्याप्त है। उसके चारों ओर व्याप्त वन उसकी शोभा को और भी बढ़ा देते हैं।

रामायण के उत्तरकाण्ड में हमें राजा अर्जुन का अपनी स्त्रियों के साथ नर्मदा नदी में जल-क्रीड़ा करते हुए प्रसंग दिखाई पड़ता है।

अर्जुनो नर्मदां रन्तुं गत: स्त्रीभि: सहेश्वर:॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: उत्तरकाण्डे एकत्रिंश: सर्ग: 9 श्लोक:)

नदीभि: स्यन्दमानाभि: स्फटिकप्रतिमं जलम्॥
(श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे: उत्तरकाण्डे एकत्रिंश: सर्ग: 17 श्लोक:)

यह नदी पश्चिम समुद्र की ओर चल रही थी। तटवर्ती वृक्ष आभूषण के समान प्रतीत हो रही थीं। चक्रवाक के जोड़े, हंस, पुष्पों के पराग, जल का उज्ज्वल फेन, खिले हुए कमल उसकी शोभा को बढ़ा रहीं थीं। कहते हैं कि उसमें स्नान करने से पाप-मुक्त हो सकते हैं।

रामायण के उत्तरकाण्ड में षट् षष्टितम: सर्ग: के अंतिम श्लोक से हमें, सीता का कुश एवं लव की उत्पत्ति के पश्चात् रघुकुल के प्रमुख वीर महात्मा राजकुमार शत्रुघ्न, वहाँ एकत्र हुए च्यवन आदि मुनियों के साथ यमुना नदी के तट पर रात बिताने की बात ज्ञात होती है।

रामायण का अध्ययन करने पर हमें जिन नदियों का परिचय प्राप्त होता है, वे क्रमश: इस प्रकार हैं - तमसा, सरयू, त्रिपथगा, मानस, शोणभद्र (सुमागधी), कोशिकी, गंगा, बिन्दु सरोवर, ह्लादिनी, पावनी, नलिनी, सुचक्षु, सीता, महानदी, सिन्धु, भागीरथी, जाह्नवी, वेदश्रुति, गोमती, स्यन्दिका, यमुना, मन्दाकिनी, पंचाप्सर तीर्थ, गोदावरी, पम्पा, नर्मदा।

सभी नदियों का जल स्वच्छ, रमणीय, विविध जीव-जन्तुओं के लिए आधार है | इन के तट पुष्पों से सुशोभित, पर्वत शिखरों से घिरी हुईं, श्रम दूर करने वाली, लोगों को सुख पहुँचाने

वाली, अलग-अलग दिशाओं में बहने वाली, विविध प्रसंगों और अविस्मरणीय कथाओं से युक्त प्रान्त हैं।

निष्कर्ष:

मानव सभ्यता के विकसित होने, गाँवों का शहरीकरण, लोगों की साक्षरता का यह परिणाम हो रहा है कि आज स्वच्छता के नाम पर अस्वच्छ वातावरण तेज़ी से पनप रहा है। भारत सरकार लाखों-करोड़ों रूपयों की लागत से आज नदियों का प्रक्षालन कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर 'नमामि गंगे' नाम से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नाम से एक पंजीकृत सोसाइटी, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, अनेक उपायों के द्वारा इसे साफ करने में लग गई है। मध्य प्रदेश सरकार नर्मदा को साफ करने के लिए तत्पर है। गोदावरी को साफ करने के लिए नागरिक, बच्चे, बूढ़े, गैर सरकारी संस्थान एकजुट हो गई हैं। 'स्वच्छ ब्रह्मपुत्र' नाम से एक मिशन गोवाहटी में संलग्न है। देश के प्रत्येक कोने में रहने वाले नागरिक उपाय निकाल कर देश की प्रसिद्ध नदियों को साफ करने के लिए कटी बद्ध हो रहे हैं। वैज्ञानिक उपकरणों के अभाव में जब हमारे पूर्वज जल संरक्षक सिद्ध हो सकते हैं, तो हमारा भी यह कर्त्तव्य बनता है कि यदि हम प्रत्यक्ष रूप से सहायता नहीं दे पा रहे हैं तो परोक्ष रूप में अपना योगदान प्रदान करें।

भारत देश में राम ने जिन-जिन प्रदेशों में वास किया, जिन क्षेत्रों का भ्रमण किया वे नदियों के तट पर या समीप स्थित थे। हरियाली, फल-फूल, पत्तों से पूर्ण वातावरण था। हमारा सदा यही प्रयास रहता है कि हम जहाँ भी रहें या जहाँ भी जाएँ, स्वच्छ वायु एवं जल हमारे पास हो, वे हमारे मन को पुलकित और प्रफुल्लित रखते हैं। नदी और मनुष्य जीवन के बीच समानता अत्याधिक है। नदी, जहाँ से जन्म लेती है, वहाँ से निरन्तर प्रवाहित होती रहती है, कहीं भी रुकती नहीं है। सागर से मिलने की उसकी तत्परता लगी रहती है। राम ने भी अपने जीवन काल में अनेक आदर्शों की स्थापना करते हुए अपने अवतार को एक सम्पूर्णता प्रदान की। नदी के समान हम भी नि:स्वार्थ जीवन निर्वाह कर सकते हैं। श्रीरामचन्द्र जी के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करते हुए हम भी अपना आदर्श स्थापित कर सकते हैं। पहाड़, पर्वत, घाटियों, वादियों से होती हुई निर्बाध रूप से बहने वाली नदियों के समान हमें भी दु:ख में, सुख में, हर्ष में, शोक में, अपने आप को बनाए रखते हुए, सतत चलते रहना चाहिए। अपने जीवन को सुन्दर बनाते हुए उसे सार्थकता प्रदान करना चाहिए।

तमसा नदी से शुरू हुआ रामचरित, सीता के साथ वन गमन, अहिल्या उद्धार, गुह-मिलन, वालि-सुग्रीव मैत्री, शबरी का आतिथ्य, हरेक घटना किसी न किसी नदी के पास ही घटित होती है। राम ने अपनी सहनशीलता और पवित्रता का परिचय देते हुए अपनी विशिष्टता कायम की है। हम सभी जानते हैं और मानते भी हैं कि नदी के समतुल्य जीवन निर्वाह करने के लिए हमें नदियों का संरक्षण करना है।

हजारों वर्षों से अपने स्वच्छ, स्निग्ध, कर्ण-मधुर ध्वनि से प्रवाहित हो रहीं ये नदियाँ मनुष्य को एक संदेश भी देतीं हैं। एक घरोहर के रूप में वे हमें प्राप्त हुईं हैं। हमारा भी यह कर्त्तव्य बनता है कि हम भी अपनी आने वाली पीढ़ी को घरोहर के रूप में इन्हें वैसे ही सौंप सकें। अनेक प्रदेशों को प्लावित करने वाली ये नदियाँ आने वाले समय में, युगों-युगों तक भारत की शस्य श्यामला भूमि को सींचती रहेगी यही हमारी आकांक्षा है।

मानस की रामगीता और भगवद्गीता का तुलनात्मक विवेचन

सरस्वती मल्लिक

श्रीमती सरस्वती मल्लिक रामचरितमानस के अध्ययन एवं लेखन में विशेष रूचि रखती हैं। RamQuest अंग्रेज़ी पत्रिका एवं अन्य पत्रिकाओं में इनके लेख प्रकाशित हुए हैं। वे वार्षिक रामचरित मंथन में कई बार वक्ता रह चुकी हैं एवं मानस से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेती हैं।

सारांश

श्रीरामचरितमानस के अरण्यकांड में राम और लक्ष्मणके संवाद को रामगीता के नाम से भी जाना जाता है। इसमें लक्ष्मण जी ने श्री राम से ज्ञान, वैराग्य, माया, भक्ति एवं ईश्वर और जीव के विषय में संक्षिप्त व्याख्या करने की प्रार्थना की है। यहाँ भगवान राम ने सरल और स्पष्ट शव्दों में लक्ष्मण जी को महत्वपूर्ण शिक्षा दी है। मानसमें यह संवाद छोटा है परन्तु इसमें अध्यात्म और भक्ति का सम्यक् विवेचन है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया है। प्रस्तुत लेख में लक्ष्मण जी के प्रश्नों पर मानस के उत्तर से गीता के उत्तर तुलना की गई है।

भूमिका

श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमद्भगवद्गीता आर्ष ग्रंथ हैं। उनके पाठ एवं अध्ययन से भगवान में प्रेम बढ़ता है और सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। मानसमें भगवान राम के अनेक उपदेश हैं। बालरूप में कागभुशुंडिजी फिर लक्ष्मण जी, भरत जी, जटायु, नारद, शबरी, बालि, विभीषण और अंत में पुरजनों को उपदेश दिया। राम जी ने चित्रकूट में लक्ष्मणजी को उपदेश दिया जो मानस के अरण्यकांड में है और रामगीता के नाम से प्रख्यात है। इसमें अध्यात्म शास्त्र के प्राय: सभी प्रश्नोंका सम्यक विवेचन है और इसलिये यह बहुत महत्वपूर्ण है। महाभारत में भगवान श्री कृष्ण का अर्जुन को युद्धके पूर्व दिया गया उपदेश श्रीमद्भगवद्गीता के नामसे प्रख्यात है। यह महाभारत के भीष्मपर्व में है और उपनिषद ज्ञान की तरह पूजनीय है। इसमें जीव,जगत् और ईश्वर के तात्विक स्वरूपकी विवेचना के साथ ही तत्वज्ञान का व्यवहार में उपयोग भी बताया गया है। इसीलिये यह सारे संसार में लोकप्रिय है। भगवान ने उद्धव को भी उपदेश दिया जो उद्धवगीता नाम से भागवतपुराण में है। यहाँ पर मानस की रामगीता के उपदेशों का गीता के उपदेशों के साथ तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत है।

दोनों गीताओं की वाह्यरूप से तुलना:

1. दोनों गीताओं में वक्ता स्वयं भगवान हैं और श्रोता उनके भाई और अभिन्न मित्र हैं। भगवानने उनको सखा कहा है। उन्होंने बहुत समय साथ बिताया है और मिलकर महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।
2. दोनों ही उपदेश श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर में उनके संशय दूर करने के लिये दिये गये हैं।
3. दोनों गीताओं में भगवान प्रसन्नचित हैं। रामगीता में लक्ष्मण जी प्रसन्नचित हैं परन्तु अर्जुन चिन्तित और दुखी हैं।
4. लक्ष्मणजी के प्रश्नोंका उद्देश्य वह जानना है जिससे वे सब छोड़ कर भगवान के चरणरज की सेवा करें ओर उनका शोक, मोह तथा भ्रम नष्ट होकर उनकी भगवानके चरणों में प्रीति हो। लक्ष्मणजी के अध्यात्म सम्बंधित पाँच प्रश्न हैं और भगवान राम ने इन प्रश्नों का संक्षेप में समझाकर स्पष्ट उत्तर दिया है।
5. अर्जुनके प्रश्न का उद्देश्य यह जानना है कि उसके लिए क्या श्रेयस्कर है। वह युद्ध में गुरुजन, स्वजन संबन्धी आदि को मारना नैतिक नहीं समझता और समाज के विनाश की संभावना से चिंतित है। भगवान कृष्णने समझाने और मोह शोक दूर कर युद्ध के लिये प्रेरित करने के लिये बहुत विस्तार में उपदेश दिया। इसमें रामगीता के प्रश्नों से समानता भी स्पष्ट है।

लक्ष्मण जी ज्ञान, वैराग्य, माया और भक्ति जिससे भगवान दया करते हैं, उसका स्वरूप जानना चाहते हैं। वे ईश्वर और जीव का भेद भी जानना चाहते हैं। यह श्रीरामचरितमानस के अरण्यकांड में दो.१४ चौ ८ से दो. १४ तक वर्णित है।

माया का स्वरूप

रामगीता

मैं और मेरा, तू और तेरा, यही भाव माया का स्वरूप है जिसने जीव समूह को बस में कर रखा है। इन्द्रियों के विषय और जहाँ तक मन जाय उसको माया समझना है। मायाके दो भेद हैं- विद्या और अविद्या। अविद्या अत्यंत दुष्टा और बड़ी ही दुखरूपा है जिसके बस में होकर मनुष्य संसाररूपी कुएँ में पड़ा हुआ है। विद्या के बस में गुण हैं। वह प्रभु की प्रेरणा से जगत रचती है। माया त्रिगुणात्मका है।सृष्टि कर्तव्यके अतिरिक्त इसी के सत्वादि गुणों से भगवान में श्रद्धा भी होती है। तब जीव निरंतर उनके भजनमें लगता है तो भगवान दिव्य बुद्धि का योग कर देते हैं। तब उस बुद्धि के द्वारा मन भगवान का अनुभव करता है। (दो. १५-चौ. १-२)

भगवद्गीता

भगवान कहते हैं

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामैव ये प्रपद्यंते मायामेतां तरन्ति ते ॥
न मां दुष्कृतिनो मूढ़ा: प्रपद्यंते नराधमा:।
मायायापहृतज्ञाना आसुरं भावमाश्रिता:॥ ७.१४-१५

यह दैवी त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है। परन्तु जो मेरी शरण में आते हैं वे इस माया को पार कर जाते हैं। दुष्कृत्य करनेवाले मूढ़ नराधम पुरुष मुझे नहीं भजते हैं, मायाके द्वारा जिनका ज्ञान हर लिया गया है वे आसुरी भाव को धारण किए रहते हैं।

ज्ञान का स्वरूप

रामगीता

ज्ञान वह है जहाँ मैं और मेरा, तू और तेरा का अभिमान न हो। सबमें ब्रह्मको समान रूप से देखा जाय। (दो.१५-चौ.४)

भगवद्गीता

ज्ञान शब्द का तात्पर्य उस अंत:करण से है जो आत्मा के आवश्यक गुणों से संपन्न हो। भगवान कहते हैं- अध्यात्म ज्ञान में स्थिरता तथा तत्त्व ज्ञान के अर्थ रूप परमात्मा का दर्शन, यह सब तो ज्ञान है, और जो इसके विपरीत है वह अज्ञान है। (गीता १३.७-११, १४.१७)

वैराग्य का स्वरूप

रामगीता

कहिय तात सो परम विरागी। तृण सम सिद्धि तीन गुन त्यागी।। दो १५-चौ ८

वह परम वैराग्यवान कहा जाता है जो त्रिगुणात्मक सिद्धियों को एवं तीनों गुणों के विस्तार-ऐश्वर्य रूप तीनों लोकों के वैभव को त्याग दे।

भगवद्गीता

राग और द्वेष इन दोनों से मुक्त होना वैराग्य है। जव मनुष्य यह समझ लेता है कि विषयों में सुख नहीं है तब उसका मन स्वत: ही विषयों से विरत हो जाता है। वैराग्यशाली पुरुष विषयों से दूर नहीं भागता वरन वे विषय ही ऐसे पुरुष से निराश होकर भाग जाते हैं। (गीता २.६४)

ईश्वर और जीव का भेद

रामगीता

जो न माया, ईश्वर और न ही अपने आप को जान सके, वह जीव कहलाता है। माया का स्वामी और सर्वज्ञ ईश्वर है।(दो.१५)

भगवद्गीता

भगवान अपने आपको सर्वज्ञ कहते हैं। ईश्वर की कृपा से उनकी दी गई दिव्य बुद्धि द्वारा जीव उन्हें प्राप्त करता है। (गीता ४.५, १०.१०)

भक्ति का स्वरूप और साधन

रामगीता

भगवान कहते हैं धर्म से वैराग्य एवं योग से ज्ञान होता है तथा ज्ञान मोक्ष देनेवाला है, ऐसा वेदों में कहा है। परंतु जिससे मैं शीघ्र प्रसन्न होता हूँ वह भक्तोंको सुख देनेवाली मेरी भक्ति है। वह स्वतंत्र है। उसे दूसरे का सहारा लेना आवश्यक नहीं है। ज्ञान और विज्ञान उसके अधीन हैं अर्थात् भक्ति करने से वे स्वत: आ जाते हैं। भक्ति अनुपम सुख का मूल है जो सन्त अनुकूल हों तो वह प्राप्त होती है। भगवान तब भक्तिके साधन विस्तार से कहते हैं। प्रथम, ब्राह्मणों के चरणों में अत्यंत प्रीति हो और अपने अपने कर्म में वेद की रीति से प्रीतिपूर्वक लगा रहे। फिर इसके फलस्वरूप विषयों से वैराग्य हो तब हमारे धर्म में अनुराग उत्पन्न हो। श्रवण कीर्तन आदि नव भक्तियाँ दृढ़ हों। मेरी लीला में अत्यंत प्रीति हो। संतों के चरणों में अत्यंत प्रेम हो। कर्म वचन से भजन का दृढ़ नियम हो। गुरु पिता माता भाई स्वामी और देवता इन सबमें मुझ को ही जानकर मेरी सेवा में दृढ़ हो। मेरे गुण गाते हुए शरीर पुलकित हो जाय, वाणी गदगद हो जाय और आँखों से आँसू बहने लगे। काम आदि मद और दंभ जिसके हृदय में न हो, तो सदा मैं उनके मन में रहता हूँ। जिनको मन कर्म बचन से मेरी गति(आश्रय) है, जो निष्काम होकर मेरा भजन करते हैं, मैं उनके हृदय कमल में निरंतर विश्राम करता हूँ। (दो.१६-चौ.१ से दो. १६ तक)

भगवद्गीता

जिस परमात्मा के अंतर्गत समस्त भूत हैं और जिससे यह संपूर्ण जगत व्याप्त है वह परम पुरुष अनन्य भक्ति से ही प्राप्त करने योग्य है। सतत मेरा कीर्त्तन करते हुए प्रयत्न शील, दृढ़वृति पुरुष मुझे नमस्कार करते हुए नित्ययुक्त होकर भक्तिपूर्वक मेरी उपासना करते हैं। (गीता ८-२२)

भगवानका परम उपदेश

रामगीता

मम गुन गावत पुलक सरीरा। गदगद गिरा नयन बह नीरा॥
काम आदि मद दंभ न जाके। तात निरंतर वस मैं ताके॥ (दो. १६ चौ.६)
वचन कर्म मन मोर गति, भजन करहिं निष्काम।
तिन्हके हृदय कमल महुँ करउँ सदा विश्राम॥ (दो.१६)

मेरे गुण गाते हुए शरीर पुलकित हो जाय, वाणी गदगद हो जाय और आँखों से आँसू बहें। काम आदि मद और दंभ जिसके हृदय में न हों, हे तात! सदा मैं उसके बस में रहता हूँ। जिनको मन, कर्म, वचन से मेरी गति (आश्रय) है और जो निष्काम होकर मेरा भजन करते हैं उनके हृदय कमल में मैं निरंतर विश्राम करता हूँ।

भगवद्गीता

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी माँ नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोसिमे॥ १८-६५
सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।

अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच: ।। १८-६६

तुम मच्चित, मद्भक्त और मेरे पूजक बनो और मुझे नमस्कार करो। इस प्रकार तुम मुझे ही प्राप्त होगे, यह मैं तुम्हें सत्य वचन कहता हूँ, क्योंकि तुम मेरे प्रिय हो। सब धर्मों का परित्याग करके तुम एक मेरी ही शरण में आओ, मैं तुम्हें समस्त पापों से मुक्त कर दूँगा, तुम शोक मत करो।

अंत में श्रोताओं के उद्गार

रामगीता

भगति जोग सुनि अति सुख पावा। लछिमन प्रभु चरनन्हि सिर नावा ।। दो.१७-चौ.१)

लक्ष्मणजी ने भक्तियोग सुनकर अत्यंत सुख पाया और श्री राम जी के चरणों में सिर नवाया।

भगवद्गीता

अर्जुन कहते हैं

नष्टो मोह: स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोस्मि गतसंदेह: करिष्ये वचनं तव ।। १८-७३

हे अच्युत ! आपके कृपाप्रसाद से मेरा मोह नष्ट हो गया है और मुझे ज्ञान प्राप्त हो गया है। अब मैं संशय रहित हो गया हूँ, आपके वचन का पालन करूँगा।

उपसंहार

भगवान राम और भगवान कृष्ण दोनों ने अपने भक्तों पर अनुग्रह कर उपदेश दिये हैं। रामगीता और भगवद्गीता के विवेचनों में देश, काल और पात्र के अनुसार कुछ भेद प्रतीत हो सकते हैं परंतु इनका मूल तत्व एक ही है। अन्तत: दोनों ही उपदेश भगवान में भक्ति और प्रेम का मार्ग दर्शाते हैं।

अग्र से समग्र तक

आरती 'लोकेश'

दो दशकों से दुबई निवासी डॉ. आरती 'लोकेश' ने अंग्रेज़ी तथा हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर किया। हिंदी साहित्य स्नातकोत्तर में यूनिवर्सिटी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हिंदी साहित्य में पी.एच.डी. की उपाधि हासिल की। शिक्षाविद डॉ. आरती यू.ए.ई के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में प्रशासनिक पद पर आसीन हैं व साहित्य की सतत सेवा में लीन हैं। संपादन तथा शोधार्थियों को सह-निर्देशन का कार्यभार भी सँभाला हुआ है। कुल प्रकाशित आठ पुस्तकें हैं। दो उपन्यास 'रोशनी का पहरा', 'कारागार'; तीन काव्य संग्रह 'काव्य रश्मि', 'छोड़ चले कदमों के निशाँ', 'प्रीत बसेरा'; यात्रा-संग्रह 'झरोखे'; कथा-संग्रह 'साँच की आँच' व शोध ग्रंथ 'रघुवीर सहाय का गद्य साहित्य' हैं। श्रीराम चरित भवन द्वारा प्रकाशित 'राम काव्य' पीयूष' की सह-संपादक हैं।

'कराग्रे वसते लक्ष्मी:, करमध्ये सरस्वती।'

आदि श्लोक हमें हमारी हथेलियों की संरचना का आध्यात्मिक ज्ञान ही नहीं बाँचते; वे समझाते हैं- जीवनयापन की विधि। 'कर' यानी हाथ के अगले हिस्से में लक्ष्मी का वास है अर्थात् सबसे आगे रहने की भावना से किए गए कर्मों से अर्थ वृद्धि का योग है। कर के मध्य में सरस्वती का वास है अर्थात् आगे की दौड़ में शामिल होने के स्थान पर सबके मध्य रहकर कर्म किया जाए तो सरस्वती की प्राप्ति निश्चित है। मुट्ठी बँधने के बाद जहाँ अन्य भिन्नाकार उँगलियाँ आकर समरूपता धारण कर मिलती हैं, अनूठी एकता का सुचित्र प्रस्तुत होता है, वहाँ विद्या, विवेक, विनय, विश्वास और उदारता प्रदान करने वाली माँ सरस्वती विद्यमान हैं। आशय यह है कि समग्र में अग्र स्वत: आ जाता है।

विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम् ।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम् ॥
अलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्य कुतो धनम् ।
अधनस्य कुतो मित्रम् अमित्रस्य कुतो सुखम् ॥

प्रस्तुत श्लोक समझाते हैं कि विद्या से विनय, विनय से योग्यता, उससे धन, धन से धर्म और धन से सुख की प्राप्ति होती है। तात्पर्य यह है कि विद्या का स्थान प्रथम व परम है, वही धन और सुख प्राप्त करने का साधन बनता है। अर्थात् देवी सरस्वती को देवी लक्ष्मी से उच्च स्थान दिया गया है। शैशवावस्था से अग्रज-पूर्वज हमें इसी लिए शीश झुकाकर विद्या-बुद्धि की देवी से प्रार्थना करना सिखाते हैं।

संभवत: यही संस्कार रहे कि श्रीराम वन को गए। प्रभु राम चाहते तो राजसिंहासन पर अपने सर्वसिद्ध अधिकार के लिए माता कैकेयी की आज्ञा का विरोध करते। कदाचित वनगमन की अवज्ञा कर सम्पन्न महलों में रहना सुगम रहता और इतने वृहद राज्य के स्वामी बन सुविधा से जीवनयापन करते। तथापि राजतिलक, राजवैभव, योग-समृद्धियों का क्षण में परित्याग कर उन्होंने विनय, विवेक व विशालहृदयता का परिचय दिया; मान, मर्यादा, मूल्यों का पालन करते हुए जगत कल्याण के अर्थ वन को प्रस्थान किया। तीनों माताओं के वात्सल्य को एक समान आँका और समग्रता से सभी का स्नेह लिया व आदर दिया। वन की आज्ञा देने वाली कैकेयी माँ के प्रति क्रोध, घृणा, तिरस्कार, अपमान या विरक्ति के भाव उन्हें छू तक न गए। पिता की मृत्यु से उपजी विह्वलता और स्वयं माँ कैकेयी की प्रार्थना भी उनकी वचनबद्धता व दृढ़ निश्चय को विचलित नहीं कर पाई। अडिग वे कर्त्तव्यपथ पर अग्रसर हुए। अनुशासन, अनुशीलन व अनुगुणन ही उनके आभूषण के प्रतिदर्श बने।

